रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

करें योग, दूर भगाएं रोग
योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 19 जून 2024, वर्ष-25, अंक-137, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संसेक्स
77,301.14 ↑ +308.37

डॉलर
83.349 ↓ -0.145

रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,030
01 किलो 95,600

## एक नजर

### क्रांति कुमार गड़िदेशी बने दुमका जोनल आईजी

**रांची।** राज्य सरकार ने चार आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे क्रांति कुमार गड़िदेशी को दुमका जोनल आईजी बनाया गया है। इस संबंध में मंगलवार को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसी प्रकार, दुमका जोनल आईजी के पद पर पदस्थापित अन्नेपू विजयालक्ष्मी को आईजी ट्रेनिंग बनाया गया है। जैप-1 के समादेष्टा के पद पर पदस्थापित अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर का एसपी और देवघर एसपी के पद पदस्थापित राकेश रंजन को जैप-1 का समादेष्टा बनाया गया है।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में राज्य की जनता को एक साथ कई तोहफे मिलने की उम्मीद है। बैठक में कृषि, ऊर्जा, महिला, बाल विकास सहित सड़क निर्माण की योजनाओं को मंजूरी मिलेगी। किसानों का दो लाख रुपये तक ऋण माफ हो सकता है। इसका प्रस्ताव तैयार हो रहा है। 125 यूनिट के बजाए 200 यूनिट तक का बिजली बिल माफ हो सकता है। साथ ही, महिलाओं को भी बड़ी सौगात मिलने जा रही है। एक निश्चित रकम उनके बैंक खाते में भेजने की योजना प्रारंभ की जाएगी।

## आज | कल




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

### पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की हुई समीक्षा

# रजरप्पा धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित होगा : सीएम

*रांची के पहाड़ी मंदिर, लुगुबुरु तथा मरांगबुरु का संपूर्ण विकास शुरू करने का निर्देश*

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रजरप्पा के छिन्मस्तिका मंदिर, राजधानी के पहाड़ी मंदिर और आदिवासियों के आस्था एवं विश्वास का धर्मस्थल लुगुबुरु तथा मरांगबुरु को एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में जल्द से जल्द विकसित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द डीपीआर तैयार कर कार्य योजना बताने को कहा है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मंगलवार झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में प्राकृतिक सौन्दर्यता बेमिसाल है।

शेष पेज 11 पर



बेहतर डीपीआर तैयार कर आगे का कार्य शुरू करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आदिवासी धर्मावलंबियों के आस्था एवं विश्वास का धर्मस्थल लुगुबुरु तथा मरांगबुरु को एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में जल्द से जल्द विकसित किया जाए। पर्यटन विभाग के पदाधिकारी जल्द से जल्द इस निमित्त एक बेहतर डीपीआर तैयार कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजधानी का पहाड़ी मंदिर आस्था और विश्वास का एक बड़ा धर्मस्थल है। इसका सम्पूर्ण विकास जरूरी है। राज्य सरकार द्वारा पहाड़ी मंदिर में रोप-वे बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था, इसके लिए फीजिबिलिटी वेरीफिकेशन भी हुई थी, पदाधिकारी फीजिबिलिटी रिपोर्ट जल्द मंगाकर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। पहाड़ी मंदिर के विकास के लिए जो भी रोड में तैयार किया गया है, उस पर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

### देश और दुनिया में झारखंड की अलग पहचान बने

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड भ्रमण पर जो भी पर्यटक आते हैं वे यहां से एक बेहतर अनुभव लेकर अपने घर वापस जाएं, ताकि पर्यटन के क्षेत्र में देश और दुनिया में झारखंड की अलग पहचान बन सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों को रामगढ़ जिला के रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर को एक बेहतरीन धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया, इसके लिए जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करने को कहा। साथ ही रजरप्पा में क्या नया किया जा सकता है उस पर भी पदाधिकारी कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया।

### हाई कोर्ट रांची के बड़ा तालाब की साफ-सफाई पर सख्त, पूछा

# करोड़ों रुपये खर्च के बाद भी ढंग से क्यों नहीं हुई सफाई

- रांची नगर निगम एवं राज्य सरकार से कहा, क्यों पानी से आ रही दुर्गंध
- एक्शन नहीं लिया गया, तो कड़ा आदेश पारित कर सकता है कोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम एवं राज्य सरकार से पूछा कि बड़ा तालाब एवं हरमू नदी की सफाई एवं सौंदर्यीकरण में कितने रुपये हुए खर्च हुए। कोर्ट ने मौखिक कहा कि जब बड़ा तालाब और हरमू नदी के सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर करोड़ों की राशि खर्च की गई, तो फिर इसकी सफाई ढंग से क्यों नहीं हुई? क्यों बड़ा तालाब का पानी सड़ गया और पानी से दुर्गंध आ रही है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर खराब असर पड़ रहा है। इस पर एक्शन नहीं लिया गया, तो कोर्ट कड़ा आदेश पारित कर सकता है।

मामले में झारखंड सिविल सोसाइटी और रोहित राय की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की गई है। झारखंड सिविल सोसाइटी के अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने कोर्ट को बताया कि रांची के बड़ा तालाब का पानी बदबूदार हो चुका है। नाली का पानी अब भी इसमें गिर रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर खराब असर पड़ रहा है। रोहित राय की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सर्कुलर रोड स्थित होटल अप्सरा के पीछे न्यू कॉलोनी में पिछले एक माह से पेयजल आपूर्ति होने वाले पानी के साथ नाले का गंदा पानी नल से लोगों के घर में आ रहा है। इससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। मामले की बुधवार को फिर सुनवाई होगी। सुनवाई रांची में जलस्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैमों की साफ-सफाई एवं उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर हुई है।

### नियम का सख्ती से हो पालन

### स्कूलों एवं मंदिरों के आसपास बार-रेस्टोरेंट चलाने की अनुमति न दी जाए : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलवार को स्कूल एवं मंदिर के आसपास बार एवं रेस्टोरेंट चलाए जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे जगहों पर बार एवं रेस्टोरेंट चलाने की अनुमति नहीं दी जाए। लाइसेंस के टर्म एवं कंडीशन के तहत रात 12 बजे के बाद किसी भी हालत में बार एवं रेस्टोरेंट खुला नहीं रखना चाहिए। मोरहाबादी स्थित रूइन हाउस (बार एवं रेस्टोरेंट) को सुबह चार बजे तक भी खुला देखा गया है। कोर्ट ने राजधानी रांची के मोरहाबादी में एक बार में देर रात तक खुले रहने एवं चुटिया स्थित एक्सट्रीम बार में गोली चलने से शेष पेज 11 पर




*रात 12 बजे के बाद किसी भी हालत में बार एवं रेस्टोरेंट खुला न रहें*

### नीट विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# 0.01 फीसदी भी खामी पाई गई, तो सख्ती से निपटेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर 0.01 फीसद भी किसी की खामी पाई गई, तो हम उससे सख्ती से निपटेंगे। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने कहा कि एनटीए छात्रों की शिकायतों को नजरअंदाज न करे। अगर परीक्षा में कोई गलती हुई है, तो उसे समय रहते सुधारा जाए। अगली



सुनवाई 8 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान जस्टिस एसवी भट्टी ने कहा कि अगर कोई अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी के बाद डॉक्टर बनता है, तो वह समाज के लिए काफी खतरनाक होगा। उन्होंने कहा कि कोर्ट उच्च प्रतियोगिता वाले दौर में अभ्यर्थियों की कठिन मेहनत पर संजीदा है।

शेष पेज 11 पर

# प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा फेंके जाने से नौडीहा बहेरा में तनाव

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के नौडीहा बहेरा में बकरीद के दूसरे दिन मनोज मिश्रा के गौशाला में मांस का टुकड़ा फेंका हुआ मिला। वहीं, दूसरी तरफ नौडीहा मस्जिद के निकट पुराने कुआं में गोवंशीय पशु के अपशिष्ट और हड्डियों को दो बोरी में देखा गया। प्रतिबंधित मांस मिलने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो, पिपराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, सीआरपीएफ के जवानों ने पहुंचकर स्थिति को संभाला। घटना स्थल पर पुलिस प्रशासन पहुंच कर गौशाला और कुएं से बरामद मांस और हड्डियों को जब्त कर सुरक्षित रखवाया। आक्रोशित



घटना की सूचना मिलते ही सीआरपीएफ के जवानों ने पहुंचकर स्थिति को संभाला।

ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी भी की और घटना में शामिल लोगों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। इसका लिखित आवेदन ग्रामीणों ने पिपराटांड़ थाना प्रभारी को दिया है। पिपराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि लिखित आवेदन ग्रामीणों द्वारा दिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है। पांकी थाना और पिपराटांड़ थाना की पुलिस ने मामले को सुलझाने एवं इलाके में शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है।घटनास्थल पर पहुंचकर विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल पांकी प्रखंड अध्यक्ष संस्कार सोनी, अखिलेश कुमार, निरंजन सिंह, चंदन सोनी, गौरव पाठक, अनमोल गुप्ता, डीके, संजीत, हिमांशु, प्रभात, विकास ने इस घटना की निंदा की और पुलिस प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की मांग की।

### पाकुड़ के गांव पर बंगाल के उपद्रवियों ने किया हमला

**पाकुड़।** झारखंड के पाकुड़ जिले के गोपीनाथपुर गांव में मंगलवार को पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के कृष्टोनगर गांव के सैकड़ों लोगों ने जमकर उपद्रव मचाया। उपद्रवियों ने फायरिंग और बमबारी भी की। पाकुड़ के सदर थाने की पुलिस ने उपद्रवियों पर काबू पाने के लिए हवाई फायरिंग की, लेकिन इसके बाद भी हमलावरों का उत्पात जारी रहा। उन्होंने एक मकान में आग लगा दी। कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है। झारखंड और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों की पुलिस उपद्रवियों को भगाने में जुटी है। पाकुड़ के एसपी प्रभात कुमार और एसडीएम प्रवीण केरकेट्टा भी मौके पर पहुंचे हैं। कई थानों की पुलिस बुलाई गई है। शेष पेज 11 पर

- एक जवान व कुछ लोगों के घायल होने की सूचना पुलिस ने पुष्टि नहीं की





**गंगा आरती :** वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन करते हुए पीएम मोदी।

# महिला एशियन हॉकी के आयोजन में हुई अनियमितता की जांच करेंगे संयुक्त सचिव

*अरुण कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी गठित की गई है*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन में अनियमितता की जांच पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के संयुक्त सचिव अरुण कुमार करेंगे। अरुण कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी गठित की गई है, जो आयोजन से जुड़ी फाइल और किए गए भुगतानों की समीक्षा करेगी। कमेटी को 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट देने निर्देश दिया गया है। चार सदस्यीय कमेटी में संयुक्त सचिव अरुण कुमार के अलावा विभाग के उपसचिव विमलानंद मिश्रा, अवर सचिव राजेश कुमार व प्रशाखा पदाधिकारी तसनीम जेया शामिल हैं। राजधानी रांची में बीते साल 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हुआ था। इस चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन में विभिन्न मदों में अनियमितता बरते जाने का मामला सामने आया। ई-रिक्शा में डीजल भराने व डीजल पर जीएसटी वसूलने, टेंडर में पक्षपात, डिनर के एवज में ज्यादा भुगतान किए जाने समेत कई मामलों की खबरें प्रकाशित हुईं, जिसके बाद खेल मंत्री हफीजुल अंसारी ने जांच का आदेश दिया है।

## इंडिया



सुनील बादल

*ऑपरेशन में बायीं ओर पांच छोटे छोटे छेद किए गए थे, न दर्द हुआ न मैंने कोई दवा ऑपरेशन के बाद खाई। एक महीने के बाद धीरे धीरे घंटे दो घंटे काम करने लगा। वैसे लेखनी किसी दिन नहीं रुकी। सचमुच डॉ गगन की टीम का ऋणी हो गया।*

# किडनी की दर्दरहित आधुनिक रोबोटिक सर्जरी में ही है भविष्य

मुसीबतों का पहाड़ जब टूट पड़े और पता चले कि सबसे आधुनिक और सुरक्षित ऑपरेशन मशीनी मानव यानी रोबोट करेगा तो जो मनःस्थिति हो सकती है वही मेरी थी जब रांची के पारस अस्पताल में हाथ पैर में सूजन और यूरिन इंफेक्शन की जांच में मेरी बायीं किडनी में ट्यूमर को खतरनाक बताकर डॉक्टर ने अधिकतम 15 दिनों में ऑपरेशन कराने को कहा। आनन फानन में किए शोध से पता चला कि मेदांता गुरुग्राम के डॉ गगन गौतम प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं और रोबोटिक सर्जरी का प्रशिक्षण अमेरिका से लिया है। परेशान और घबराए परिजन इसी तरह के एक मामले में एक परिचित मैनेजर साहब के बहुत जल्द पूर्णतः स्वस्थ होने के अनुभव से कुछ आश्वस्त हुए। मेदांता में संयोग से तीन दिन बाद डॉ गौतम का अपॉइंटमेंट मिला जिनसे मिलने के बाद सारा तनाव समाप्त हो गया जो कई दिनों से सभी को था कि पता नहीं यह दिल्ली की अंतिम यात्रा हो । अद्भुत और चमत्कारिक व्यक्तित्व है इनका अत्यंत विनम्र और ऊर्जावान मुझे आश्वासन दिया कि आप बिल्कुल स्वस्थ हो जाएंगे और उनकी टीम के के डॉ गगन तलवार,डॉ अंशुमान सिंह ने कंप्यूटर पर पूरी प्रक्रिया समझायी । झारखंड कैडर के प्रसिद्ध आइएएस आराधना पटनायक,केके सोन और निधि खरे जी ने तत्परता से मदद का रास्ता आसान करा दिया जिससे अस्पताल में विशेष ध्यान रखा गया । ऑपरेशन के दूसरे दिन मैंने डिनर किया और टहला भी तीसरे दिन डिस्चार्ज कर दिया गया । ऑपरेशन में बायीं ओर पांच छोटे छोटे छेद किए गए थे न दर्द हुआ न मैंने कोई दवा ऑपरेशन के बाद खाई । एक महीने के बाद धीरे धीरे घंटे दो घंटे काम करने लगा । वैसे लेखनी किसी दिन नहीं रुकी । सचमुच डॉ गगन की टीम का ऋणी हो गया । तकनीकी जानकारी ऐसी है किडनी के अधिकांश ट्यूमर, द्रव्यमान या जटिल सिस्ट का इलाज आंशिक नेफरेक्टोमी नामक प्रक्रिया से किया जा सकता है। यह किडनी के कैंसर वाले हिस्से को शल्य चिकित्सा द्वारा हटाने की प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में, ट्यूमर के साथ सामान्य किडनी का बहुत कम हिस्सा निकाला जाता है। स्वस्थ किडनी ऊतक के अधिकांश हिस्से को बचा लिया जाता है और शल्य चिकित्सा द्वारा मरम्मत की जाती है ताकि रक्त और मूत्र सामान्य रूप से प्रवाहित हो सके। इसे कभी-कभी 'नेफ्रॉन-स्पेयरिंग' या 'किडनी-स्पेयरिंग' सर्जरी कहा जाता है।



रोबोट की सहायता से आंशिक नेफरेक्टोमी में किडनी को निकालने और पुनर्निर्माण का काम कई कीहोल आकार के चीरों के माध्यम से किया जा सकता है, जबकि पेट के किनारे कई इंच के एक खुले चीरे के विपरीत। खुली सर्जरी के साथ बड़ा चीरा आमतौर पर दर्दनाक होता है और इसमें पसली को आंशिक रूप से हटाने की आवश्यकता हो सकती है। हालाँकि लेप्रोस्कोपिक आंशिक नेफरेक्टोमी को छोटे चीरों का उपयोग करके भी किया जा सकता है, लेकिन यह तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए इन प्रक्रियाओं को अक्सर कुल नेफरेक्टोमी में बदल दिया जाता है।

रोबोटिक प्रक्रिया के दौरान, एक टेम्पल यूरोलॉजिस्ट कैंसरग्रस्त क्षेत्र को काटने से पहले प्रभावित किडनी में रक्त के प्रवाह को अस्थायी रूप से रोक सकता है। किडनी का बड़ा दृश्य और सर्जिकल उपकरणों की आदर्श स्थिति सर्जन को किडनी ट्यूमर को हटाने, रक्तस्राव को रोकने और फिर पीछे छोड़ी गई कार्यशील किडनी की नाजुक वाहिकाओं और ऊतकों की मरम्मत करते समय बहुत सटीकता और नियंत्रण के साथ काम करने की अनुमति देती है।ट्यूमर को शरीर से निकाल दिया जाता है (एक छोटे प्लास्टिक बैग में रखने के बाद) कीहोल चीरों में से एक के माध्यम से। कुछ मामलों में, नेफरेक्टोमी या आंशिक नेफरेक्टोमी के हिस्से के रूप में आस-पास के लिम्फ नोड्स को भी हटा दिया जाएगा और उनकी जांच (लिम्फ नोड विच्छेदन) की जाएगी। पुनर्निर्मित किडनी दो मुख्य लाभ प्रदान करती हैः यह दीर्घकालिक किडनी विफलता के जोखिम को कम कर सकती है और यदि दूसरी किडनी क्षतिग्रस्त हो जाती है तो यह रिजर्व के रूप में कार्य करती है। जितना संभव हो सके उतना स्वस्थ किडनी ऊतक रखने से आपको आने वाले वर्षों में डायलिसिस की आवश्यकता से बचने में मदद मिल सकती है, खासकर यदि आपको पहले से ही उच्च रक्तचाप और मधुमेह है।कई अध्ययनों से पता चलता है कि आंशिक नेफरेक्टोमी वाले रोगियों में कैंसर से बचने की दर, कट्टरपंथी नेफरेक्टोमी वाले रोगियों के बराबर होती है।ऑपरेशन और जांच की दर लगभग वही है जो झारखंड के बड़े अस्पतालों है पर पारदर्शिता, सेवा, विशेषज्ञता और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस मेदांता गुरुग्राम एक विश्वस्तरीय अस्पताल है जहां विदेशी और वीआइपी भी अपना इलाज कराते हैं।

## एक नजर

### माहेश्वरी महिला समिति रांची का प्री मोनसून मेला कम एग्जीबिशन 27 जून से

**रांची।** माहेश्वरी महिला समिति रांची के द्वारा प्री मोनसून मेला कम एग्जीबिशन 2024 का आयोजन 27-28-29 जून को गणेश नारायण साबू चौक सेवा सदन पथ पर स्थित माहेश्वरी भवन होने जा रहा। मेला का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाना और उन्हें एक मंच प्रदान करना। सयोंजीका निवर्त्तमान अध्यक्ष विजयश्री साबू, विनीता बियानी, ममता डागा, रश्मि मालपानी, रंजू मालपानी का मानना है यह एग्जिभीशन स्वरोजगार के लिए आगे आने को प्रोत्साहित करना भी है। अध्यक्ष भारती चितलांगिया, सचिव बिमला फलोर, उपाध्यक्ष अनीता साबू ने बताया मेला लगाने का मकसद यही है छोटे उद्यमि जो घर बैठे कम पूंजी में काम करते हैं उन्हें अपनी पहचान बनाने के लिए एक प्लेटफार्म मिले।

### जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का दंश झेल रहे पहाड़ कंडरिया गांव के लोग

# भुरकुंडा में सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने उठाया बीड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के पहाड़ कंडरिया गांव में खेती के क्षेत्र में अग्रणी परन्तु पक्की सड़क के अभाव उपेक्षा का दंश झेल रहा भुरकुंडा जंगल एवं तालाब क्षेत्र में लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण का बीड़ा ग्रामीणों ने खुद उठाया। जनप्रतिनिधियों खासकर विधायक एवं सांसद की उपेक्षा का दंश झेल रहा पहाड़ कंडरिया गांव का जीवन-रेखा भुरकुंडा सड़क के निर्माण का पहल गांव के समाजसेवी तरुण सिंह एवं कुमोद कुमार वर्मा के पहल पर दर्जनों ग्रामीणों ने अपने श्रमदान से भुरकुंडा तालाब के रास्ते का मरम्मत किया। इस दौरान पुलिया के पास ग्रामीणों ने तीन कलवर्ट का व्यवस्था कर सड़क का मरम्मत किया। तरुण सिंह ने बताया कि यह रास्ता पहाड़कंडरिया के सबसे अधिक खेती बारी वाले इलाके के रुप में भुरकुंडा की पहचान बनी है। इसे सबसे मुख्य सड़क के रूप में प्रसिद्धि मिली है। यह रास्ता सबसे अधिक उपयोगी है लेकिन काफी दिनों से कच्ची सड़क के रूप में जर्जर सी पड़ी हुई थी ।कुमोद कुमार वर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों को बहुत बार आवेदन दिया गया। लेकिन आवेदन को खासकर ग्रामीण के मांगों पर न विधायक और न सांसद या कोई भी जनप्रतिनिधि का ध्यान इस ओर नहीं हुआ। अन्ततः ग्रामीणों ने मिलकर फैसला किया और इसको श्रमदान से बनाने का निर्णय लिया । बरसात के दिनों में गांव में इसी रास्ते से खाद-बीज खेती के लिए ले जाना पड़ता है रास्ता खराब होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस रास्ते की मरम्मत में सबसे बड़ा योगदान तरुण सिंह का रहा जिन्होंने अपने ट्रैक्टर से कलवर्ट पत्थर खराब रास्ता तक पहुंचाने का काम किया और इसमें भाग लेने वाले में कुमोद कुमार वर्मा ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया।

### एनके एरिया में चोरी की पुष्टि व आकलन के लिए कमेटी का गठन

## जिम्मेवारी तय हुई तो होगी कार्रवाई : महाप्रबंधक

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** सीसीएल एनके एरिया के आरआर शाप में चोरी की बात चर्चा में आने के बाद से मंगलवार को एनके प्रबंधन व एरिया में तैनात सीआईएसएफ हलकान रहा। आरआर शाप के परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार ने चोरी होने की आशंका जताई है। परंतु क्या चोरी हुआ, कितना चोरी हुआ यह नहीं बता पा रहे हैं। इधर एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने अपने कार्यालय में इसे लेकर बैठक की। बैठक के बाद पूरे मामले की जांच के लिए एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया गया। कमेटी सात दिनों के अंदर जांच कर निष्कर्ष निकालेगी कि चोरी की घटना हुई अथवा नहीं। चोरी हुई तो किन किन सामानों की चोरी हुई और चोरी गए सामान की कीमत कितनी है। कमेटी को दिए निर्देश में कहा गया है कि चोरी की पुष्टि होती है तो इसकी जिम्मेवारी तय की जाय। जीएम ने कहा है कि घटना के लिए जो भी जवाबदेह होंगे उसपर कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि एनके एरिया आरआर शाप से स्क्रैप उठाव के लिए ई-आक्शन किया गया था।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने मृतक के परिवार को दी राशन सामग्री



**खूंटी।** कर्रा प्रखंड की लिमड़ा पंचायत के चिद्दी गांव निवासी जयराम हेमरोम का सोमवार को पेड़ में दबकर मौत हो जाने की खबर मिलने पर मंगलवार को झामुमो नेताओं ने उनके घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और राशन मुहैया कराते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। झामुमो कार्यकर्ताओं को मृतक जयराम हेमरोम के परिजनों ने बताया कि जयराम हेमरोम घर में कमाने वाले एकलौता व्यक्ति थे। जयराम की मृत्यु से परिवार में घोर संकट आ गया है। उन पर दुःखों का पहाड़ टूट गया। झामुमो नेता विनोद उरांव, युवा नेता राहुल केशरी, बाका लकड़ा, सरती आइंद ने परिजनों से मुलकात की।

## न्यूज बॉक्स

### जन समस्याओं से अवगत हुए डॉ परमेश्वर भगत



**मांडर।** मंगलवार को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने मांडर प्रखंड के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों के समस्याओं को लेकर अद्वितीय पहल की। उन्होंने गांव की जनता से सीधे मिलकर उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने गांव में परिवारों के शिक्षा, स्वास्थ्य और जल संकट को लेकर गहराई से जानकारी हासिल की। बैठक में ग्रामीणों ने श्री भगत को विभिन्न तरह की समस्याओं से अवगत कराया जिसमें पेयजल, ट्रांसफर्मर एवं विशेष कर अबुवा आवास योजना में बिचौलियों का दबदबा होना। डॉ परमेश्वर भगत ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया की उक्त सभी समस्याओं के लिए विभाग के पदाधिकारी से विचार विमर्श करते हुए जल्द ठोस पहल किया जाएगा।

### 627वें कबीर प्रकट दिवस समागम में शामिल होंगे खलारी के शिष्य, कुरुक्षेत्र हुए रवाना



**खलारी।** खलारी से संत रामपाल जी महाराज के शिष्यों का एक दल 627वें कबीर प्रकट दिवस समागम में शामिल होने कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुआ। शिष्यों का यह दल सोमवार रात खलारी रेलवे स्टेशन से जम्मुतवी एक्सप्रेस से रवाना हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिष्य वीरेन्द्र लोहार ने बताया कि शिष्यों का दल सतलोक आश्रम कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में 20, 21 और 22 जून को आयोजित 627वां कबीर प्रकट दिवस समागम में शामिल होगा। बताया कि इस अद्भुत समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शामिल होंगे। वहीं आध्यात्मिक जागरूकता के साथ समाज हित में निःशुल्क रक्तदान, देहदान संकल्प तथा दहेज मुक्त विवाह जैसे अद्वितीय कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने एक व्यक्ति को अवैध बियर के साथ किया गिरफ्तार

**मुरी।** रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने सोमवार के दिन सतर्क ऑपरेशन के तहत एक व्यक्ति को 48 बोतल अवैध बियर के साथ गिरफ्तार किया। बताते चले की अमृत कुमार उम्र 21 वर्ष, पिता पप्पू पासवान ग्राम सलारपुर दनियामा पटना निवासी दिन के करीब 3:30 बजे पीठ पर एक बैग टांगें और हाथ में थैला लिए हुए स्टेशन परिसर में प्रवेश किया और काफी जल्दबाजी में ट्रेन संख्या 12366 रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होने का कोशिश किया। उसी समय रेलवे सुरक्षा बल मुरी के टीम की नजर उस व्यक्ति पर पड़ी। पुलिस द्वारा शक के आधार पर उसकी बैग और झोला को चेक किया गया तो उसमें अवैध बीयर मिला।

## नयाधौड़ा में जर्जर सड़क से परेशानी खलारी बीडीओ से की निर्माण की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** प्रखंड के बुकबुका पंचायत अंतर्गत नयाधौड़ा में ग्रामीणों ने एक बैठक किया। अध्यक्षता अंबिका राम ने की। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि नयाधौड़ा में असलम स्टोर से लेकर बाबा काम्पलेक्स तक की सड़क पिछले कई वर्षों से जर्जर स्थिति में है। इस संबंध में खलारी बीडीओ को एक ज्ञापन देकर नयाधौड़ा में पक्की सड़क बनाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा कि जर्जर सड़क में आवागमन में परेशानी होती है। सड़क पर पसरा धूलकण प्रदुषण फैला रहा है। जिससे स्वास्थ्य की समस्याएं भी उत्पन्न हो रही है। लोगो ने कहा कि आने वाले मानसून में सड़क के बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरेगा जिससे स्थानीय लोगो की परेशानी और बढ़ेगी। कई बार स्थानीय मुखिया को भी इस परेशानी से अवगत कराया गया है, लेकिन वे भी उदासीन बने हुए है। बैठक का संचालन अनुराधा देव व रेहान अंसारी ने किया।

### शिक्षाविद प्रधानाध्यापक स्व. रामकृष्ण मेहता की 80वां जयंती मनाई गई

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सलैया मोड़ स्थित यशोदा रामकृष्ण बीएड कॉलेज परिसर में शिक्षाविद प्रधानाध्यापक स्व रामकृष्ण मेहता की 80वां जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बासुदेव चंद्र यादव एवं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक हरीहर चौधरी ने पुष्प अर्पित कर व दीप जलाकर किया. बासुदेव चंद्र यादव ने स्व रामकृष्ण मेहता की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील किया. अरुण मेहता ने कहा कि मैं अपने पिता के अधूरे कार्य को पूरा करने का प्रयास करुंगा. कहा कि अगले वर्ष 2025 से यशोदा रामकृष्ण बीएड कॉलेज का शैक्षणिक सत्र शुरू हो जायेगा. जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा देने का काम करुंगा.

## स्थानीय विधायक की पहल पर पानी की किल्लत को किया गया दूर



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत छोटामुरी बाजार में पानी की किल्लत से लोग काफी परेशान हो गए। एक तरफ काफी भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं वहीं दूसरी तरफ पानी की किल्लत और बिजली की आंख मिचौली से लोग काफी परेशानी में हैं। पानी की किल्लत की सूचना झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो को मिलते ही उन्होंने त्वरित समस्या का समाधान हेतु प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, छोटामुरी पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो और विकास महतो को जल्द से जल्द पानी की समस्या को दूर करने का निर्देश दिया। उनके निदेर्शानुसार शीघ्र ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा पानी टैंकर की व्यवस्था कर ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात दिलाया। पानी उपलब्ध होते ही ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान आई एवं पानी लेने के लिए काफी संख्या में भीड़ लग गई और काफी खुश नजर आए। लोगों ने स्थानीय विधायक की पहल को लेकर भूरी भूरी प्रशंसा की।

### बिजली के लचर व्यवस्था को लेकर जेबीकेएसएस ने सब स्टेशन के सामने किया धरना प्रदर्शन

**सिल्ली।** जेवीकेएसएस ने देवेंद्र महतो के नेतृत्व में सिल्ली सव स्टेशन में एक दिवसीय बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सिल्ली मुरी एवं आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठीक से नहीं देना एवं 20 घंटा बिजली सप्लाई सुचारू रूप से सुनिश्चित करना आदि मांगों को लेकर देवेन्द्र महतो ने एक ज्ञापन बिजली विभाग के एसडीओ को सौंपा। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि दो दिन के अंदर सिल्ली क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सही ढंग से नहीं किया गया तो हमलोग उग्र आन्दोलन करने के लिए बाध्य हो जायेंगे। मौके पर मोबाइल फोन के द्वारा बिजली विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से भी समस्या को लेकर वातार्लाप किया। उन्होंने भी समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने की बातें कहीं।



## रांची सदर अस्पताल में एंडोमेट्रियल कैंसर की सफल सर्जरी

**रांची।** सदर अस्पताल में कैंसर की सफल सर्जरी की गई। सिल्ली की रहने वाली 47 वर्षीया महिला पेशाब के रास्ते से खून आने की शिकायत लेकर महिला विभाग के ओपीडी में दिखाने आई थी। सीटी स्कैन और बायोप्सी करने पर एंडोमेट्रियल कैंसर होने का पता चला, जिसके बाद 14 जून को उसका ऑपरेशन सदर अस्पताल में किया गया। कैंसर सर्जन डॉ प्रकाश भगत ने पेट में चीरा लगाकर गर्भाशय, अंडकोष और लिम्फ नोड्स को बाहर निकाला।

### नगर निगम से घोषित ऑटो स्टैंड पर ही ऑटो चालकों से चुंगी वसूली जायज, बोले नगर निगम प्रशासक

# नियम तोड़ने वालों पर की जाएगी कड़ी करवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



ऑटो से कहीं जाने के क्रम में अक्सर देखा जाता है कि अचानक कुछ लड़के ऑटो के सामने आ जाते हैं और इस स्थान का टेंडर लिया गया है कह के ऑटो वालों से पैसे लेते हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल ने जब प्रमुखता से इस बात को रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार के सामने रखा, तो उन्होंने कहा कि ऑटो चालकों से अवैध पैसा वसूली करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के मार्केट विभाग ने बताया कि अरगोड़ा चौक, सेंट जेवियर के सामने और रातू न्यू मार्केट को ऑटो स्टैंड घोषित किया गया है। अतः इसी स्थान से ऑटो वालों से चुंगी ली जा सकती है। अन्य किसी भी स्थान पर अगर पैसा लिया जा रहा है, तो यह गैर कानूनी है।

### कई जगहों पर हो रही अवैध वसूली : दिनेश सोनी

**रांची। झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि शासन प्रशासन कुछ भी कहे, लेकिन असल बात यह है कि ऑटो स्टैंड के अलावे रांची रेलवे स्टेशन में 45 रुपये, किशोरी यादव चौक में 25 रुपये, आईटीआई बस स्टैंड में 25 रुपये, हटिया स्टेशन में दिनभर का 100 रुपये या एक ट्रिप का 50 रुपये अवैध तरीके से वसूली की जा रही है। इसके पीछे कौन है, यह किसी को नहीं मालूम है।**

### जगन्नाथपुर मेला 7 को, प्रशासन ने की बैठक

## भव्य मेले के आयोजन की सारी व्यवस्था की जाएगी : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को जगन्नाथपुर रथ मेले के आयोजन को लेकर समाहरणालय में बैठक आयोजित की गयी। इस साल सात से 17 जुलाई तक ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेले का आयोजन होना है। जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के प्रतिनिधियों के साथ मेले के बेहतर आयोजन के प्रस्ताव पर उपायुक्त ने कई निर्देश दिए। उपायुक्त ने मेले से संबंधित निविदा की सूचना जारी करने को लेकर भी निर्देश दिए। मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के तहत सीसीटीवी लगाने, मंदिर के आसपास लाइट की व्यवस्था, रथ एवं मंदिर में दो-दो पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए। डीसी ने कहा कि जगन्नाथपुर रथ मेले के आयोजन को लेकर जिला



प्रशासन जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के साथ हमेशा खड़ा रहा है। मेले का आयोजन भव्य तरीके से संपन्न हो, इसकी सारी व्यवस्था की जाएगी। बैठक में जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के प्रभारी अध्यक्ष रणेंद्र कुमार, सचिव मिथलेश कुमार, उपाध्यक्ष अशोक नारसरिया, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, प्रथम सेवक ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव, सदस्य सुहास तेतरे, डीएसपी हटिया प्रमोद कुमार मिश्रा, आवासीय दंडाधिकारी हटिया स्मृति कुमारी और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नशे के कारोबार पर रांची पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# नामकुम में एक करोड़ का डोडा जब्त

*खूंटी से राजस्थान भेजा जा रहा था*

*भाग निकले नशे के तस्कर*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के आसपास वन्य क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों से अफीम की खेती में तेजी आ गई है। इसका एक बड़ा बाजार राजस्थान है। अक्सर रांची और इसके आसपास के क्षेत्रों से ट्रकों में लाद कर बड़े पैमाने पर डोडा राजस्थान ले जाया जाता है। पिछले कुछ माह से रांची पुलिस नशे के खिलाफ जोरदार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में रांची के नामकुम इलाके से पुलिस की टीम ने मंगलवार के अहले सुबह एक ट्रक डोडा (अफीम) पकड़ा। बरामद डोडा की कीमत





लगभग एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। मंगलवार को नशे के तस्कर अहले सुबह डोडा लदे ट्रक को खूंटी से निकालने की जुगत में लगे थे। इसके लिए वे सुबह के चार से पांच के बीच डोडा को बाहर निकालने की कोशिश में थे, लेकिन तस्करों की ये चाल को रांची पुलिस ने बेकार कर दिया है।

रांची एसएसपी चंदन सिन्हा को सूचना मिली थी कि खूंटी से रांची होकर डोडा की एक बड़ी खेप निकलने वाली है। जानकारी मिलने के बाद खूंटी से सटे सभी थानों को अलर्ट कर दिया गया। पूरी रात एक भी डोडा लदा ट्रक कहीं से नहीं गुजरा। लेकिन, जैसे ही सुबह के चार बजे नामकुम से सटे रिंग रोड पर एक ट्रक दिखाई दिया। पुलिस तुरंत अलर्ट हो गई। इसी बीच, ट्रक पर सवार तस्करों ने पुलिस का वाहन देख लिया। इसके बाद उन्होंने ट्रक को रोक उसे वहीं छोड़ जंगल की तरफ भाग खड़े हुए। पुलिस ने तस्करों का पीछा भी किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वे फरार हो गए।

नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि बरामद डोडा की गिनती की जा रही है। बोरे की गिनती के बाद उसे तौला जाता है, उसके बाद ही कितना डोडा बरामद हुआ है, इसकी जानकारी मिल पाएगी। पूरे ट्रक में डोडा ही भरा हुआ है। अफीम डोडा की सबसे ज्यादा डिमांड राजस्थान में है। यह पांचवां मौका है, जब करोड़ों का डोडा राजस्थान पहुंचने से पहले रांची में पकड़ा गया। लोकसभा चुनाव के दौरान जो भी डोडा पकड़े गए, वह सभी राजस्थान भेजे जा रहे थे। जानकारी के अनुसार राजस्थान में डोडा से उसका पाउडर बनाकर बड़े पैमाने पर उसकी स्मगलिंग की जाती है।

## सही समय पर ऑपरेशन से स्ट्रोक से बचाया जा सकता है : डॉ राजकुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार एआइआइएमएस पटना में स्ट्रोक मैनेजमेंट पर आयोजित एक कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। राष्ट्रीय स्तर पर न्यूरो साइंस के योगदान पर उन्होंने अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि 60 साल की उम्र के बाद स्ट्रोक मौत का एक मुख्य कारण है। आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में प्रति 40 सेकंड एक व्यक्ति स्ट्रोक से पीड़ित होता है। भारत में भी बदलती जीवनशैली, उच्च रक्तचाप, डाइबिटीज, तनाव, मोटापा, धूम्रपान, गतिहीन जीवनशैली की वजह से स्ट्रोक के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। स्ट्रोक के दो प्रकार के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा, पहला इस्केमिक स्ट्रोक जो धमनी में रुकावट के कारण होती है। इसमें रक्त का प्रवाह दिमाग



के किसी हिस्से में कम जाता है, जिसकी वजह से दिमाग का वह हिस्सा सूखने लगता है और वहां सूजन हो जाता है। इसकी वजह से दिमाग पर दबाव बढ़ जाता है और स्ट्रोक की वजह से व्यक्ति की मौत हो जाती है। आधुनिक समय में घातक इस्किमिया स्ट्रोक का समय से ऑपरेशन कर के मृत्यु दर को 80 प्रतिशत से घटाकर 28 प्रतिशत किया जा सकता है। यदि ऑपरेशन 24 घंटे के अंदर में किया जाए, तो मरीज की जान बचाई जा सकती है। ऐसा ही दूसरे प्रकार के स्ट्रोक हेमोरेजिक स्ट्रोक में भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जो ब्रेन हेमरेज तनाव की वजह से होते हैं, उनमें ऑपरेशन का रोल अभी चर्चा का विषय है।

## टीएसपीसी के एरिया कमांडर दस्ते के दो नक्सली गिरफ्तार

**ननवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी की बुढ़मू थाना पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तृति कमेटी (टीएसपीसी) के एरिया कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप दस्ते के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में बादल गंझू और प्रिंस जयसवाल शामिल हैं। इनके पास से एक देशी पिस्तौल, दो गोली, एक मोबाइल और एक राउटर बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली कि टीएसपीसी संगठन के एरिया कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप दस्ते के सक्रिय सदस्य बादल गंझू सहित दो नक्सली बुढ़मू थानांतर्गत उमेडंडा गांव के शिव मंदिर के पास आए हुए हैं तथा लेवी के लिए कुछ लोगों को शिव मंदिर के पास बुला रहे हैं। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम जैसे ही उस स्थान पर पहुंची दोनों नक्सली मंदिर से उत्तर भागने लगे।

## श्री श्याम मंदिर में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 106वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ हुआ। ज्ञात हो कि श्री श्याम मित्र मंडल यहां प्रत्येक मंगलवार को श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन करता है। राजेश जयसवाल अपनी धर्मपत्नी रेशम जायसवाल और परिवार के संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा, केसरिया पेड़ा सेवा श्रीमती पुष्पा देवी पोद्दार, फल प्रसाद सेवा राजेश जयसवाल एवं गिरिगोला सेवा मुकेश मित्तल ने निवेदित की। राजेश जायसवाल ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकों का चंदन-वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ सुरताल से श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई। सभी भक्तजनों में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, स्नेह पोद्दार आदि उपस्थित थे।



### श्री श्याम भंडारा 22 को

22 जून (शनिवार) को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 117वां श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### विशेष मध्यस्थता अभियान 24 से 28 जून तक

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति सह कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा न्यायायुक्त सह अध्यक्ष डालसा, रांची, दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में विशेष मध्यस्थता अभियान आगामी 24 से 28 जून तक व्यवहार न्यायालय, रांची में आयोजित होगा। इस मध्यस्थता अभियान में व्यवहार न्यायालय, रांची के मध्यस्थों के द्वारा तलाक संबंधी मामले, वैवाहिक पुनर्स्थापना के मामले, दत्तक ग्रहण के मामले, भरण-पोषण के मामले, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, भादवि की धारा-498ए के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं द्वारा किया जाएगा। उक्त तिथि को वादकारी उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। वादकारी 28 जून तक मध्यस्थता केंद्र, रांची में आकर मध्यस्थता के माध्यम से वादों को सुलझा सकते है।

# जेपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 22 से 24 जून तक

### सात हजार अभ्यर्थियों के लिए रांची में बनाए गए हैं 15 परीक्षा केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से 22 जून से 11वीं, 12वीं तथा 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा 24 जून तक दो पालियों में होगी।

आयोग ने लगभग सात हजार अभ्यर्थियों के लिए रांची जिले में 15 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। कुल 342 पदों पर नियुक्ति के लिए 22 जून को प्रथम पाली में प्रथम पत्र व द्वितीय पाली में द्वितीय पत्र, 23 जून को प्रथम पाली में तृतीय पत्र व द्वितीय पाली में चतुर्थ पत्र, 24 जून को प्रथम पाली में पांचवें पत्र तथा द्वितीय पाली में छठे पत्र की परीक्षा लेगा। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दिन के एक बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। प्रत्येक पाली की परीक्षा तीन घंटे की होगी।





अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से एडमिट कार्ड के साथ उपस्थिति पत्रक भी डाउनलोड करेंगे। मुख्य परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में भाषा एवं साहित्य विषय के लिए चयनित विषय के आधार पर ही प्रवेश पत्र निर्गत किए गए हैं। इसके आधार पर ही मुख्य परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। अभ्यर्थी पंजीयन संख्या एवं जन्म तिथि डाल कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी की सुविधा के लिए आयोग ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं होने पर अभ्यर्थी 21 जून तक आयोग के पूछताछ काउंटर पर अपना नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि एवं पंजीयन संख्या के साथ आवेदन देकर एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

आयोग के निर्देश के आलोक में अभ्यर्थी को प्रत्येक पाली के लिए एक ही उत्तर पुस्तिका दी जाएगी। उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिए गए ओएमआर पर आवश्यक जानकारियां लिखेंगे। अभ्यर्थी को सभी पत्र की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर मुख्य परीक्षा की मेधा सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले पहुंचना होगा। परीक्षा आरंभ होने के 15 मिनट के बाद प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। नकल करने, बाधा पहुंचाने, उत्तरपुस्तिका फाड़ने या लेकर भागने पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

# विधायक समरी लाल ने 10 कृषि सखियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया

*पीएम किसान की 17वीं किस्त के तहत 20 हजार करोड़ रुपये ऑनलाइन हस्तांतरित हुए*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के कृषि विज्ञान केंद्र, रामकृष्ण आश्रम सभागार में मंगलवार को प्रधानमंत्री किसान की सत्रहवीं किस्त के तहत नौ करोड़ 26 लाख लाभार्थी किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये का ऑनलाइन हस्तांतरण और कृषि पैरा विस्तार कार्यकर्ता के रूप में कृषि सखियों को सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम में आम लोगों के अलावा कृषि संबंधित विशेषज्ञ भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को वाराणसी से ऑनलाइन लाइव देखा। इस अवसर पर कांके





विधानसभा क्षेत्र के विधायक समरी लाल, आईसीएआर अटारी पटना के निदेशक डॉ अंजनी कुमार , रामकृष्ण आश्रम रांची के सचिव स्वामी भावेशानंद, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के कार्यक्रम प्रबंधक संजय भगत भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री के वाराणसी से ऑनलाइन संबोधन में दी गई जानकारियों को उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना। उनके संबोधन के बाद कृषि विज्ञान केंद्र, रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची में मुख्य अतिथि समरी लाल ने 10 कृषि सखियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया, जबकि अन्य 228 जिन्होंने इसी केंद्र से प्रशिक्षण लिया है, उन्हें बाद में सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

## मादक पदार्थों की रोकथाम को सभी की सहभागिता आवश्यक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मादक पदार्थों की रोकथाम करने और युवाओं के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मंगलवार को उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए जागरूकता लाने में सभी की सहभागिता अति आवश्यक है। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चला कर युवाओं को नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कराना है। इसके लिए मानव श्रृंखला, साइकिल रैली, चौपाल, नुक्कड़ नाटक तथा मैराथन के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति को लेकर बड़े पैमाने पर जागरूक किया जाएगा।



बैठक में उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं गैर सरकारी संस्था के सदस्यों से कहा कि विद्यालयों में 11वीं एवं 12वीं के बच्चों को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। इसके लिए दिनांक 19 जून से 26 जून तक संपूर्ण रांची जिला अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें 19 जून 2024 को जगन्नाथपुर, पहाड़ी मंदिर, मधुकुम, लोहरा कोच्चा, मेन रोड के अंदर बस्तियों में जा कर साईकिल रैली, पम्पलेट, प्रचार के माध्यम से नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### मारवाड़ी युवा मंच का रक्तदान शिविर आज

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा बुधवार (19 जून) को रक्तदान शिविर लगाएगा। इसका आयोजन हरमू रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट के बगल में मंगलमूर्ति हाइट्स में दिन में 11:00 से 03:00 बजे तक होगा। यह जानकारी मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल और प्रवीण अग्रवाल ने दी।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में निर्जला एकादशी पर वृहद अनुष्ठान हुए

**रांची ।** ज्येष्ठ शुक्लपक्ष की निर्जला एकादशी व्रत को ले श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में मंगलवार को वृहद अनुष्ठान हुए। ब्रह्ममुहूर्त में सब प्रकार के अनुग्रह-निग्रह करने वाले श्रीहरि वेंकटेश्वर का विश्वरूप दर्शन हुआ। फिर मधुर स्वर में सुप्रभातम, मंगलाशासनम, करावलंबम स्तोत्र, वेंकटेश प्रपत्ति आदि सुनाया गया। इसके बाद भगवान श्रीवेंकटेश के चारों विग्रह - मूलमूर्ति, उत्सवमूर्ति, भोगमूर्ति और श्रीपति - के साथ, श्रीश्रीदेवी, श्रीभूमिदेवी, चक्रराज सुदर्शन एवं शठारात्रि (शठकोप) भगवान का महाभिषेक किया गया। वस्त्राभूषण से अलंकार समर्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद एकादश प्रकार के व्यंजनों का बालभोग नैवेद्य चढ़ा और आरती की गई। आज के उद्यास्तमन सेवा की यजमान पल्लवी अनुराग थीं। दिनभर का भोग विकास एवं रुचिता शर्मा तथा आशीष एवं अश्विका अग्रवाल अर्पित किए। ये तीनों ही यजमान रांची निवासी हैं। अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने अनुष्ठान संपन्न कराया। कार्यक्रम में राम अवतार नारसरिया, प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, धनश्याम दास शर्मा, रंजन सिंह प्रशांत चतुर्वेदी आदि की सहभागिता रही।

### रेसिडेंशियल कैप्टंस पब्लिक स्कूल का हुआ शुभारंभ

**रांची ।** रांची के हेहल अंचल रोड में सरना पहाड़ टोली के पास स्थित रेसिडेंशियल कैप्टंस पब्लिक स्कूल का उद्घाटन मंगलवार को मुख्य अतिथि धर्मेंद्र तिवारी, केंद्रीय अध्यक्ष, भारतीय जनतंत्र मोर्चा, झारखंड ने किया। सभी आगंतुकों के वक्तव्य से छात्र एवं छात्राएं आत्मविभोर हुए। आगंतुकों ने शिक्षा के महत्व को समझाया। आरसीपीएस स्कूल एक आवासीय विद्यालय है। इसमें नर्सरी से 10वीं तक की पढ़ाई होगी। अभी नर्सरी से 8वीं तक का डे विद्यालय और आवासीय में नामांकन जारी है। विद्यालय की ओर से फाउंडर उर्मिला शुक्ला एवं विद्यालय के निदेशक एसके पांडेय ने धर्मेंद्र तिवारी का स्वागत किया एवं आभार प्रकट किया।

### डॉ आनंद जगनाणी को लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड

**रांची ।** पूर्वांचल मध्यकालीन आयुर्विज्ञान एवं रांची पेडिकॉन के सह आयोजन में रांची के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ आनंद कुमार जगनाणी को उनकी अप्रतिम एवं निरंतर सेवा के लिए लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड (स्मृति चिह्न, प्रशस्तिपत्र एवं दुशाला) से सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि डॉ जगनाणी ने रिम्स, रांची तत्कालीन आरएमसीएच से एमबीबीएस (आयुर्विज्ञान स्नातक) एवं रांची विश्वविद्यालय से शिशु रोग में स्नातकोत्तर किया है। उन्होंने झारखंड एवं तत्कालीन बिहार सरकार में भी अनवरत सेवा प्रदान की है। वे महाविद्यालय में समर्पित एवं लोकप्रिय शिक्षक रहे हैं। उनकी ख्याति एवं नवजात शिशु चिकित्सा में रुचि उल्लेखनीय है । उन्होंने आईएपी के विभिन्न पदों पर समय-समय पर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्तमान में वे एनएनएफ (रांची शाखा) के अध्यक्ष हैं। उन्होंने स्थानीय, प्रादेशिक, आंचलिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयुर्विज्ञान सम्मेलनों में व्याख्यान प्रस्तुत किया है। उनके कई आलेख भी प्रकाशित हुए हैं। उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए उनको पायनियर एवं शिशु शिरोमणि विशेषज्ञ सम्मान से भी अलंकृत किया गया है।





### आरपीएफ ने बीयर के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बीयर के साथ एक आरोपी अमृत कुमार को गिरफ्तार किया है। वह बिहार के पटना का रहनेवाला है। इसके पास से 48 बीयर कैन बरामद किए गए हैं। ऑपरेशन 'सतर्क' के तहत आरपीएफ मुरी ने यह कार्रवाई की है। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची मंडल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर स्टेशनों और ट्रेनों में औचक निरीक्षण लगातार जारी है। इसी क्रम में आरपीएफ मुरी और फ्लाइंग टीम रांची मुरी रेलवे स्टेशन पर गुप्त निगरानी के क्रम में एक व्यक्ति को बड़े बैग के साथ जल्दबाजी में गाड़ी संख्या 12366 में उठने के लिए भागते पाया। संदेह होने पर उसे रोककर बैग चेक करने पर उसमें से 48 बीयर कैन बरामद किए गए।

### झारखंड में 20 से 22 जून के बीच हो सकता है मानसून का प्रवेश

**रांची।** राज्य में 20 से 22 जून के बीच मानसून के प्रवेश होने की संभावना है। ऐसे में लंबे समय से गर्मी का आलम झेल रही रांची सहित पूरे राज्यवासियों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक 20-22 जून के बीच मानसून का झारखंड में प्रवेश हो सकता है। 19 जून से ही राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना है।

### जुआ खेल रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** पिठोरिया थाना पुलिस ने अवैध रूप से जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में ओरमांझी थाना निवासी जियाउल असारी, ओरमांझी थाना निवासी आलीम असारी और अनगड़ा थाना निवासी फियाज अंसारी शामिल हैं। इनके पास से तीन सेट ताश का पत्ता, तीन मोबाइल, 12 दो पहिया वाहन और तीस हजार 500 नगद रुपये बरामद किए गए हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पिठोरिया थाना क्षेत्र के चंदवे रेलवे ट्रैक के पास अवैध रूप से जुआ का संचालन हो रहा है। सूचना के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए उक्त स्थान पर छापेमारी की।

### एचडीएफसी बैंक की कंट्री हेड स्मिता भगत को आज सम्मानित करेगा चैंबर

**रांची।** झारखंड चैंबर के तत्वावधान में बुधवार (19 जून) को शाम 4:00 बजे एचडीएफसी बैंक की कंट्री हेड स्मिता भगत का स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के वरीय पदाधिकारी, चैंबर के पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्य उपस्थित रहेंगे। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि यह एक गर्व की बात है कि कंट्री हेड स्मिता भगत, जो कि एचडीएफसी बैंक की विश्व स्तरीय उत्पादों और सेवाओं को सरकारी निकायों और शैक्षिक से लेकर स्वास्थ्य सेवा, धार्मिक तक के बड़े संगठनों तक ले जाने के लिए जिम्मेदार हैं। चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि स्मिता भगत 25 वर्षों से अधिक के उद्योग अनुभव के साथ एचडीएफसी बैंक के प्रमुख अधिकारी रही हैं। उन्होंने विभिन्न टीमों और कार्यों का नेतृत्व किया है।



# अपनी पार्टी के बैनर पर 55 विस सीटों पर चुनाव लड़ेंगे जयराम

**ब्यूरो रिपोर्ट। रांची**
झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष जयराम महतो ने लोकसभा चुनाव के बाद आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का भी ऐलान किया है। विधानसभा चुनाव जयराम महतो अपनी पार्टी और सिम्बल पर राज्य की लगभग 50 से 55 सीटों पर चुनाव लडेंगे। चुनाव आयोग में उनकी पार्टी का रजिस्ट्रेशन और सिम्बल आवेदित है, जिस जल्द मिलने की संभावना है। जयराम महतो ने मंगलवार को मोरहाबादी में आक्सीजन पार्क में मीडिया को इसकी जानकारी दी है। जयराम महतो ने कहा कि लोकसभा चुनाव में वे 8 सीटों पर चुनाव लड़े थे, जिसमें करीब साढ़े आठ लाख वोट मिले। गिरिडीह सीट से वे चुनाव लड़े और साढे तीन लाख से अधिक लोगों ने उन्हें वोट मिला। जबकि गिरिडीह लोकसभा सीट पर 2300 बूथ में से केवल 1200 बूथ पर हमारे एजेंट थे। एक हजार बूथ पर उनके एजेंट नहीं थे। फिर भी सभी बुथों पर लोगों ने उन्हें वोट दिया। जयराम महतो ने कहा कि लोकसभा चुनाव में लोगों के समर्थन को देखते हुए उनका संगठन विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर दी है। जयराम ने कहा कि मैं किसी दल में जाने वाला नहीं हूं, बल्कि अपनी पार्टी के बैनर पर चुनाव लडेंगे, जो जल्द ही धरातल पर दिखेगा।



### हर समाज का समर्थन मिला है : महतो

जेबीकेएसस प्रमुख जयराम महतो ने कहा कि 8 लोकसभा सीटों के सभी विधानसभा सीटों पर उके संगठन के प्रत्याशियों को अच्छा समर्थन मिला था, इसलिए उन सभी विधानसभा सीटों के आलावा गोड्डा लोकसभा के सभी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी उतारेंगे। इस तरह करीब 50-55 सीट पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी है। जयराम महतो ने एक सवाल के जवाब में कहा कि उन्हें सिर्फ कुरमी जाति का समर्थन मिलता है, ऐसा नहीं है, उन्हें हर समाज के लोगों ने अपना मत दिया है। जिसमें बुद्धिजीवी वर्ग के लोग भी शामिल हैं।

### जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने खारिज कर दी। इससे पूर्व अदालत ने 10 जून को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में दर्ज कांड संख्या 48/2022 में वारंट लिया था। इसी दिन जयराम महतो अपना नामांकन दाखिल करने गए थे, उस दिन रांची पुलिस वारंट लेकर जयराम महतो को गिरफ्तार करने पहुंच गई थी। हालांकि जयराम ने नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित किया और फिर वहां से निकल गये थे।

### मुद्दों से भटक गए हैं जयराम

आजसू प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि जयराम महतो का विधानसभा चुनाव लड़ना उनका फैसला है, लेकिन वे हमारे लिए की चुनौती नहीं है। वे अपने मुद्दों से पूरी तरह भटक गए हैं।लोकसभा चुनाव में कहीं नहीं दिखा कि वो लोग अपने मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं। जयराम महतो और उनका संगठन राज्य सरकार और सरकारी सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन गांडेय विधानसभा के उपचुनाव में अपना प्रत्याशी नहीं उतारा। जयराम महतो किसके खिलाफ और किसके समर्थन में है यह स्पष्ट नहीं है।जबकि चुनावी जंग में दोस्त और दुश्मन साफ दिखाई पड़नी चाहिए, सिर्फ जनता की भावना को भड़का कर वोट हासिल नहीं किया जा सकता है।

**झामुमो ने किया स्वागत** | झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने जयराम महतो के विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा का स्वागत करते कहा कि उनका अपना संगठन है और चुनाव लड़ने की अपनी सोच है। आजसू का जिन उद्देश्यों को लेकर गठन हुआ था फिर जिस तरह आजसू का सौदेबाजी हुआ, उसके बाद इस तरह की राजनीतिक शक्ति का उभारना स्वाभाविक था।

# रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ नई दिल्ली रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची लोकसभा क्षेत्र के चार दिवसीय दौरे के बाद रांची सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मंगलवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अपने आवास पर आए कार्यकर्ताओं और नागरिकों से मुलाकात की। उनकी शुभकामनाएं स्वीकार की और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। सेठ ने कहा कि चार दिवसीय दौरे पर क्षेत्र के नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने जो स्नेह और प्यार दिया, यही उनकी पूंजी भी है और उनकी शक्ति भी। क्षेत्र के आशीर्वाद से ही रक्षा राज्य मंत्री के रूप में मिली नई जिम्मेदारी का निर्वहन सफलतापूर्वक करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा के विशेष सत्र में भाग लेकर तीन जुलाई के बाद में पुनः क्षेत्र में लोगों के बीच आएंगे। क्षेत्र के लोगों से उनका जुड़ाव पारिवारिक है और एक पारिवारिक सदस्य की तरह वे सदैव क्षेत्र के लोगों के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही, पूर्व की भांति क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और विकास के लिए वे लगातार सक्रिय रहेंगे।



# मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बनारस से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में भेजा। प्रदेश भाजपा ने किसान सम्मान निधि किसानों के खाते में भेजे जाने का स्वागत अभिनंदन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार प्रकट किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 17वीं किस्त के साथ देश के 9.25करोड़ किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 3लाख 24 हजार करोड़ रुपए भेजा जाना यह किसानों की कल्याणकारी योजनाओं का विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि सही समय पर पारदर्शी तरीके से भेजा जाने वाला सहयोग है जो किसानों को खेती के लिए बड़ा मददगार साबित होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के भी लाखों किसान लगातार इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। मरांडी ने कहा कि मोदी सरकार अपने पहले कार्यकाल से किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित और समर्पित है।



## न्यूज बॉक्स

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के दोषी को 12 साल की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने मंगलवार को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के दोषी विनय कुमार पासवान को 12 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, अदालत ने 26 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं भरने पर एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस मामले में पीड़िता ने चुटिया थाने में कांड संख्या 82/2019 दर्ज कराया था। पीड़िता और अभियुक्त दोनों के बीच चार साल से प्रेम संबंध था। विनय पीड़िता को बहला फुसलाकर चुटिया के एक होटल में ले जाकर संबंध बनाया था और शादी का झांसा देकर लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो अभियुक्त शादी करने से मुकर गया। मामले में अभियोजन पक्ष ने पीड़िता के पिता सहित पांच अन्य लोगों को गवाह बनाया था। ट्रायल के दौरान पीड़िता के पिता की मृत्यु हो गई थी।

### रांची के स्पा सेंटर में पकड़े गए तीन आरोपियों को मिली जमानत

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने मंगलवार को लालपुर थाना क्षेत्र से बैंबू स्पा सेंटर में पकड़े गए तीन आरोपियों को जमानत दे दी। इनमें राकेश रंजन, आर्यमान कुमार और ऋषि बंका शामिल हैं। तीनों आरोपी स्पा सेंटर के ग्राहक थे। अदालत ने स्पा सेंटर के नाम पर जिस्मफरोशी कराने के आरोपी और स्पा के संचालक दिल्ली निवासी गौरव अग्रवाल सहित स्पा के अन्य कर्मचारियों को जमानत देने से इनकार कर दिया। साथ ही, सभी की जमानत याचिका खारिज कर दी। इनमें थाईलैंड की दो युवतियां, दिल्ली और बंगाल की दो-दो एवं रांची की एक युवती सहित अन्य शामिल हैं। रांची पुलिस ने दो जून को लालपुर थाना क्षेत्र स्थित बैंबू स्पा सेंटर में छापेमारी की थी। बैंबू इंटरनेशनल स्पा सेंटर, सर्कुलर रोड के हरिओम टावर के सामने ली डिजायर कांप्लेक्स के चौथे तल्ले पर स्थित था। पुलिस ने छापेमारी के दौरान वहां से 14 लोगों को गिरफ्तार किया था। साथ ही, आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया था।

### शेखर कुशवाहा से पूछताछ के लिए ईडी को मिली तीन दिन की रिमांड

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद मंगलवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में पेश किया। ईडी की ओर से अदालत से फिर से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड की मांग की गई। इसका बचाव पक्ष की अधिवक्ता ने विरोध किया। दोनों पक्ष को सुनने के बाद अदालत ने तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी प्रदान की। उल्लेखनीय है कि ईडी ने जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा को 12 जून को गिरफ्तार किया था। ईडी की जांच में यह बात सामने आई थी कि शेखर कुशवाहा ने अपने सहयोगी प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अंसारी, अफसर अली सहित अन्य के साथ मिलकर सरकारी कर्मी भानु प्रताप प्रसाद की मिलीभगत से 1971 का फर्जी डीड बनाया था।

### हाई कोर्ट में साहिबगंज में गंगा फेरी टेंडर को चुनौती देने वाली याचिका पर आंशिक सुनवाई

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज जिला प्रशासन द्वारा गंगा नदी पर फेरी के लिए निकाले गए टेंडर को चुनौती देने वाली याचिका पर अब बुधवार को सुनवाई होगी। हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की बेंच में मंगलवार को इस मामले की आंशिक सुनवाई हुई। साहिबगंज अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गवाह अंकुश राजहंस यादव ने झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि साहिबगंज जिला प्रशासन खनन माफिया के सिंडिकेट को लाभ देने के लिए जबरन नियमों को बदल रहा है। नियमों में जो बदलाव किए गए हैं, उससे किसी खास व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की तैयारी है।

### जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड में अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी

**रांची ।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत में मंगलवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड में अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी हो गई। अब मामले में तीन जुलाई को अभियुक्तों का बयान कोर्ट में दर्ज होगा। अभियोजन पक्ष ने मामले के अनुसंधानकर्ता और एक सरकारी गवाह सहित 30 लोगों की गवाही दर्ज कराई है। अभियोजन पक्ष ने साक्ष्य के तौर पर एफएसएल की रिपोर्ट भी कोर्ट में पेश की है। हत्याकांड का आरोपी मुनावर अफाक सरकारी गवाह बन गया है। इसने मुख्य आरोपी डबलू कुजूर, राहुल कुजूर सहित सभी आरोपियों के खिलाफ गवाही दी है। 30 मई, 2022 को कमल भूषण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद मुख्य आरोपी डबलू कुजूर और उनका बेटा राहुल कुजूर सहित चार आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए कोलकता होते दिल्ली भाग गए थे। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने सभी को गिरफ्तार कर झारखंड पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने सभी को रांची लाकर जेल भेज दिया था। हत्याकांड को लेकर सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 238/2022 के तहत आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कमल भूषण की हत्या की वजह उनकी बेटी यामिनी का प्रेम विवाह बनी थी। कमल भूषण और डबलू कुजूर दोनों जमीन कारोबार में पार्टनर थे। जून 2021 में कमल भूषण की बेटी यामिनी से डबलू कुजूर के बेटे राहुल कुजूर से प्रेम विवाह कर लिया। इसके बाद से दोनों पार्टनर के बीच हो विवाद हो गया और दोनों एक-दूसरे के दुश्मन हो गए थे। इस मामले में मुख्य आरोपी डबलू कुजूर, पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित पांच आरोपित ट्रायल फेस कर रहे हैं।

### गैरकानूनी ढंग से भारतीय बॉर्डर पार करने वाली तीन बांग्लादेशी युवतियों को मिली जमानत

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रशांत कुमार वर्मा की अदालत ने गैरकानूनी रूप से भारतीय बॉर्डर पार करने की आरोपी तीन बांग्लादेशी युवतियों को जमानत दे दी है। कोर्ट ने आरोपियों को दस-दस हजार रुपये के दो निजी मुचलके भरने साथ ट्रायल में सहयोग करने और केस चलने के दौरान मोबाइल नंबर नहीं बदलने का निर्देश दिया है। आरोपी युवतियों के अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने बहस की। उल्लेखनीय है कि रांची पुलिस ने पांच जून को तीन बांग्लादेशी मूल की युवतियों को गिरफ्तार किया था। तीनों युवतियों को बरियातू थाना क्षेत्र के बाली रिसॉर्ट हिल व्यू रोड से गिरफ्तार किया गया था। पकड़ी गईं तीनों बांग्लादेशी युवतियों के पास फर्जी तरीके से भारत में बनाया गया आधार कार्ड था। इनमें इनका नाम पायल दास, अनिका दत्ता और खुशी लिखा गया था। जांच करने पर पता चला कि इनका वास्तविक नाम निम्पी बरुआ उर्फ पायल दास, सरमीन अख्तर उर्फ अनिता दत्ता और निपा अख्तर उर्फ खुशी है, जो नाम बदलकर भारत में रह रही हैं। इनके पास से कुल चार मोबाइल और एक फर्जी आधार कार्ड बरामद किया गया था। पुलिस को पूछताछ में तीनों ने बताया था कि रात में तार काटकर बार्डर क्रॉस किया था। इनके साथ तीन अन्य युवतियां भी आई थीं, लेकिन उनका पता नहीं चल पाया था।

# भाजपा की बैठक में मारपीट व गाली गलौज पर झामुमो ने साधा निशाना

*यूपी-बिहार के गुंडों से भाजपा सांसद अपने ही कार्यकर्ताओं को पिटवा रहे : सुप्रियो*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने झारखंड भाजपा में जारी अंतर्कलह पर जमकर निशाना साधा है। झामुमो प्रवक्ता ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को समीक्षा बैठक करने से पहले पुलिस की व्यवस्था कर लेनी चाहिए । सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को झामुमो के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में भाजपा की समीक्षा बैठक में देवघर और दुमका में हुए उठापठक, मारपीट और गाली-गलौज पर तीखा हमला किया है। उन्होंने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर निशाना साधते कहा कि वे बिहार से आकर लगातार चौथी बार चुनाव जीत रहे हैं और भागलपुर और यूपी से गुंडों से यहां के मूलवासियों को पीटवा रहे हैं। यह आरोप उनके देवघर के दलित विधायक नारायण दास ने लगाया है। इसके लिए भाजपा नेताओं को राज्य की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

### सीएम हिमंता का बयान उन्मादी



झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा ने झारखंड के चुनाव प्रभारी के रूप में शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। हिमंता के बयानों में उन्माद दिखता है। यही हाल भाजपा के कार्यकताओं का है। अपने ही नेताओं को गाली-गलौज करते हैं। समीक्षा बैठकों में हिस्सा लेने पहुंचे नेताओं संग धक्का-मुक्की की जाती है। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के साथ दुमका में भाजपा के ही कार्यकताओं ने धक्का-मुक्की कर दी। गढ़वा से गये बालमुकुंद सहाय संग गाली-गलौज किया।

### आपस में ही लड़ रहे भाजपाई

झामुमो नेता ने कहा कि वे लोग चाहते हैं कि कि भाजपा विधानसभा का चुनाव विपक्ष की तरह लड़ें, लेकिन यो तो आपस में ही लड़ रहे हैं। यह अजीब विडंबना है। समीक्षा बैठक में भाजपा अपने हैवीवेट नेताओं को प्रभारी बना कर भेजते हैं। लेकिन समीक्षा बैठक में ये लोग आपस में ही गाली-गलौज और मारपीट कर रहे हैं। झामुमो नेता ने कहा कि दुमका के प्रत्याशी ने खुद कहा है कि वे नहीं हारी है बल्कि पीएम मोदी हारे हैं, अब जब भाजपा के लोग ही कर रहे हैं कि मोदी की हार हुई है।

# सीता सोरेन के लिए झामुमो की हमदर्दी सिर्फ नाटक : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि आज ये लोग सीता सोरेन के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जिस समय सीता सोरेन ने सोरेन परिवार के ऊपर उनकी और उनकी बेटियों की उपेक्षा का आरोप लगाया था, तो झामुमो चुप रही। सीता सोरेन ने अपने आंदोलनकारी पति स्व दुर्गा सोरेन की मौत को संदेहास्पद बताते हुए, उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा को सांप सूंघ गया था। आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जब पार्टी और परिवार में ही शिबू सोरेन की बड़ी बहू की उपेक्षा की गई, तो इन से आम लोगों के लिए न्याय की उम्मीद की बात सोचना भी बेमानी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा आरोपों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करती है तो उसे अपने ही गठबंधन के विधायक लोबिन हेंब्रम,चमरा लिंडा , अंबा प्रसाद, इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह के द्वारा अलग-अलग समय पर सरकार पर लगाए गए गंभीर आरोपों का भी प्रेस कांफ्रेंस कर जवाब देना चाहिए।



### चुनाव परिणाम के बाद बदहवास हो गया है इंडी गठबंधन

भाजपा प्रवक्ता ने ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद सत्ताधारी गठबंधन बदहवास हो गया है। जिस समय 2019 में इन लोगों ने चुनाव जीता था, तब इनके पास 48 विधायक थे एवं तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन था। इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन 50 सीटों पर आगे रहा, जबकि इंडी गठबंधन सिर्फ 29 सीटों पर सिमट गया। इन्हें पता है कि अगले चुनाव में इनका सुपड़ा साफ होने वाला है। इसलिए यह अनर्गल बयान बाजी पर उतर आए हैं। प्रतुल ने कहा कि भाजपा की समीक्षा बैठक पूरे प्रदेश में चल रही है।अधिकांश जगहों पर कार्यकर्ता सुचारू रूप से फीडबैक दे रहे हैं।सिर्फ देवघर में कुछ बाहरी तत्वों के द्वारा हंगामा करने की सूचना आई थी।

### कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड देखे झामुमो

प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को अपने सहयोगी दल कांग्रेस का झारखंड में भी ट्रैक रिकॉर्ड देख लेना चाहिए। 21 जून, 2013 को कांग्रेस भवन, रांची में दो गुटों के बीच में वर्चस्व की लड़ाई पर दिन दहाड़े दर्जनों राउंड गोलियां चली थी और पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया था। 1 जुलाई, 2019 को लोक सभा की हार की समीक्षा बैठक के दौरान तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार को कांग्रेस कार्यालय में घुसने तक नहीं दिया गया और पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा था। कांग्रेस ऑफिस पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था।उस समय भी कई लोग हिरासत में लिए गए थे। प्रतुल ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने ही गठबंधन के तीन विधायकों के ऊपर मुकदमे करा कर कोलकाता में उनकी गिरफ्तारी भी करवाई थी। लंबे समय तक उनको जेल में यातना भी दिलवाया था। प्रतुल ने कहा जाहिर तौर पर भ्रष्टाचार, वादा खिलाफी, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, आदि के मामलों में ध्यान भटकाने के लिए नया नैरेटिव सेट करने की कोशिश कर रही है।

# दिल्ली में कांग्रेस की बैठक 24 को विधानसभा चुनाव पर होगी चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि झारखंड में चार माह के बाद विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक 24 जून को दिल्ली में होगी। इसमें पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य वरीय नेता उपस्थित रहेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी का झारखंड से विशेष लगाव रहा है। इसलिए झारखंड में होने वाले चुनाव पर उनकी खास नजर है। लोकसभा चुनाव में झारखंड में मिली सफलता से उन्हें विश्वास है कि झारखंड में फिर से इंडिया खेमे की सरकार भारी बहुमत से बनेगी। साथ ही जनहित के मुद्दों पर आगामी चुनाव में जनता के बीच जाने, वर्तमान महागठबंधन सरकार की उपलब्धियां को जनता के बीच पहुंचाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

## शिलापट्ट तोड़े जाने के विरोध में भाजयुमो का प्रदर्शन

**रांची ।** हरमू स्थित समुदायिक भवन में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश एवं विधायक नवीन जायसवाल के शिलान्यास पट को झारखंड राज्य हाउसिंग बोर्ड के कर्मियों के द्वारा तोड़े जाने से नाराज भाजयुमो कार्यकताओं ने हाउसिंग बोर्ड कार्यालय का घेराव किया पुतलदहन किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इशारे हाउसिंग बोर्ड द्वारा भाजपा नेताओं के शिलान्यास पट को तोड़ा जा रहा है ।

# विस चुनाव में कड़ी मेहनत की जरूरत : कल्पना

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री गांडेय विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन मंगलवार को गढ़वा पहुंची। यहां बिरसा मुंडा हेलीपैड पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय सहित झामुमो नेताओं व कार्यकताओं उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। महिला कार्यकताओं ने तिलक लगाकर एवं पत्तों से बनी झारखंड के पारंपरिक टोपी पहनाकर स्वागत किया। कल्पना सोरेन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पहुंचीं। यहां कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से संवाद भी की। इसके बाद कल्पना सोरेन मंत्री मिथिलेश ठाकुर के साथ हुसैनाबाद में आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना हो गई। गढ़वा आगमन पर कल्पना सोरेन ने झामुमो कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा और हेमंत की अनुपस्थिति में आपकी मेहनत ने ही गत लोकसभा चुनाव में बेहतर सफलता दिलाई है। अब हम सबों के सामने विधानसभा का चुनाव है। जिसे भी उसी जोश और जज्बे के साथ केवल लड़ना ही नहीं बल्कि अद्वितीय सफलता हासिल करनी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा रूपी एक पड़ाव को तो हमने सभी वरीय नेता और अपने जुझारू कार्यकताओं के बदौलत पार कर लिया।



## सांस्कृतिक गौरव और अर्थव्यवस्था बढ़ाने के लिए पर्यटन क्षेत्र के विकास पर जोर

# सरना धर्म स्थल का भ्रमण कराएगी सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य के आदिवासियों के पवित्र सरना धर्म स्थलों के विकास पर भी बल दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आदिवासी धर्मावलंबियों को सरना स्थल का परिभ्रमण कराना भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भोगनाडीह स्थित सिदो कान्हू प्रतिमा स्थल तथा उलिहातू शहीद स्थल को प्राथमिकता के साथ डेवलप करें। साथ ही मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को कोल्हान के सेरेंगदा घाटी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ये सभी स्थल झारखंड का महत्वपूर्ण विरासत है। इन स्थलों को संरक्षित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि हुंडरू फॉल का रिनोवेशन तथा वहां के गेस्ट हाउस निर्माण कार्य में तेजी लाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा चिन्हित वैसे सभी पर्यटन स्थल जिसे विकसित किया जाना है, उन स्थलों की कार्य प्रगति में शिथिलता न बरतें बल्कि तेज गति से कार्य करते हुए सभी काम ससमय सम्पन्न करें। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारी से कहा कि राज्य के पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों को विकसित करने में अगर जरूरत पड़े तो दूसरे राज्यों के टूरिज्म प्लेस का स्टडी करें।




### हर हाल में खेलगांव का हो मेंटेनेंस

बैठक में मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची स्थित खेलगांव का मेंटेनेंस हर हाल में सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस उद्देश्य से खेलगांव का निर्माण किया गया था, उस उद्देश्य को पूरा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेलगांव में आयोजित होती रहे, यह सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आदित्यपुर-1, फुटबॉल मैदान, रामचंद्रपुर फुटबॉल मैदान तथा आदित्यपुर-2, प्रगति मैदान के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों द्वारा राज्य में खेल-कूद की कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

# कोल लिंकेज की हेराफेरी के आरोपी इजहार की हिरासत बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को हुई। कोर्ट ने उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि एक जुलाई तक बढ़ा दी है। इजहार 70 करोड़ रुपये के कोल लिंकेज की हेराफेरी मामले में आरोपी है। इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा उसकी एक कंपनी के खिलाफ ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था, जिसपर ईडी की विशेष अदालत संज्ञान ले चुकी है। बीते 16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास एवं फैक्टरी पर छापेमारी की थी। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार की पहल पर खान विभाग के अधिकारियों ने इजहार अंसारी की कंपनी को कोल लिंकेज देने की अनुशंसा की थी। ईडी ने मनरेगा घोटाले को लेकर की गई छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार का मोबाइल जब्त किया था। इस मोबाइल फोन से मिले तथ्यों के आधार पर ईडी ने इजहार अंसारी के घर पर मार्च 2023 में भी छापेमारी की थी।



## एक नजर

### नाबालिग के साथ यौन शोषण मामले में प्राथमिकी दर्ज, जेल

**बरही।** प्रखंड के एक नाबालिग ने पड़रिया के युवक पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराया है। बरही थाना में कांड संख्या 242/24 में धारा 376(2)(एन), 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया हैं। नाबालिग के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पड़रिया के रहने वाले सोनू कुमार पिता खगेन्द्र महतो को गिरफ्तार कर बरही पुलिस ने हजारीबाग जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक पहले से शादी शुदा है।

### बाईक व कार में हुई सीधी टक्कर, एक घायल

**कुजू।** कुजू से गुजरने वाले रांची-कोडरमा फोरलेन सड़क पर मंगलवार की अहले सुबह में आगे चल रही बाईक को पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दिया। इससे बाईक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना कुजू के मुरपा बस्ती के निकट फोरलेन सड़क के ओवरब्रीज के समीप हुई। इस घटना में मुरामकला रामगढ़ निवासी कैलाश कुमार महतो को चेहरे व ओठ में गंभीर रूप से चोट लगी है। उनका स्थानीय चिकित्सक के पास प्राथमिक इलाज कराया गया है। वहीं बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा गया है। इधर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कुजू ओपी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। बताया गया है कि चतरा जिले के हाई स्कूल में बतौर शिक्षक कैलाश कुमार महतो तैनात हैं।

### प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**मांडू।** प्रखंड मुख्यालय परिसर के सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड के एलडीएम संजीव कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनीता सिंह के अलावा क्षेत्र के सभी बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे। बैठक में एलडीएम और प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से सभी शाखा प्रबंधकों को किसानों का केसीसी आवेदन शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। ताकि सुगमता से किसानों को केसीसी का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल की शुरूआत हो रही है।

### एसओसी ने गिद्दी वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया

**गिद्दी।** अरगड्डा क्षेत्र के एसओसी गौरव तिवारी ने मंगलवार को गिद्दी ऑफिसर कॉलोनी फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बार एसओसी गौरव तिवारी ने फिल्टर प्लांट में प्लांट के टूटे बाउंड्री को जोड़ने उसे ऊंचा करके कंटीला तार लगाने और साफ सफाई करने का ओवरसियर को निर्देश दिया। साथ ही ईएंडएम इंजीनियर से लाइट लगाने के बात किया। बता दें 9 जून दर्जन भर अपराधी गिद्दी ऑफिसर कॉलोनी वाटर फिल्टर प्लांट में घुस कर ड्यूटी में तैनात दो सीसीएल कर्मी को बंधक बनाकर मारपीट किया था। इसके बाद कोल्ड फील्ड मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पांडेय ने अरगड्डा जीएम से मिलकर रात्रि में ड्यूटी करने वाले कर्मियों की सुरक्षा के मद्देनजर प्लांट के टूटे बाउंड्री को ऊंचा करने की मांग की थी।

पांच दिवसीय ओपन समर कैंप ताइक्वांडो प्रतियोगिता का हुआ समापन

# प्रतियोगिता से प्रतिभागी जिला व राज्य का नाम रोशन करेंगे : हर्ष अजमेरा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
संत रॉबर्ट बॉयज मिडिल स्कूल में पांच दिवसीय ओपन समर कैंप का आयोजन किया गया था, जिसका समापन सोमवार को किया गया। कैंप को राष्ट्रीय स्तर के ताइक्वांडो खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ था, वही समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। हजारीबाग ताइक्वांडो प्रशिक्षक रोशन कुमार चौहान एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा श्री अजमेरा का स्वागत किया गया, कोच के रूप में ज्योति यादव अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी एवं चीन एशिया गेम 2022 की प्रतिभागी मुख्य रूप से उपस्थित हुई है। मुख्य अतिथि श्री अजमेरा को पौधा देकर सम्मानित किया गया, इसके बाद प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन अतिथियों के समक्ष रखा इसके उपरांत अतिथियों के द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागी राज्य स्तर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का जलवा दिखलाएंगे। अंत में सभी प्रतिभागियों के साथ एक सामूहिक तस्वीर ली गई जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि इस प्रतियोगिता के बाद प्रतिभागी अवश्य हजारीबाग तथा झारखंड का नाम रोशन करेंगे, ताइक्वांडो एक माध्यम है जिसमें खिलाड़ी अपनी ऊर्जा को भर कर अपने लक्ष्य को पूरा कर पाते है। साथ ही कहा कि आप सभी खिलाड़ियों के साथ आपका बड़ा भाई बनकर मैं खड़ा हूं, किसी भी तरह की कोई तकलीफ होने पर सीधा संपर्क करें। कैंप को सफल बनाने में हजारीबाग ताइक्वांडो प्रशिक्षक रौशन कुमार चौहान, रौशन गुप्ता, निरंजन कुमार यादव, सुमन सौरभ, सचिन कुमार का बहुत बड़ा योगदान है।

**ताइक्वांडो एक माध्यम है जिसमें खिलाड़ी अपनी ऊर्जा को भर कर अपने लक्ष्य को पूरा कर पाते है**

## श्री श्याम मनुहार महोत्सव के तीसरे संस्करण के पोस्टर का हुआ विमोचन



**हजारीबाग।** श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 31 अगस्त को मुनका बगीचा के प्रांगण में तृतीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूर्व निर्जला एकादशी की संध्या पर श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों के द्वारा बाबा श्याम की जयकारों के साथ पोस्टर का विमोचन किया गया। भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध भजन गायक शुभम,रूपम के साथ रोहित शर्मा एवं कृष्ण अग्रवाल अपने अनेकों भजनों से श्याम प्रेमियों को झुमाएंगे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान बाबा श्याम की भव्य ज्योत लिया जायेगा, वही बाबा श्याम का दरबार अद्भुत एवं अलौकिक श्रृंगार से सुसज्जित होगा।साथ हीं छप्पन एवं सवामणि भोग भी अर्पित किया जाएगा। उक्त आयोजन में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार रामगढ़ कैंट एवं श्री श्याम परिवार तुलसीधाम कोलकाता विशेष सहयोग देंगे। बता दें कि श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों की संख्या महज नौ है इसके अलावा श्याम भक्तों के द्वारा भी सेवा दी जाती है, यह युवक कोलकाता से उच्च शिक्षा प्राप्त कर हजारीबाग में अपने निजी कार्यों के साथ बाबा श्याम की सेवा दे रहे हैं। पिछले दो वर्षों से लगातार इन युवकों के द्वारा ऐतिहासिक और अद्भुत कार्यक्रम आयोजित कर हजारीबाग में एक अलग पहचान स्थापित की गई है। मौके पर आयोजक मंडली ने कहा कि इस भव्य कार्यक्रम में समस्त हजारीबाग वासी सादर आमंत्रित है।

## न्यूज | बॉक्स

### श्री श्याम भक्त परिवार ने किया ठंडे शरबत का वितरण




**हजारीबाग।** शहर के मेन रोड स्थित सदर थाना समीप श्री श्याम भक्त परिवार हजारीबाग के द्वारा मंगलवार को निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर राहगीर, रिक्शा चालक, मजदूर एवं आम जनमानस के बीच शुद्ध पेयजल एवं शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री श्याम भक्त परिवार हजारीबाग के हर एक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रारंभ करने से पूर्व श्री श्याम भक्त परिवार के तमाम सदस्यों ने बाबा श्याम का दीदार किया। बाबा का जयकारा लगाया जिसके बाद कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। श्री श्याम भक्त परिवार के द्वारा फागुन माह में पिछले 11 वर्षों से लगातार भव्य आयोजन किया जा रहा है, दो दिनों का यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें प्रथम दिन निशान ध्वज यात्रा एवं दूसरे दिन भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाता है शहर के तमाम श्याम भक्त इस कार्यक्रम में आनंदित होकर बाबा का दीदार करते हैं। मौके पर श्री श्याम भक्त परिवार के सदस्यों ने कहा कि बाबा श्याम का दीदार करना हमारे कण-कण में है। तो वही गर्मी को देखते हुए मंगलवार को निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर तमाम सदस्यों के साथ मिलकर आम जनमानस के बीच शुद्ध पेयजल एवं शरबत का वितरण किया जा रहा है। श्री श्याम भक्त परिवार धार्मिक सेवाओं के साथ-साथ मानव सेवा के लिए भी तत्पर रहता है।

### बरकट्ठा से हुई ट्रक चोरी जहानाबाद बिहार से बरामद, दो गिरफ्तार



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के कोषमा स्थित चौधरी पेट्रोल पंप के समीप से खड़ी ट्रक चोरी हो गई थी। इस संबध में ट्रक मालिक महावीर महतो पिता हुलास महतो ग्राम कपका थाना बरकट्ठा निवासी ने चोरी को लेकर बरकट्ठा थाना में आवेदन गत 15 जून को देकर 107/24 कांड संख्या दर्ज करवाया था, जिसमें उन्होंने बताया की ट्रक चोरी गत 14 जून की मध्य रात्रि चौधरी पेट्रोल पंप से अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। कांड के उद्भेदन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। गुप्ता सूचना के आधार पर चंदवारा थाना प्रभारी के साथ संयुक्त छापामारी करते हुए दो अपराधियों को पकड़ा। जिसमें सैदुल खान पिता स्वर्ग अब्दुल सत्तार दिल्ली निवासी तथा राजू रजक पिता लोकन राम ग्राम कांको थाना जयनगर निवासी शामिल हैं। जिसके निशानदाही पर इस कांड में चोरी की गई ट्रक नंबर जेएच02एए 3272 को कडोना थाना जिला जहानाबाद (बिहार) अंतर्गत राइस मील एनएच 83 के पास से बरामद किया गया। वहीं आरोपियों के पास कांड में प्रयुक्त कार हुंडई जेएच 12 एल 5166, दो स्मार्ट फोन, दो कीपैड फोन जब्त किया हैं। छापामारी दल में बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता, बरकट्ठा थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

### रामजी प्रसाद गुप्ता ने बरकट्ठा अंचलाधिकारी के रूप में पदभार किया ग्रहण



**बरकट्ठा।** रामजी प्रसाद गुप्ता ने बरकट्ठा अंचलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया।उन्होंने बीडीओ सह सीओ रोशमा डुंगडुंग से चार्ज लिया। वह अभी इचाक प्रखंड के अंचलाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। वह इचाक के साथ बरकट्ठा के अंचलाधिकारी के प्रभार में रहेंगे। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों के साथ सामंजस्य बना कर काम करूंगा। बरकट्ठा अंचल कार्यालय में पड़े पैंडिंग कार्यों का जल्द निष्पादन करूंगा। उन्होंने कहा कि बरकट्ठा अंचल कार्यालय में सप्ताह में तीन दिन का काम करेंगे। यहां कौन कौन दिन रहेंगे उसे लोगों को जल्द बता दिया जाएगा। लोगों से आग्रह किया कि अंचल का कोई भी काम मुझसे मिलकर बताएं, जो नियम संगत काम है वह अवश्य समय पर होगा। दलालों के चक्कर में ना पड़े।

### बरही विधायक ने केवाल में 200 केवीए ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**बरही ।** विधायक उमाशंकर अकेला ने खोड़ाहर पंचायत के केवाल में 200 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। बताते चले कि केवाल में 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर रहने से काफी परेशानी हो रही थी, जिसे देखते हुए विधायक के पहल पर 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। विधायक श्री अकेला ने नए ट्रांसफॉर्मर का फीता काटकर शुभारंभ किया और ग्रामीणों को बिजली का सदुपयोग करने का सलाह दिया। विधायक श्री अकेला ने कहा कि बिजली समस्या विधानसभा क्षेत्र में कभी नहीं होने दिया जाएगा। समस्या होने पर तुरंत सूचना दें, उन्होंने कहा कि वह आपके सेवक है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है। उद्घाटन के बाद गांव रौशनी से जगमगा उठी। मौके पर प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, शम्भू सिंह, भूषण सिंह, गंगासागर सिंह, उदय सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

बीआरसी बरकठा में रूम टू रीड संस्था के तत्वावधान में हुई बैठक

### कक्षा 1 व 2 के बच्चों के शैक्षणिक विकास पर हुई चर्चा

**बरकट्ठा।** प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में रूम-टू-रीड के तत्वावधान में फाउंडेशनल लिटरेसी और न्यूमैरेसी (एफएलएन) पर संकुल साधन सेवी के साथ प्रथम त्रिमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कक्षा 1 तथा 2 में बच्चों के शैक्षणिक विकास की तुलनात्मक विकास पर चर्चा हुई । वहीं एफएलएन तथा निपुण के मानकों को पूर्ण करने में सहायक विभिन्न शैक्षणिक घटक पर चर्चा की गई ।इस निमित सीआरपी के द्वारा सुझाव दिया गया कि सभी शिक्षक कर्मठता के साथ बच्चों के सतत विकास पर ध्यान दें इस हेतु उन्हें प्रेरित करना। शिक्षक संदर्शिका, नई किरण, तथा वर्कबुक का उचित उपयोग महत्वपूर्ण योगदान देता है। रूम टू रीड द्वारा क्लस्टर लेवल पर उपलब्ध कराए गए विभिन्न स्तर के पुस्तकों का उपयोग बच्चे प्रभावी रूप से करने पर भी चर्चा हुई ।

औसतन 20 मरीज प्रतिदिन लू की चपेट में, जनजीवन अस्त व्यस्त

## उपायुक्त व चिकित्सकों ने बेकाम बाहर न निकलने की लोगों से की अपील



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** भीषण गर्मी और लू से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है. बरही सहित आस पास क्षेत्रों में प्रतिदिन का औसतन तापमान 40 डिग्री से अधिक पाए जा रहे हैं. अनुमंडलीय अस्पताल में इन दोनों प्रतिदिन लू से पीड़ित मरीजों की संख्या में अधिकाधिक आ रहे हैं. डीसी व चिकित्सकों ने बेकाम बाहर न निकलने के लिए लोगों से अपील की है। उन्होंने कहा कि जब तक तापमान में कमी न आये लोग अपनी सुरक्षा का रखें ख्याल। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को 22 मरीज सिर्फ लू से पीड़ित ईलाज के लिए आए थे. जिनका ईलाज किया गया. चिकित्सक रामानुज कुमार ने बताया कि गर्मी चरम पर है. ऐसे में लोगो को सावधानियां बरतनी नितांत आवश्यक है. भूखे पेट कभी भी बाहर नही जाए. उन्होंने बताया कि धूप में बाहर जाने से बचें, यदि आवश्यकता हुई तो ग्लूकोज पानी पीकर, छाता या अंगोछा लेकर ही बाहर निकलें. किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें. डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि अस्पताल में सभी दवाइयां मौजूद है.चिकित्सकों के कमी के बावजूद भी मरीजों को बेहतर सेवा देने का प्रयास होता है. मरीज स्वस्थ्य होकर घर जाए यह मुख्य लक्ष्य होता है. विदित हो कि जिले में लू का प्रकोप जारी है, इससे बचने के लिए उपायुक्त सहित चिकित्सकों ने जनहित में कई बार अपील जारी कर रखा है. आम लोगो को भी इससे बचने की आवश्यकता है. इसके साथ ही बच्चो को भी गर्म हवा के प्रभाव से बचाने की आवश्यकता है।

तपती गर्मी के मौसम में जल दूत बना सेवा सहयोग समिति

# डेढ़ सौ से भी अधिक जगहों पर मरम्मत व नए नल लगाए गए



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
कहा जाता है कि जीवन में कुछ मिले ना मिले दो घोंट पानी मिल जाए तो जिंदगी का एक दिन गुजर जाता है। इसी दृष्टिकोण से सेवा सहयोग समिति ने पूरे गर्मी में ग्रामीणों की सेवा की।समिति द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायत में करीब डेढ़ सौ से भी अधिक चापाकल की मरम्मत एवं नया नल लगाया गया।भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से ग्रामीण जूझ रहे थे ऐसे वक्त पर उनका मसीहा बनकर सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा सामने आए।जल ही जीवन है इसी दृष्टिकोण से हर्ष अजमेरा ने तत्काल रूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में पानी की सुविधा मुहैया कराया है।उनका लक्ष्य है कि सदर विधानसभा क्षेत्र के कोई भी ग्रामीण पानी की किल्लत से परेशान न हो, यहां तक की श्री अजमेरा के द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में कार्यालय संचालित किया गया है ताकि प्रखंड में निवास करने वाले लोगों को कोई तकलीफ ना हो। श्री अजमेरा ने कहा कि सभी प्रखंडों में सहयोग समिति के कार्यालय संचालित है।संज्ञान में आए ग्रामीणों की समस्याओं को तत्काल रूप से हल किया जा रहा है।कई प्रखंडों में 10-10 दिन तक पानी की किल्लत से लोग परेशान रहे, पूरे सदर विधानसभा क्षेत्र में पानी की किल्लत दिन पर दिन बढ़ती जा रही थी और ऐसी स्थिति में चापाकल भी उनका साथ नहीं दे रहा था तब भी हमारी टीम हर वक्त लोगों की सेवा में तत्पर रही,और सूचना के साथ ही चापाकल को तत्काल ठीक किया गया है।

पेयजल समस्या को लेकर सांसद हुए गंभीर

## अर्द्धनिर्मित जलापूर्ति योजना शीघ्र होंगे चालू : पूर्व विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
विस क्षेत्र में गहराते जल संकट को नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने गंभीरता से लिया है. समस्या के कारण और निदान को जानने के लिए सांसद ने 21 जून को सर्किट हाउस हजारीबाग में पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता व कनीय अधिकारियों के साथ कार्य योजनाओं व प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक करेंगे. उक्त जानकारी बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने दी. उन्होंने बताया कि सांसद जनसमस्याओं के समाधान को लेकर पूरी तरह एक्शन मुड़ में है. बरही व चौपारण के पेयजल संकट को शीघ्र दूर किया जायेगा. जवाहर घाटी स्थित अर्धनिर्मित जलापूर्ति योजना के कच्छप निर्माण गति और निर्माण कार्य की अनियमितताओं पर बैठक में समीक्षा की जायेगी. इसके साथ ही दर्जनों गांव में सरकार की अति महत्पूर्ण नल जल योजना किस कारण से फेल है, एजेंसी के कार्यो की मिल रहे शिकायत इत्यादि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया जायेगा. शीघ्र ही पानी की समस्याओं से लोगो को निजात दिलाने का प्रयास किया जायेगा. पूर्व विधायक ने जनप्रतिनिधियों व आम नागरिकों से आग्रह किया है की पेयजल विभाग से संबधित किसी भी प्रकार के शिकायत, समस्या को लेकर आप बैठक में उपस्थित हो। बैठक पूर्वाह्न 11 बजे से प्रारंभ होगा.

पंचायतों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

# 500 से भी अधिक लोगों ने उठाया लाभ



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सेवा सहयोग समिति द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कटकमदाग प्रखंड के सलगांवा पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसका भव्य उद्घाटन सलगांव पंचायत मुखिया मधु रानी,उप मुखिया अवधेश प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात स्वास्थ्य शिविर विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ स्वास्थ्य शिविर में करीब 500 से भी अधिक लोगों ने लाभ लिया, 30 तारीख तक कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके बाद द्वितीय चरण तृतीय चरण एवं चतुर्थ चरण में अन्य प्रखंडों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जिले के सुप्रसिद्ध जनरल फिजिशियन के रूप में चिकित्सा मौजूद रहे, वहीं नेत्र रोग विशेषज्ञ ने लोगों की जांच करते हुए उन्हें बेहतर सलाह दिया साथ ही लोगों को नि:शुल्क दवाइयां वितरण की गई। जांच शिविर के दौरान आने वाले मरीज के बेहतर स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उत्तम व्यवस्था की गई, जिसमें शुद्ध पेयजल, धूप से बचाव के लिए बेहतर टेंट लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर एवं पल्स एवं वजन का निशुल्क जांच किया गया। शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2:00 बजे तक निरंतर रूप से चलते रहा है। इस शिविर में मुखिया मधु रानी, पूर्व मुखिया उदय कुमार साव, उपमुखिया अवधेश प्रसाद वार्ड सदस्य रितेश कुमार,वार्ड सदस्य जानकी प्रसाद इत्यादि थे ।मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की ऐसे बीमार मरीज जो अपना इलाज नहीं करा पाते उनके लिए उनके द्वारा निरंतर ग्राम स्तर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर मरीजों को नि:शुल्क दवा का वितरण भी किया जाता है।

**सम्मानित**

आदर्श दंपति सम्मान से अलंकृत हुए विजय केसरी व मीना देवी

# विवाह बंधन परिवार का आधार स्तंभ होता है : रघुनंदन प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में आयोजित एक समारोह में मंगलवार को शहर के कथाकार सह स्तंभकार विजय केसरी एवं उनकी अर्धांगिनी मीना देवी को 'आदर्श दंपत्ति सम्मान' से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर शांतिकुंज प्रतिनिधि उप जोन समन्वयक रघुनंदन प्रसाद एवं शांतिकुंज परिव्राजक रामनाथ भींगराज ने संयुक्त रूप से विजय केसरी और मीना देवी को अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने, हिंदी कथा साहित्य एवं स्तंभ लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। शांतिकुंज प्रतिनिधि उप जोन समन्वयक रघुनंदन प्रसाद ने कहा कि विवाह बंधन परिवार का आधार स्तंभ होता है। किसी भी परिवार की शुरूआत विवाह बंधन से ही होती है। यह एक आदर्श सामाजिक परंपरा है। इस परंपरा की शुरूआत हमारे ऋषि मुनियों ने की थी। भारत का यह वैवाहिक बंधन संस्कार विश्व भर में अपनी विशिष्टता के लिए जाना जाता है। विश्व के कई विश्वविद्यालयों में भारत के वैवाहिक बंधन संस्कार पर अनेकों शोध हुए हैं। इन शोधों का निष्कर्ष है कि भारत का वैवाहिक बंधन संस्कार विश्व भर के अन्य देशों की तुलना में सर्वश्रेष्ठ है। विजय केसरी और मीना देवी हमारे समाज के लिए अनुकरणीय है। अपने पारिवारिक दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल रहे हैं। वहीं शांतिकुंज परिव्राजक रामनाथ भींगराज ने कहा कि आज विजय केसरी और मीना देवी का विवाह बंधन संस्कार कराकर बहुत ही अच्छा महसूस कर रहा हूं। समाज को ऐसे दंपति से सीख लेने की जरूरत है। दोनों अपने घर गृहस्थी का सफलतापूर्वक संचालन कर, बच्चों को उच्च शिक्षा देकर आदर्श जीवन जीते हुए आगे बढ़ रहे हैं। मौके पर विजय केसरी ने कहा कि वैवाहिक वर्षगांठ किसी भी दंपत्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। पति-पत्नी परिवार के आधार स्तंभ होते हैं।

**भारत का वैवाहिक बंधन संस्कार विश्व भर के अन्य देशों की तुलना में सर्वश्रेष्ठ है**

आजसू की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर हुई चर्चा

## अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें कार्यकर्ता : देवशरण

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आजसू पार्टी जिला कमेटी की बैठक मंगलवार को पार्टी जिला कार्यालय में हुई। अध्यक्षता दिली दांगी और संचालन अनुज तिवारी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय महासचिव संजय रंजन, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंद्रीय सचिव विजय साहू उपस्थित थे। बैठक में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के आगमन पर बुके देकर उनका स्वागत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने पार्टी द्वारा घोषित 100 दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 22 जून को आजसू का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 8 अगस्त को शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर एक लाख कार्यकताओं का रांची में जुटान होगा। जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी मेनीफेस्टो जारी किया जाएगा। 16 अगस्त से 2 अक्टूबर तक पूरे झारखंड में आजसू की निर्माण यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन होगा। सभी कार्यक्रमों में आजसू रामगढ़ जिला के कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाएंगे।

## एक नजर

### सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता की आज से शुरुआत

**कुरडेग।** प्रखंड स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। बीपीओ देशबन्धु शास्त्री ने बताया कि 63 वीं सुब्रतो कप इन्टरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का प्रखंड स्तरीय खेल बुधवार को किया जाएगा। प्रखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों के कुल नौ टीमें भाग लेंगी जिसमें अन्डर 15 बालक वर्ग एवं अन्डर 17 बालक बालिका वर्ग की टीम शामिल है।प्रतियोगिता माइकल किन्डो स्टेडियम में सुबह 7 बजे से शुरू होगी।

### जिला परिषद बोर्ड की बैठक आज

**सिमडेगा।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक 19 जून को दिन के 11 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में जिले में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में वन प्रमंडल, जिला आपूर्ति विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, सिविल सर्जन, बिजली विभाग के जिला स्तरीय पदाधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। बैठक में सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक विक्सल कोंगाड़ी, विधायक भूषण बाड़ा, जिप बोर्ड के सभी निर्वाचित सदस्य, सभी पंचायत समिति सदस्य और प्रमुख को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### महिला ने गलती से कीटनाशक पी लिया बिगड़ी तबीयत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिथरा पंचायत के सरईटोली गांव की 50 वर्षीय पतरसिया सोरेंग नामक महिला ने अपने घर में रखे कीटनाशक को गलती से खा लिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई परिवार वालों ने उसे बिना किसी देर किए हुए इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया, जहां पर उसकी उपचार चल रही है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि महिला नशे का सेवन कर अपने घर में सोई थी और जब पानी प्यास लगी तब वह उठी और घर के कोने में पानी की बोतल में रखे कीटनाशक को पानी समझकर पी लिया ।कुछ देर बाद जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तब परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी उपचार चल रही है डॉक्टर ने बताया कि महिला की स्थिति नाजुक है।

### बाल संसद का पुनर्गठन पूनम बनी प्रधानमंत्री

**मरकच्चो।** प्रखंड के उत्क्रमित मीडिल स्कूल प्रखंड मुख्यालय में बाल संसद का पुनर्गठन किया गया। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने बताया कि बाल सांसद के लिए कक्षा आठवीं की छात्रा पूनम कुमारी को प्रधानमंत्री बनाया गया। वहीं सोनम कुमारी को उप प्रधानमंत्री, श्वेता कुमारी को स्वास्थ्य मंत्री, रचित मोदी को उप स्वास्थ्य मंत्री और ऋतिक कुमार को स्वच्छता मंत्री बनाया गया।

---

### जीईएल प्रावि किनबिरा में विधायक मद से बने विद्यालय भवन का हुआ उद्घाटन

# ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा विधायक की पहल : बिशप ग्लेड्सन बाड़ा

**संवाददाता। सिमडेगा**

प्रखंड के जीईएल प्रावि किनबिरा में विधायक मद से बने विद्यालय भवन का बिशप ग्लेड्सन बाड़ा और विधायक भूषण बाड़ा ने संयुक्त रुप से फीका काटकर किया। मौके पर बिशप ने नव निर्मित विद्यालय भवन में आशीष जल का छिड़काव किया। बिशप ने विधायक मद से विद्यालय भवन बनने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधायक के इस पहल से यहां पढ़ने वाले बच्चों को अब पढ़ने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को मजबुत करने की विधायक की यह पहल मिल का पत्थर साबित होगी। गांव का विकास के लिए शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जाना काफी जरुरी है। कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य अजय एक्का, प्रखड़ अध्यक्ष अजीत लकड़ा, पादरी जस्टिन एक्का,पादरी सूरजमानी एक्का, पादरी प्रेमचंद बड़ा, पादरी गोविंदा महतो, पादरी प्यारा केरकेट्टा, कांडीदत्त शांतियेल टोप्पो, प्रचारक ईरकान खेस, प्रचारक असीम कुजूर, प्रा. डेविड लकड़ा सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



**बच्चों को पढ़ने में नहीं होगी परेशानीः जोसिमा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने विधायक भूषण बाड़ा के सराहनीय पहल पर स्कूल के बच्चों को आज से खपड़ैल नुमा मिट्टी के घर से छुटकारा मिलेगी। अब यहां के बच्चे भी पक्के मकान में आसानी से गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षा स्तर में सुधार बहुत जरुरी है।

**गांव के बच्चों को भी शहरी क्षेत्र के तर्ज पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना उद्देश्य : विधायक भूषण बाड़ा**

मौके पर विधायक ने विद्यालय भवन को बच्चों को सुपुर्द करते हुए कहा कि गांव की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की उनकी छोटी सी एक पहल है। उनका सपना है कि गांव के बच्चों को गांव में ही कम खर्च पर शहरी क्षेत्र के तर्ज पर गुणवतापूर्ण शिक्षा दिलाया जाय। इसी कड़ी में वे लगातार काम कर रहे हैं। आज सभी अल्पसंख्यक स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों की बहाली की जा चुकी है। धीरे धीरे भवन विहिन हो चुके इन स्कूलों के लिए भवन बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव के बच्चों को भी समान रुप से शिक्षा मिलने का पुरा अधिकार है। विधायक ने कहा कि आने वाले दिनों में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाएगा। ताकि गांव के बच्चे भी डीसी, एसपी, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक बन सके।

## सिकरियाटांड़ पहुंची श्री सत्य साई बाबा स्वर्ण रथ शोभायात्रा, ग्रामीणों ने किया स्वागत

**संवाददाता। पाकरटांड**

श्रीसत्य साइ बाबा स्वर्ण रथ का शोभायात्रा विभिन्न गांव में आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को सिकारियाटांड के डिपाटोली पतराटोली बाजार टोली, केराटोली आदि गांव में भगवान का स्वर्ण रथ का भव्य स्वागत एवं दर्शन किया गया एवं पिथरा पंचायत के ग्राम नवाटोली, भंडार टोली एवं जितिया टोली में बाबा के रथ का भव्य शोभायात्रा का दर्शन पूजन किया गया।इधर पतराटोली में भजन सत्संग का भी आयोजन किया गया ।सत्संग के पश्चात महामंगल आरती की गई एवं महाप्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में भगवान बाबा के संदेशों के बारे में श्रीसत्य साई सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष गणपति बडाईक द्वारा बताया गया उन्होंने बताया कि मानव कल्याण एवं सेवा भाव को जागृत कर जगत का उद्धार करना इस रथ यात्रा का परम उद्देश्य है। भगवान श्री सत्य साई बाबा ने अपना जीवन मानव सेवा में ही समर्पित किए हैं। उनका कहना है कि जाति केवल एक है मानवता की जाति। धर्म केवल एक है प्रेम का धर्म और भाषा केवल एक है हृदय की भाषा एवं भगवान केवल एक है जो सर्वव्यापी है। उनके द्वारा प्रेरित किया गया कि श्री सत्य साई धाम पुट्टपर्थी जाकर भगवान दर्शन करने एवं विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए भी आग्रह किया गया। संगठन के आध्यात्मिक समन्वयक सुरेश चौधरी ने कहा कि हम लोगों को अपना भेदभाव उच्च नीच सारे दुगुर्णो को भुलाकर मानवता का धर्म निभाना चाहिए एवं सभी से प्रेम करना चाहिए जीव मात्र पर दया करनी चाहिए एवं विश्व का कल्याण के लिए भगवान से निश्चित रूप से विनती करना चाहिए इसी में सारे विश्व का कल्याण निहित है।





**महारानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस**

## भाजपा सिमडेगा ने किया माल्यार्पण



**संवाददाता। सिमडेगा**

महारानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस के मौके पर भाजपा से मिलेगा के द्वारा मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सिमडेगा के समीप बने महारानी लक्ष्मीबाई के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक अनूप केसरी सहसंयोजक अनिरुद्ध सिंह उपस्थित रहे। जहां पर भाजपा कार्यकताओं के द्वारा बारी-बारी से माल्यार्पण करते हुए सदस्य मां अर्पित किया। मौके पर संयोजक अनूप केसरी ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई पुरुष प्रधान देश होने के बावजूद अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़कर गुलामी की मानसिकता से बाहर आकर अपने प्राणों की आहुति दी थी, जिसे हम याद करने की आवश्यकता है। आज नारी हर रूप में पूजनीय है और महारानी लक्ष्मीबाई की जो जीवनी है उसे हमें सीख लेने की आवश्यकता है। मौके पर श्रद्धानंद बेसरा, रामबिलास बड़ाईक, अनुप प्रसाद, राकेश रविकांत, दिपनरायण दास, विद्या बड़ाईक, करण सिंह, मनोज केसरी, सावित्री देवी,पिंकी प्रसाद, नंदनी दास, कंचन सिंह रुनी कुमारी सहित भाजपा कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

## महारानी लक्ष्मी बाई महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत : मानस प्रसाद

**संवाददाता। सिमडेगा**

महारानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस के मौके पर मंगलवार को सिमडेगा प्रखंड कार्यालय के पास बने महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर बजरंग दल सिमडेगा नगर संयोजक मानस प्रसाद की अगुवाई में माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस मौके पर बजरंग दल के कार्यकताओं ने बारी बारी से माल्यार्पण किया मौके पर महारानी लक्ष्मीबाई अमर रहे भारत माता की जय नारे लगाए। मौके पर नगर संयोजक मानस प्रसाद ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई महिला होकर एक कदम में साहस का परिचय दिया था जिससे कि महिलाओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।18 जून सन 1858 को अंग्रेजों से मुकाबला करते हुए रानी लक्ष्मीबाई वीरगति को प्राप्त हुई थीं। हर साल 18 जून का दिन रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के रूप में उनके शौर्य की याद दिलाता है।रानी लक्ष्मीबाई ने उस दौर में अंग्रेजों को नाको चने चबवा दिए थे, जब युद्ध के लिए सिर्फ पुरुषों को योग्य माना जाता था। रानी लक्ष्मीबाई के युद्ध कौशल के साथ उनका मातृत्व धर्म भी इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। इस मौके पर गौ रक्षा प्रमुख सुमित गुप्ता, राहुल वर्मा, प्रतीक वर्मा, अग्निवेश चौबे, रतन सिंह, सचिन केशरी, अनुज कुमार, सूरज मिश्रा आदि उपस्थित थे।51



## कसौधन समाज बरवाडीह ने धूमधाम के साथ मनाया 20वां स्थापना दिवस

**संवाददाता। कोलेबिरा**

प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरवाडीह में कसौधन समाज का स्थापना 12 जून 2024 को 20 साल पूर्ण होने के उपलक्ष पर समाज के सदस्यों द्वारा सोमवार के संध्या समाज के सदस्यों द्वारा धूमधाम के साथ 20 वां स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही कसौधन समाज के बच्चे जिनका मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में 60% से ज्यादा नंबर से उत्तीर्ण हुए हैं उन बच्चों को समाज के पदाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर, मेडल पहना कर और उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि कश्यप जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर आरती किया गया इसके पश्चात समाज के अध्यक्ष बसंत प्रसाद के द्वारा महर्षि कश्यप ऋषि के जीवनी के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का मुख्य मंच संचालन मीडिया प्रभारी सुमन्त कुमार के द्वारा किया गया। शिक्षा के महत्व के बारे में त्रिवेणी प्रसाद ने उपस्थित बच्चों को जानकारी के साथ मार्गदर्शन भी दिया। जिसके बाद समाज के संरक्षक सह सलाहकार शिवलाल प्रसाद ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में समाज के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। मौके पर समाज के अध्यक्ष बसंत प्रसाद, कोषाध्यक्ष मुनेश्वर प्रसाद, सचिव मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता सुमन्त कुमार, संरक्षक शिवलाल प्रसाद, त्रिवेणी प्रसाद, भोला प्रसाद, बलराम प्रसाद, हितेश्वर प्रसाद, संगीता देवी, लखपतिया देवी, उर्मिला देवी, ज्योति देवी के अलावा समाज के सदस्य गण उपस्थित रहे।



## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम पर हुई बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता वन अधिकार अधिनियम से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिले में अब तक की व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन पट्टा वितरण से संबंधित मामलों की समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिलें में नए दावा हेतु एफ.आर.सी. मामले आये थे और विभिन्न कारणों से रिजेक्ट किया गया है, उन सभी कारणों पर पुनः सही आकलन करते हुए मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में आईटीडीए निदेशक सरोज तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, सहित अन्य उपस्थित थे।

### बानो में तीन दिव्यांगों के बीच बांटी गई ट्राईसाइकिल



**बानो।** बाल विकास परियोजना कार्यालय बानो में प्रखड के तीन चयनित दिव्यांग के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। ट्राइसाइकिल का वितरण बानो प्रमुख सुधीर डांग ने लाभुकों के बीच किया। प्रमुख सुधीर डांग ने कहा अब आपको अपने गाँव टोला में आने जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी।ट्राइसाइकिल का समय समय पर साफ सफाई करते रहे। समय समय पर मरामती कराते रहें। सरकार दिव्यांगों के लिए कई योजनाएं चला रही जिसका लाभ लें। मौके परअनिल सुरीन, छोट केतुङ्गा खास, मादु केरकेट्टा ग्राम सूत्रीउली जवनी कंडुलना ग्राम गट्टी बान्दू के बीच ट्रायसाइकिल का वितरण किया गया। मौके पर महिला सुपरवाइजर संगीता देवी, वीणा पहान आदि लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में ठेठईटांगर पंचायत समिति की मासिक बैठक संपन्न



**ठेठइटांगर।** प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कियाम बैठक में पंचायत समिति से होने वाले योजनाओं के बारे में विस्तार से चचाएं हुई साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने एवं उसे सही ढंग से जनता के हित के लिए कार्य करने, जिससे कि आम जनता को लाभ मिल सके वैसे योजनाओं को चयन करने पर जोर दिया गया साथ ही पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर जितने भी योजनाएं चल रही है उसकी जानकारी दी गई बैठक में मुख्यतः प्रखंड विकास पदधिकारी नूतन मिंज, प्रखंड समन्वयक शुदर्शन मांझी, एई लव बड़ाइक के साथ-साथ सभी पंचायत समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

### कोडरमा डीसी मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में फरियादियों की सुनीं समस्याएं



**कोडरमा।** डीसी मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न इलाके से पहुंचे फरियादियों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को बारी-बारी से डीसी के सामने रखा। डीसी ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मकान को कृषि भूमि दिखाकर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करने, गैरमजरूआ जमीन पर अतिक्रमण करने, बिना नक्शा के मकान बनाने, जबरन कमरे का ताला बंद किए गए ताले को खुलवाने, जमीन का बंटवारा कर देने समेत कई मामलों में आवेदन दिए गए।

---

**राजनीति**

### आदिवासी एकता को तोड़ने के लिए भाजपा एनोस को बाहर लाई

# कांग्रेस गरीब व आदिवासियों की सरकार : कोंगाड़ी

**संवाददाता। जलडेगा**

प्रखंड के मयोमडेगा गांव में कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अमर टोपनो की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी की एक बैठक हुई। बैठक में कोलेबिरा बिधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। विधायक ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा आपने एकजुट रहकर भाजपा और झापा के षड्यंत्र को खत्म कर इंडिया के प्रत्याशी को जिताने का काम किया। उसके लिए धन्यवाद के पात्र है।झारखंड की कांग्रेस महा गठबन्धन सरकार ने झारखंडी हितों को विशेष ध्यान दिया है। हमारी सरकार गरीब, पिछड़ा, आदिवासी, अल्पसंख्यक, दलित, दबे कुचले लोगों की सरकार है। सरकार ने जनहित में कई तरह की योजनाओं को पारित किया है, जिसमे मुख्य रूप से 2 लाख तक का बकाया ऋण राशि को माफ, 125 यूनिट बिजली फ्री, सर्वजन पेंसन योजना,बिधवा पेंसन एवम बृद्धा पेंसन योजना की उम्र सीमा घटा दी है।

वर्षो से रुकी हुई सभी अल्पसंख्यक स्कूलों में शिक्षकों की बहाली इसी सरकार में हुई है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनाओ के माध्यम से हर गांवों को मुख्य पथ से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के माध्यम से 20 लाख राशन कार्ड का वितरण कर राशन कार्ड से बंचित गरीबो को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। हर जिले में एक सीबीएसई स्कूल की तर्ज पर मॉडल स्कूल जहाँ हमारे बच्चे मुफ्त में पढ़ाई कर सकेंगे सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से 8 से 12 क्लास के बालिकाओ को 40 हजार तक कि आर्थिक सहायता अबुआ आवास देकर गरीबो को पक्का मकान देने का कार्य कर रही है उन्होंने कहा केंद्र की सरकार आदिवासी के जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करने का षड्यंत्र कर रही है।



### ट्रक चोरी करने पहुंचे दो अपराधी गिरफ्तार

**कोडरमा।** कोडरमा और हजारीबाग के पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर अंतराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में सोमवार को एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि अंतराज्यीय वाहन चोर गिरोह किसी बड़े वाहन की चोरी की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से कोडरमा और हजारीबाग जिला के सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय है। सूचना के बाद कोडरमा और हजारीबाग पुलिस ने संयुक्त रूप से विशेष टीम गठित कर छापेमारी की। छापेमारी में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

## जंगल से लकड़ी काटने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**संवाददाता। बोलबा**

बोलबा प्रखण्ड के अवगा घरसा गाँव में वन क्षेत्र से लकड़ी काटने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ वन विभाग ने कराया प्राथमिकी दर्ज। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखण्ड के अवगा घरसा गांव मे वन क्षेत्र से 96 पीस लकड़ी काटने का मामला प्रकाश में आया। इसके बाद घटना की सूचना वन रक्षा समिति के लोगों ने वन विभाग को दिया। वन विभाग ने तत्काल घटना स्थल पहुंचकर मामले की छानबीन किया गया। इस संबंध में रेंज अधिकारी शंभु शरण चौधरी ने बताया कि आरोपी विशेश्वर यादव पिता बैछा यादव गांव घरसा के खिलाफ वन अधिनियम 1927 के धारा 33 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में आगे की करवाई की जा रही है ।वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जंगल से लकड़ी काटने वाले लोगों के खिलाफ लगातार छापामारी करते हुए करवाई की जायेगी। वहीं आरोपी विशेश्वर यादव ने कहा कि मैं घर बनाने के लिए कांड़ का उपयोग हेतु लकड़ी काटा हूं।



## एक नजर

### ढिबरा लोड कर बाहर भेजने की थी तैयारी, पुलिस ने ट्रक को किया जब्त



तिसरी : पुलिस ने अवैध ढ़िबरा परिवहन के विरुद्ध कार्यवाई करते हुए ढ़िबरा लदे एक ट्रक को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गिरिडीह एसपी ने निर्देश पर यह कार्यवाई की गई है। बताया जाता है कि अवैध ढ़िबरा परिवहन की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक के नेतृत्व में केंवटाटांड के पास से अवैध ढ़िबरा लदे एक दस पहिया ट्रक न. जेएच 12 सी 3819 को जब्त किया गया है। जिसके बाद पुलिस ने उक्त ट्रक को थाना लाया। बताया जाता है कि उक्त ट्रक में ढ़िबरा लोड कर बाहर भेजने की तैयारी थी। फिलहाल पुलिस मामले में संलिप्त लोगों की पहचान करने में जुटी है।

### 24 जून से जमशेदपुर कोर्ट के समय में बदलाव

**जमशेदपुर।** 24 जून से जमशेदपुर कोर्ट के कार्य समय में बदलाव किया गया है. इसको लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश ने सकुर्लेशन जारी कर दिया है। 24 जून से सुबह 10।30 से शाम 4।30 तक न्यायालय में कार्य होगा। बीच में 1।30 बजे से 2 बजे तक आधे घंटे के लिए अवकाश रहेगा। इसके अलावा न्यायालय परिसर में 10 से 5 बजे तक काम होगा। न्यायालय के कर्मी सुबह 10 बजे तक न्यायालय में आ जायेंगे। अधिवक्ताओं ने कोर्ट के कार्य समय में बदलाव के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश से मांग की थी। इधर, कोर्ट के समय में बदलाव की घोषणा पर अधिवक्ता अक्षय कुमार झा, केशव कुमार सिंह, रंजीत कुमार श्रीवास्तव, रविंद्र दुबे, राजीव रंजन सहित अन्य अधिवक्ताओं ने अपनी सहमति देते हुए कहा कि अब काम करने में आसानी होगी और सभी को न्याय सुलभ रूप से प्राप्त होगा।

### मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाया जाएगा उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**जमशेदपुर।** क्षेत्र में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम चलाया जाएगा। यह बात प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तपन कुमार सतपति ने कही। वे मंगलवार को चक्रधरपुर के मारवाड़ी प्लस टू विद्यालय सभागार में आयोजित शिक्षकों की गोष्ठी में बोल रहे थे। गोष्ठी दो पाली में हुई। पहली पाली में सभी कोटि के उच्च, मध्य एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा दूसरी पाली में सभी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित हुए। इस दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तपन कुमार सतपति ने कहा कि मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर 18 से 26 जून तक विभिन्न विद्यालयों में यह कार्यक्रम चलाया जाना है। इस दौरान छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण पर भी चर्चा की गई।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए बीएलओ को दिए निर्देश

**चक्रधरपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी के तहत मतदाता पुनरीक्षण कार्य का भी काम तेज कर दिया गया है। इसे लेकर मंगलवार को चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय सभागार में बीएलओ की बैठक हुई। वहां मौजूद अंचलाधिकारी गिरजानंद किस्कू ने कई निर्देश दिए। इस मौके पर सभी बीएलओ को मतदाता पुनरीक्षण कार्य से संबंधित फॉर्म 6, 7 और 8 के बारे में बताया गया। इस मौके पर सीओ गिरजानंद किस्कू ने सभी बीएलओ डोर टू डोर जाकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य के तहत सत्यापन का कार्य करें।

# हथियार छोड़ मुख्य धारा में लौट आएं नक्सली, वरना मारे जाएंगे : डीजीपी

## डीजीपी ने मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को ढेर करने वाली टीम को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा(पश्चिमी सिंहभूम)**

जिले के गुवा और जेटेया थाना क्षेत्रों के लिपुंगा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच सोमवार को हुई मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर हो गए थे। इस दौरान दो नक्सली गिरफ्तार भी किए गए थे। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को जवानों की हौसला अफजाई की। उन्होंने सुरक्षा बलों की पूरी टीम को चाईबासा पुलिस केंद्र में सम्मानित किया।

चाईबासा पुलिस लाइन में आयोजित सम्मान समारोह में ऑपरेशन में शामिल सीआरपीएफ, कोबरा, जगुआर और जिला पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पुरस्कृत किया। अजय कुमार सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। चाईबासा में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाते हुए पांच को ढेर कर दिया और दो नक्सलियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।



डीजीपी ने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिला पूरे झारखंड का सबसे बड़ा जिला है।

साथ ही सबसे बड़ा नक्सल प्रभावित क्षेत्र भी है। ऐसे में इस तरह की उपलब्धि राज्य के लिए गौरव की बात है कि सुरक्षा बलों ने दो वर्षों के ऑपरेशन के दौरान इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौट आएं। डीजीपी ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चलता रहेगा। नक्सली या तो हिंसा का मार्ग, हथियार छोड़कर मुख्य धारा में शामिल हों अन्यथा ऐसे ही मारे जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के अति नक्सल प्रभावित जिलों में झारखंड का चाईबासा 12वां जिला है और झारखंड में पहला जिला है जो अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। जल्द ही सारंडा और इस जिले को नक्सली मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा।

इस मौके पर चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर एवं जिला पुलिस के पदाधिकारी, आईजी ऑपरेशन एवी होमकर, सीआरपीएफ के डीआईजी एसके लिंडा, जोनल आईजी अखिलेश झा, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद लाठकर, झारखंड जगुआर डीआईजी इंद्रजीत महथा समेत वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बोकारो के डीवीसी पावर प्लांट में विद्युत प्रवाहित केबल कटिंग के दौरान दो मजदूर गंभीर रूप से झुलसे

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

बोकारो के डीवीसी पावर प्लांट में मंगलवार सुबह चालू बिजली लाइन का केबल कटिंग के दौरान फ्लैशिंग से दो मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये। आनन-फानन में दोनों का प्लांट में स्थित अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। इसके बाद चिकित्सकों की सलाह पर जिले के बीजीएच हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।

बताया जाता है कि स्क्रैप वाले बी पावर प्लांट की कटिंग का कार्य हैदराबाद की राधा स्मेलटर्स कंपनी को दिया गया है। प्लांट फायर सेक्शन के समीप जीरो मीटर लेवल पर कंपनी के सुपरवाइजर के निर्देश पर गोविंदपुर पंचायत के दो मजदूर केबल काटने गये। इस दौरान दोनों बैगर किसी सेफ्टी के इस कार्य को अंजाम दे रहे थे। इस दौरान जोर का फ्लैशिंग होने पर दोनों मजदूर झुलस कर पास में स्थित एक नाले में गिर पड़े। मजदूरों की पहचान नकुल राम और लखन सिंह के रूप में ही हुई है।

नकुल राम का पैर, चेहरा, बायां हाथ तथा दाहिने हाथ का एक हिस्सा झुलस गया जबकि मजदूर रवि सिंह का दाहिना हाथ, कंधा और चेहरे का कुछ हिस्सा झुलस गया। कार्यस्थल पर मौजूद बाकी



कामगारों ने कंपनी के ही एंबुलेंस से तत्काल दोनों घायलों को डीवीसी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉ एसके झा सहित अन्य डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ एवं फार्मासिस्ट की टीम ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

डीवीसी के सेफ्टी ऑफिसर अशोक कुमार चौबे ने बताया कि जिस लाइन को काटा जा रहा था वह चालू लाइन का केबल था। इसे देखने के लिए इलेक्ट्रिकल विभाग के इंजीनियर को रखा गया है। यदि समय पर दोनों का इलाज नहीं होता तो उनकी जान भी जा सकती थी। जब इंजीनियर सचिन बोदलकर से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसे देखने के लिए इलेक्ट्रिकल विभाग के अधिकारी एवं इंजीनियर हैं। उनको ही बताना होता है कि कौन सा केबल काटना है और कौन सा नहीं। इस मामले को लेकर एचओपी आनंद मोहन प्रसाद को उनके मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## न्यूज बॉक्स

### गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाने से ग्रामीणों में खुशी की लहर



**धनबाद ।** धनबाद जिले अंतर्गत टुंडी विधानसभा क्षेत्र के सबसे सुदूरवर्ती कदैंया पंचायत के नेटवारी गांव में आज झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छोटा टाइगर, छोटू रजक केंद्रीय सचिव युवा मोर्चा पप्पु पहाड़ी महतो, धनबाद जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रेम रजक बरवाअड्डा जोन प्रवक्ता नीरज कुमार शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर नारीयल फोड़कर विधि विधान से गांव में नया ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया गया। कदैंया पंचायत के नेटवारी गांव में नया ट्रांसफार्मर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर आ जाने से ग्रामीणों में खूशी के लहर आई है इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को बिजली की आपूर्ति हो जाने से सभी को राहत मिला।

### अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ ने एक दिन में अधिकतम बीमा करवाने का लक्ष्य लिया : सचिव धर्म प्रकाश

**गिरिडीह।** अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ गिरिडीह शाखा ने एलआईसी शाखा परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित कर उत्कृष्ट विकास अधिकारी, मुख्य बीमा सलाहकार तथा अभिकत्ताओं को शिल्ड, उपहार तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संघ के सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि हमारे संगठन अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ ने एक दिन में अधिकतम बीमा करवाने का लक्ष्य लिया, जिसके तहत विकास अधिकारी, मुख्य बीमा सलाहकार तथा अभिकत्ताओं से आग्रह किया कि 13 मार्च 2024 को मेरा निगम मेरा गौरव कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक बीमा व्यवसाय किया जाए। इस कार्यक्रम के तहत एलआईसी एक दिन में 13 मार्च 2024 को 2,32,395 नव व्यवसाय कर 436.66 करोड़ रु प्रथम प्रीमियम आय अर्जित का नया किर्तिमान स्थापित किया इस कार्यक्रम के तहत गिरिडीह शाखा ने 695 नव व्यवसाय कर हजारीबाग मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विकास अधिकारी अमित कुमार डे तथा अमरनाथ मंडल, मुख्य बीमा सलाहकार अशोक कुमार गुप्ता एवं 11 अभिकत्ताओं को सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही साथ कल दिनांक 19 जून 2024 को मंडल कार्यालय में मंडल स्तर के सर्वोच्च 25 अभिकताओं एवं दो विकास अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

### साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त से मिले दर्जनों फरियादी

**जमशेपुर।** जिला समाहरणालय में आयोजित सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण को लेकर आए लोगों से जिला दण्डधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला मिले। उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना और उनके आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसरित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने कुछ समस्याओं का तत्काल ही समाधान भी किया। बता दें कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं।

# चलती गाड़ी का टायर फटा एक की मौत, तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के गावां-नवादा मुख्य पथ के मल्हेत में मंगलवार की सुबह चलती हुई सवारी गाड़ी के टायर फट जाने से बड़ी दुर्घटना हो गई। टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बिजली पोल व रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया है। इधर घटना की सूचना पर गावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर



पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। मौके से वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। मृतक की पहचान गावां थाना इलाके के अमतरो निवासी 42 वर्षीय मनोज मुशहर के रूप में की गई है। बताया जाता है कि उक्त वाहन गावां से बिहार के नवादा जा रही थी। इसी दौरान घटना हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रिश्ता ठीक करने जा रहा था। घटना के बाद परिजनों पर गमों का पहाड़ पड़ा। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### गुड़ाबांदा में कम मानव दिवस सृजन पर रोजगार सेवकों को शोकॉज

**गुड़ाबांदा।** गुड़ाबांदा प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक बीडीओ डांगुर कोड़ा के अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मनरेगा, पशुपालन, कल्याण विभाग, छात्रवृत्ति, साईकिल वितरण योजना, 15वीं वित्त आयोग, आबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, पीएम जनमन, आदिम जनजाति आवास , कृषि, केसीसी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, स्वास्थ्य, हर घर जल हर घर नल , वन विभाग से संबंधित योजना से संबंधित योजनाओं पर समीक्षा किया गया। सभी संबंधित को समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अन्तर्गत सभी सुयोग्य लाभुकों को तत्काल पेंशन स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया।

## बिजली कटौती को लेकर लोगों में आक्रोश

### पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने महाप्रबंधक के नाम सौंपा पत्र



**त्तिसरी।** भीषण गर्मी में धनवार विधानसभा क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती को लेकर धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने विधुत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्व विधायक ने क्षेत्र के तिसरी, गावां व राजधनवार में पूर्व में आपूर्ति किए जा रहे 11 मेगावाट बिजली के जगह पर मात्र 4 मेगावाट बिजली सप्लाई देने समेत अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को विद्युत विभाग को मांग पत्र सौंपा है। साथ ही अल्टीमेटम देते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

**इन मांगो को लेकर 24 जून तक का अल्टीमेटम**

यादव ने मुन्ना राणा, मुन्ना गुप्ता, छोटू यादव, राजेश यादव आदि कार्यकताओं के साथ तिसरी विधुत सब स्टेशन के कर्मचारी के हाथों झारखंड बिजली वितरण लिमिटेड के महाप्रबंधक के नाम मांग पत्र सौंपते हुए धनवार,गांवा और तिसरी में 12 मेगावाट बिजली सुनिश्चित करने, तिसरी में एसडीओ और गांवा में कनीय अभियंता के रिक्त पदों पर पोस्टिंग करने,गांवा के गदर पावर ग्रिड को चालू करने और तमाम गांवों में जले हुए ट्रांसफर्मर और जर्जर हुए तारों को 24 जून तक बदलने की मांग की है। अन्यथा 24 जून के बाद विद्युत सबस्टेशन का घेराव करने और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है। मौके पर श्री यादव ने कहा कि आज इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती से जनता व किसानों को भारी - परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।गदर में 139 करोड़ की लागत से बना पावर ग्रिड वन विभाग द्वारा एनओसी नहीं देने के कारण अब तक चालू नहीं किया गया है। इस मामले को लेकर उन्होंने उपायुक्त को भी जानकरी दी है।उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन और विद्युत महाप्रबंधक ने इसका समाधान नहीं निकला तो 24 जून से विद्युत सब स्टेशन में अनिश्चितकालीन घेरा डालो - डेरा डालो व धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

## पानी की मांग को लेकर जिप सदस्य ने खोला मोर्चा

### पीएचईडी 2 कार्यालय में की साफ-सफाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के विभिन्न प्रखंडों में भीषण गर्मी के बीच पेयजलापूर्ति नहीं होने से लोग परेशान हैं। आए दिन इसको लेकर विरोध प्रदर्शन भी हो रहा है।

वहीं इन सब के बीच डुमरी भाग संख्या 32 की जिला परिषद सदस्या सुनीता देवी ने भी पानी की समस्या को लेकर मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को जिप सदस्या सुनीता देवी पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 2 कार्यालय पहुंची और विरोध दर्ज कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि या तो विभाग इलाके में पानी दें या फिर उन्हें कार्यालय में साफ सफाई का काम दे दें। मौके पर विरोध स्वरूप उन्होंने कार्यालय में झाड़ू भी लगाया।

इस बाबत उन्होंने कहा कि करोड़ों की लागत से 5 जलमीनार बनाया गया है, लेकिन 100 घर पानी नहीं पहुंच पा रही है। पेयजलापूर्ति योजना पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। योजना में सिर्फ ठेकेदार कमा रहे हैं जबकि आम जनता बेहाल है।

### खड़े हाइवा में पीछे से पिकअप वैन ने मारी टक्कर, दो घायल

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एनएच 49 पर चित्रेश्वर मोड़ के समीप मंगलवार शाम को खड़े हाईवा में पीछे से पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दी। चालक गुहिपाल पंचायत अंतर्गत बांकदह गांव निवासी अंशुमान बेरा (30) और सहचालक मानुषमुड़िया गांव निवासी विकास कुंडू (20) बुरी तरह से घायल हो गये। उसे स्थानीय लोगों की सहायता से पुलिस 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया। वहां दोनों का प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए उच्च चिकित्सा हेतु रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पिकअप वैन सब्जी कोलकाता के धुलागढ़ से खाली करके बहरागोड़ा लौट रहा था। तभी हाईवे पर खड़े हाइवा के पीछे जोरदार टक्कर हो गई। उधर पुलिस दोनों वाहन को जब्त कर अपने स्तर से जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

## सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ परिवार झारखंड धाम से पूजा कर लौट रहे थे सभी

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

थाना इलाके के तिसरी- मंडरो मुख्य मार्ग के खिजुरी क्रेशर मोड़ के समीप मंगलवार की सुबह हुए सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के बाद तत्काल आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस और 108 एंबुलेंस सेवा में सूचना दी। जिसके बाद एंबुलेंस व पुलिस दोनों मौके पर पहुंची और आमजनों की मदद से सभी को तिसरी स्वास्थ्य केंद्र लाया। इस दौरान डॉ. महेश्वरम और डॉ. जैनेंद्र ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया और फिर सभी को सभी हो उच्च सेंटर रेफर कर दिया।

**ये हुए घायल**

घायलों में 60 वर्षीय सरस्वती देवी, 50 वर्षीय शिला देवी, फुलमंती देवी, बुधन यादव, कार चला रहे दिलीप यादव और उनका 12 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार है।



**कैसे हुई घटना**

बताया गया कि तिसरी के सिंघो पंचायत के धोवापाट गांव के दिलीप यादव अपने परिवार के साथ निर्जला एकादशी व्रत के अवसर पर झारखंडधाम गए हुए थे। पूजा करके लौटने के दौरान वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे स्थित पेड़ से जा टकराया। हालांकि गनीमत रही कि कार का एयर बैग समय पर खुल गया वरना बड़ी घटना हो सकती थी।

# रांची में सुचारू रूप से नहीं हो रही पुलिस पेट्रोलिंग

## पिछले एक माह में कई बड़ी घटनाएं हुई घटित





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पिछले एक माह में अब तक कई चेन स्नैचिंग, ज्वेलरी लूट, बैंक से निकलते ही पैसे की लूट सहित कई वारदात हो चुकी हैं। साथ ही, शहर के कई इलाको में देर रात तक सार्वजनिक स्थलों पर नशेड़ियों का अड्डाबाजी जारी है। ऐसे में पुलिस पेट्रोलिंग पर सवाल खड़े हो रहे है।

जबकि, सभी थाने अपनी-अपनी पेट्रोलिंग करने के साथ रांची के सभी क्षेत्र के लिए कुल 30 पीसीआर वैन तथा 62 टाइगर की सुविधा है। कई बार घटना स्थल तक पहुंचने से पहले पीसीआर वैन खराब हो चुके हैं। इस संबंध में एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा है कि सभी पेट्रोलिंग वाहन में जीपीएस सिस्टम लगा हुआ है। सभी वाहन पहले की भांति सभी क्षेत्रो में नियमित भ्रमण कर रहे हैं।

### पीसीआर वैन को है अपग्रेडेशन का इंतजार

15 साल पुरानी गाड़ियों से पेट्रोलिंग कार्य हो रहा है। इस वजह से कई बार घटना स्थल तक पहुंचने से पहले ही वाहन खराब हो गए हैं। जबकि, पुलिस अफसरों के लिए नई गाड़ियों की खरीददारी की बात सामने आई है। वर्तमान में झारखंड पुलिस द्वारा उपयोग किए जाने वाले सैंकड़ो छोटे चार पहिया वाहन 15 साल से ज्यादा पुराने हो चुके हैं। जब तक नए वाहन नहीं आ जाते हैं, तब तक इन पुराने वाहनों को मरम्मत करके उपयोग में लाया जाएगा। वहीं, इस वित्तीय वर्ष के लिए सैंकड़ो की संख्या में छोटे चार पहिया वाहनों को किराये पर लेने का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया है।

**इन स्थानों पर पेट्रोलिंग की है जरूरत**

गोंदा डैम पश्चिम की ओर, सीसीएल कॉलोनी कांके से एदलहातू जाने वाले रास्ते में, देवी मंडप डैम साइड, हेसल तालाब, बिड़ला मैदान का दक्षिण पश्चिम कोना, कठर गोंदा, सुखदेव नगर थाना क्षेत्र, पहाड़ी मंदिर वेस्ट, हरमू मैदान, हिंदपीढ़ी काली बाबू स्ट्रीट मार्ग, मोरहाबादी सैनिक छावनी, मोरहाबादी से एदलहातू चौक, कांटा टोली बस स्टैंड रैन बसेरा, दिव्यायन तालाब मोरहाबादी, मधुकुम, लोहरा कोच्चा।

" 112 में प्रत्येक दिन 120 के आसपास फोन कॉल्स आते है। फोन के आते ही संबंधित थाने और पीसीआर को सूचित कर दिया जाता है। इसके बाद घटना स्थल तक पहुंचने में जो समय लगे, वे तुरंत पहुंचते हैं। पीसीआर के लिए कई ठहराव स्थल बना हुआ है, जहां से वे संबंधित स्थान में पहुंच जाते हैं।

**श्री राम समद, एएसपी, सीसीआर।**


GOVERNMENT OF JHARKHAND
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)

OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)

e-procurement Notice

Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/02/2024-25 Date:- 12.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | Construction of weighbridge Room, Approach Road, with supply, installation and commissioning of weighbridge In District Lohardaga, Gumla, Palamu, Garhwa & Hazaribagh. |
| 02. | Estimated Value of work(IN Rs) | 2,15,89,230.00 |
| 03. | Earnest Money (IN Rs) | 4,31,800.00 |
| 04. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 05. | Time of Completion | 06 Months |
| 06. | Date Of Publication on Website | 26.06.2023 AT 11:00 AM |
| 07. | Last Date & Time of Submission of bids | 10.07.2023 Up to 05:00 PM |
| 08. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan, Singh More Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 |
| 09. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 26.06.2024 at 11:00 AM to 10.07.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 10.07.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be Opened at 05:00 PM on 11.07.2024

03. Estimate Cost May Vary.

04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 326711 Co-opretive(24-25)D

## मोदी का व्यक्तित्व और संघ प्रमुख की सलाह

***अपनी*** विशिष्ट शैली से वैश्विक पहचान और लोकप्रियता पाने वाले मोदी के विराट व्यक्तित्व ने संघ नेताओं के लिए कोई अवसर ही नहीं दिया कि वे कोई मुद्दा उनके सामने उठाएं। इसीलिए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लोकसभा में भाजपा के बहुमत हासिल नहीं करने पर अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में कहा कि एक सच्चे सेवक को 'अहंकार' नहीं होना चाहिए और दूसरों को नुकसान पहुंचाए बिना अपना काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि तीखे चुनाव प्रचार के दौरान 'मर्यादा का ख्याल नहीं रखा गया।' हालांकि संघ के भीतर के कई लोगों ने संकेत देने की कोशिश की कि उनकी टिप्पणियां केवल मोदी और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व पर ही नहीं थीं। सामान्यतः संघ रोजमर्रा के राजनीतिक मामलों से दूर दिखना चाहता है और वह 2025 में अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर अपना जनाधार बढ़ाने में व्यस्त है। कुछ संघ कार्यकर्ता राष्ट्र एवं राज्य स्तरीय संगठन सचिव या संयुक्त संगठन सचिव के रूप में भाजपा के लिए काम करते हैं। ये पूर्णकालिक कार्यकर्ता 'प्रचारक' कहे जाते हैं। मोदी स्वयं संघ के प्रचारक थे और भाजपा संगठन में सचिव के पद पर थे। भाजपा और संघ के बीच प्रकटतः न तो हितों का टकराव रहा है और न ही सत्ता संघर्ष रहा है, क्योंकि वे अलग-अलग क्षेत्रों में काम करते हैं। बताया जाता है कि संघ नेतृत्व समझता है कि राजनीति की अपनी मजबूरियां होती हैं और भाजपा उनका पालन करने के लिए स्वतंत्र है। संघ न तो शासन-प्रशासन और न ही भाजपा की राजनीतिक गतिविधियों में दखल देने की बात कहता है। केंद्रीय भाव यह है कि वह वैचारिक मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है और आगे भी निभाता रहेगा। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान संघ ने चुप्पी साधे रखी, जबकि ऐसी खबरें भी आईं कि प्रचारक मतदाताओं को एकजुट करने में उत्साह नहीं दिखा रहे हैं। हालांकि भाजपा के बहुमत से चूक जाने के तुरंत बाद आलोचनात्मक स्वर उभरे। भागवत की यह टिप्पणी ऐसे समय आई, जब इस बात को लेकर काफी चर्चा हो रही है कि क्या संघ ने वास्तव में भाजपा से दूरी बना ली है और चुनाव के दौरान दिल से उसका समर्थन नहीं किया? नतीजों के बाद अपनी पहली टिप्पणी में संघ प्रमुख ने प्राथमिकता के आधार पर मणिपुर संघर्ष खत्म करने और सरकार तथा विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता पर बल दिया था। संघ नेता इंद्रेश कुमार ने कहा कि भगवान राम ने एक 'अहंकारी' पार्टी को लोकसभा में बहुमत पाने से रोक दिया, जो 'रामभक्त' होने का दावा करती थी। फिर एक संघ विचारक रतन शारदा ने संघ के मुखपत्र 'ऑर्गेनाइजर' में लिखा कि चुनावी नतीजे अति आत्मविश्वासी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए 'रियलिटी चेक' थे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेतृत्व ने चुनाव में सहयोग के लिए संघ के स्वयंसेवकों से संपर्क नहीं किया। संघ के कई नेता भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से नाराज थे, जिन्होंने चुनाव से पहले कहा था कि भाजपा को संघ की जरूरत नहीं है। उनका मानना था कि इससे संघ कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा है। प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी के विपरीत मोदी को पिछले दस वर्षों में संघ से कोई बड़ी समस्या नहीं हुई। उन्होंने संघ और भाजपा के लक्ष्यों को पूरा किया, जिनमें अनुच्छेद 370 हटाना और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण जैसे बड़े मुद्दे शामिल हैं। वाजपेयी के बाद मोदी संघ का मुखौटा नहीं हैं। वास्तव में वे संघ की विचारधारा के सबसे अच्छे उत्पादों में से एक हैं। साथ ही, मोदी एक ऐसे नेता हैं, जो 2024 के नतीजों को भूलने वाले नहीं हैं। वे विस्तार से पता लगाएंगे कि नतीजे भाजपा के लिए अच्छे क्यों नहीं रहे। इसलिए गहनता से देखें, तो मोदी और संघ के बीच कोई मूलभूत द्वैध नहीं है। 1980 के दशक में संघ ने मोदी को भाजपा को सौंपा था और वह प्रधानमंत्री बने। हां, यह जरूर है कि भाजपा के साथ मोदी की छवि 'लार्जर देन लाइफ' है। ऐसे में, भले ही भाजपा लोकसभा में बहुमत पाने से चूक गई हो, लेकिन पार्टी पर उनकी पकड़ और मतदाताओं पर उनके प्रभाव को आसानी से खारिज नहीं किया जा सकता। जब भी भाजपा की स्थिति थोड़ी कमजोर होती है, तो बाहर-भीतर के आलोचक संघ-भाजपा के बीच सत्ता-संघर्ष की काल्पनिक कहानी गढ़ने लगते हैं।

इन दिनों

# जन स्वास्थ्य प्रणाली में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवा का मानकीकरण

**लेखक**

**डॉ. जे. एन. श्रीवास्तव :** सलाहकार, क्यूपीएस डिवीजन, एनएचएसआरसी
**डॉ. के. मदन गोपाल :** सलाहकार, पीएचए डिवीजन, एनएचएसआरसी
**डॉ. स्वर्णिका पाल :** वरिष्ठ सलाहकार, पीएचए डिवीजन, एनएचएसआरसी
**डॉ. अभय दहिया :** सलाहकार, क्यूपीएस डिवीजन, एनएचएसआरसी

***राष्ट्रीय*** स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) एक महत्वपूर्ण पहल रही है, जिसका उद्देश्य व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सेवा तक सार्वभौमिक पहुंच हासिल करना है। एनएचएम; स्वास्थ्य सेवा की अवसंरचना को मजबूत करने, मानव संसाधनों को बढ़ाने और आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। इसमें मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय और स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की कमी झेल रहे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाती है। ये प्रयास, सामूहिक रूप से जन स्वास्थ्य में सुधार और प्रत्येक नागरिक के लिए स्वास्थ्य सेवा सुलभ बनाने के प्रति भारत के समर्पण को दर्शाते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से, भारत ने जनसंख्या स्थिरीकरण, मातृ, शिशु व बाल स्वास्थ्य और संचारी रोगों से संबंधित प्रमुख संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार किया है। भारत में ऐसे संकेतकों में गिरावट की औसत दर वैश्विक औसत से अधिक रही है, विशेष रूप से मातृ, शिशु और पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर के मामले में। हालांकि, देश की स्वास्थ्य प्रणाली विभिन्न चुनौतियों का सामना करती रही है, जैसे बढ़ती आबादी और नई बीमारियां, दी गई नैदानिक स्थितियों के लिए देखभाल की परिवर्तनशीलता और उपयुक्तता तथा सेवाओं की गुणवत्ता आदि।

**स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करना और देखभाल की गुणवत्ता बढ़ाना**

योजनाबद्ध कार्यक्रमों के बावजूद, जन स्वास्थ्य सुविधाओं के कम उपयोग, अनुचित या असुरक्षित उपचार, गलत निदान और अपमानजनक तरीके से सेवा देने आदि से संबंधित चुनौतियों के लिए खराब अवसंरचना, स्वास्थ्य कर्मियों के रूप में मानव संसाधनों (एचआरएच) की कमी और देखभाल की कम गुणवत्ता जैसे कारकों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। ये चुनौतियां; अप्रत्याशित, असामयिक मौतें, जिन्हें रोका जा सकता था, खराब स्वास्थ्य, व्यक्तियों पर वित्तीय बोझ और जन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के प्रति लोगों के विश्वास में कमी से सीधे जुड़ी हुई हैं। इन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने समय पर उपाय करने और चुनौतियों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई। इस दिशा में विभिन्न उपायों में से एक है - संशोधित भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (आईपीएचएस), 2022 के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में देखभाल के सभी स्तरों पर सुविधाओं से जुड़े मानकों का उन्नयन करना है, जो सभी जन स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के घटकों को बेहतर बनाने के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करता है। आईपीएचएस दिशानिर्देशों का एक महत्वपूर्ण पहलू है- आवश्यक (न्यूनतम) और हासिल करने योग्य (अपेक्षित) सेवाओं पर विशेष जोर। स्वास्थ्य सेवा की प्रत्येक सुविधा को न्यूनतम सेवाओं का एक सेट प्रदान करना आवश्यक है, ताकि भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित की जा सके। दिशा-निर्देश अवसंरचना, उपकरण, दवाओं, निदान, मानव संसाधन आदि के लिए मानक निर्दिष्ट करते हैं तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को योजना बनाने और सुसंगत एवं विश्वसनीय देखभाल सुनिश्चित करने में सहायता करते हैं। आईपीएचएस के प्रमुख लक्ष्य बहुआयामी हैं और स्वास्थ्य सेवा के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप हैं। आईपीएचएस समय पर देखभाल के दृष्टिकोण के साथ स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केन्द्रों की स्थापना के लिए जनसंख्या मानदंडों को फिर से डिजाइन करके बेहतर पहुंच पर ध्यान केंद्रित करता है। यह रोगी को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केन्द्रों में भेजने के लिए एक निर्बाध प्रणाली स्थापित करने के लिए इनपुट भी प्रदान करता है। इसके अलावा, आईपीएचएस; स्वास्थ्य सेवाएं रोगी के अनुकूल होनी चाहिए और सम्मानजनक तरीके से प्रदान की जानी चाहिए तथा सभी पर वित्तीय बोझ कम पड़ना चाहिए आदि को सुनिश्चित करने की दिशा में भी इनपुट प्रदान करता है। आईपीएचएस द्वारा जन स्वास्थ्य सुविधाओं में देखभाल के प्रत्येक स्तर के लिए विनिदेशों का एक सेट प्रदान करने के साथ, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय अनुचित और असुरक्षित उपचार, छूटे हुए निदान आदि को रोकने तथा जन स्वास्थ्य संस्थानों में सम्मानजनक देखभाल प्रदान करने के लिए देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करने की आवश्यकता को प्राथमिकता देता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) को यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन और कार्यान्वित किया गया है कि जन स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में सेवाएं न केवल सुरक्षित और रोगी-केंद्रित हों, बल्कि गुणवत्ता का भरोसेमंद स्तर भी हो। यह पहल, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता को समझने, मापने और सुधारने से जुड़ी कमियों को दूर करने पर केंद्रित है। जन स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा का प्रावधान एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो रोगी के परिणामों, सुरक्षा और समग्र रोगी संतुष्टि को प्रभावित करता है। यह समुदाय के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी सहायता करता है, रोगी के अनुभवों को बढ़ाता है और देखभाल की लागत को कम करके सेवा प्रदाता के अनुभव में वृद्धि करता है। जन स्वास्थ्य सुविधाओं में मानकीकृत सेवाओं की उपलब्धता का आश्वासन होने से जन स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ता है, जो आगंतुकों की बढ़ी हुई संख्या और सभी हितधारकों के साथ बेहतर संबंधों से पता चलता है। एनक्यूएएस कार्यान्वयन ने स्वास्थ्य सुविधाओं की विनियामक आवश्यकताओं और अग्नि सुरक्षा आदि से जुड़ी तैयारियों के अनुपालन को भी सुनिश्चित किया है। स्वास्थ्य सेवा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने से असमानताओं का भी समाधान हुआ है और यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी रोगियों को, उनकी पृष्ठभूमि या परिस्थितियों की परवाह किए बिना, समान देखभाल मिले। यह स्वास्थ्य समानता और सामाजिक न्याय हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण है और सभी के लिए जीवन को आसान बनाने के सरकार के सिद्धांत के अनुरूप है। हाल की महामारी से सीख लेते हुए और भविष्य की किसी भी सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति की तैयारी करने के क्रम में, भारतीय जन स्वास्थ्य प्रणालियों की अवसंरचना को बड़े पैमाने पर समर्थन देने के लिए अखिल भारतीय मिशन, यानी प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) की शुरूआत हुई। अवसंरचना और निगरानी गतिविधियों पर मुख्य ध्यान दिया गया। लागत प्रभावी प्रयोगशाला प्रणालियों के माध्यम से सेवाओं की पहुंच, दक्षता, प्रभावशीलता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पीएम-एबीएचआईएम के तहत एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला (आईपीएचएल) को एक प्रमुख घटक के रूप में डिजाइन किया गया। ये प्रयोगशालाएं न केवल तेज, विश्वसनीय और सटीक परीक्षण परिणाम प्रदान करेंगी, बल्कि प्रभावी नैदानिक और निगरानी सेवाओं के लिए जिला व उप-जिला स्तर पर संपर्क भी स्थापित करेंगी, इस प्रकार एक सुदृढ़ स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण की दिशा में भारत के कदम को आगे बढ़ाएंगी। देश में विशाल भौगोलिक एवं जनसांख्यिकीय विविधता और अलग-अलग क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों के साथ, भारत सरकार ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने का प्रयास जारी रखा है, जो सुरक्षित, प्रभावी, रोगी केंद्रित, समय पर उपलब्ध, कुशल और न्यायसंगत हैं। संक्षेप में, आईपीएचएस दिशानिर्देश परिवर्तन के एक प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करते हैं, जो भविष्य के मार्ग को रोशन करते हैं, जहां स्वास्थ्य सुविधाएं प्रत्येक स्तर पर सेवा सुविधा देने के लिए आवश्यक विशिष्टताओं के एक निर्धारित सेट के साथ कार्य कर रहीं हैं। समान मानक निर्धारित करके और उनके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करके, आईपीएचएस का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ, किफायती और सम्मानजनक बनाना है, विशेष रूप से कमजोर और वंचित समुदायों के लिए। समानांतर रूप से, जन स्वास्थ्य सुविधाओं में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा मिली है, जो सुरक्षित, प्रभावी और रोगी-केंद्रित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे स्वास्थ्य परिणाम बेहतर होगा, रोगी का अनुभव बेहतर होगा और अधिक कुशल जन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की सुविधा प्राप्त होगी। ये परिवर्तनकारी पहल स्वास्थ्य परिणामों में सुधार, रोकथाम योग्य बीमारियों के बोझ को कम करने और सरकार की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर नए सिरे से विश्वास और निर्भरता को बढ़ावा देने का भरोसा देती हैं।

**(डॉ. जे एन श्रीवास्तव सलाहकार हैं और डॉ. अभय दहिया गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा प्रभाग के विशेषज्ञ हैं; डॉ. के मदन गोपाल सलाहकार हैं तथा डॉ. स्वर्णिका और डॉ. अर्पिता वरिष्ठ विशेषज्ञ जन स्वास्थ्य प्रशासन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के रूप में काम करती हैं)**

## आपकी बात

### निर्जला एकादशी रखने से धन, समृद्धि, दीघार्यु की प्राप्ति होती है


रूबी सिंह

***भाजपा*** नेता सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की धर्मपत्नी समाजसेवी रूबी सिंह रांची, रातू क्षेत्र के रिंग रोड सिमालिया स्थित अपने आवास पर अपने आसपास की सुहागिन महिलाएं के साथ निर्जला एकादशी पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर व्रत किया। इस अवसर पर समाजसेवी रूबी सिंह ने उपस्थित महिलाएं को एकादशी व्रत की महत्ता को बताया। कहा बहुत कम लोग जानते हैं कि एकादशी एक देवी थी जिनका जन्म भगवान विष्णु की शक्ति से हुआ था। एकादशी मार्गशीर्ष मास की कृष्ण एकादशी को प्रकट हुई थी। जिसके कारण एकादशी व्रत शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि ऐसा माना जाता है कि एक बार भगवान विष्णु विश्राम कर रहे थे और मुंडनव नामक राक्षस ने भगवान को युद्ध के लिए चुनौती दी। मुंड को वरदान था कि उसे कोई भी मनुष्य हरा नहीं सकता है। इसलिए भगवान नारायण ने अपने शरीर के ग्यारह आध्यात्मिक अंगों से उत्पन्न देवी योगमाया को बुलाया। जिन्होंने मुंड नामक असुर का वध किया। प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने योगमाया देवी को एकादशी की उपाधि दी। और घोषणा की कि वह पृथ्वी के सभी लोगों के पापों को नष्ट करने में सक्षम होगी। दूसरी ऐसी मान्यता है कि पांच पांडवों में भीमसेन ने स्वर्ग प्राप्ति के लिए इस एकादशी व्रत को किया था जिसके कारण इसे भीम एकादशी भी कहा जाता है। कहते हैं इस दिन बिना अन्न जल के 24 घंटे उपवास रखने से पूरे एक साल के एकादशी करने का फल प्राप्त होता है। इस एकादशी व्रत करने से धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति होती है। तथा दीघार्यु, अच्छे स्वास्थ्य, सुखद जीवन, धन, समृद्धि, सुख शांति की प्राप्ति होती है।

साहित्य

## नवजागरण के अग्रदूत का जरूरी है स्मरण


प्रो.संजय द्विवेदी

> **हिन्दी नवजागरण के अग्रदूत माधवराव सप्रे को याद करना उस परंपरा को याद करना है, जिसने देश में न सिर्फ भारतीयता की अलख जगाई वरन हिन्दी समाज को आंदोलित भी किया।**

***पंडित*** माधवराव सप्रे, हिन्दी पत्रकारिता और साहित्य में लगभग भुला दिए गए महानायक हैं। भारतबोध और भारतीयता के सबसे प्रखर प्रवक्ता स्प्रे हमारे स्व को जगाने वाले लेखक हैं। हिन्दी नवजागरण के अग्रदूत माधवराव सप्रे को याद करना उस परंपरा को याद करना है, जिसने देश में न सिर्फ भारतीयता की अलख जगाई वरन हिन्दी समाज को आंदोलित भी किया। उनके हिस्से इस बात का यश है कि उन्होंने मराठीभाषी होते हुए भी हिन्दी की निंरतर सेवा की। अपने लेखन, अनुवाद, संपादन और सामाजिक सक्रियता से समाज का प्रबोधन किया। 19 जून,1871 को मध्य प्रदेश के एक जिले दमोह के पथरिया में जन्मे सप्रे जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। आज के मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र तीन राज्य उनकी पत्रकारीय और साहित्यिक यात्रा के केंद्र रहे। छत्तीसगढ़ मित्र, हिन्दी केसरी के माध्यम से पत्रकारिता में किया गया उनका कार्य अविस्मरणीय है। उनकी देशज चेतना, भारत प्रेम, जनता के दर्द की गहरी समझ उन्हें बड़ा बनाती है। राष्ट्रोत्थान के लिए तिलक जी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान का लोकव्यापीकरण करते हुए वे एक ऐसे संचारक रूप में आते हैं, जिसने अपनी जिंदगी राष्ट्र को समर्पित कर दी। सप्रे जी की बहुमुखी प्रतिभा के बहुत सारे आयाम और भूमिकाएं थीं। वे हर भूमिका में पूर्ण थे। कहीं कोई अधूरापन नहीं, कच्चापन नहीं। सप्रे जी को लंबी आयु नहीं मिली। सिर्फ 54 साल जिए, किंतु जिस तरह उन्होंने अनेक सामाजिक संस्थाओं की स्थापना की, पत्र-पत्रिकाएं संपादित कीं, अनुवाद किया, अनेक नवयुवकों को प्रेरित कर देश के विविध क्षेत्रों में सक्रिय किया वह विलक्षण है। 26 वर्षों की उनकी पत्रकारिता और साहित्य सेवा ने मानक रचे। पंडित रविशंकर शुक्ल, सेठ गोविंददास, गांधीवादी चिंतक सुंदरलाल शर्मा, द्वारिका प्रसाद मिश्र, लक्ष्मीधर वाजपेयी, माखनलाल चतुर्वेदी, लल्ली प्रसाद पाण्डेय,मावली प्रसाद श्रीवास्तव सहित अनेक हिन्दी सेवियों को उन्होंने प्रेरित और प्रोत्साहित किया। जबलपुर की फिजाओं में आज भी यह बात गूंजती है कि इस शहर को संस्कारधानी बनाने में सप्रे जी ने एक अनुकूल वातावरण बनाया। जिसके चलते जबलपुर साहित्य, पत्रकारिता और संस्कृति का केंद्र बन सका।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**


बोधि वृक्ष

### क्यों सिद्ध कहलाता है कोकिला वन का शनिदेव मंदिर



भारत के उत्तर प्रदेश में मथुरा के पास कोसी कलां में प्रसिद्ध शनि देव मंदिर का मंदिर स्थित है जिसे कोकिलावन धाम कहा जाता है। यह मंदिर घने जंगलों में स्थित है। यही कारण है कि इसका नाम कोकिलावन है। द्वापरयुग में शनिदेव ने भगवान श्रीकृष्ण को प्रसन्न करने के लिए कड़ी तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर श्रीकृष्ण ने शनिदेव को कोयल के रूप में दर्शन दिए थे। श्रीकृष्ण ने कहा था कि नंदगांव से सटा कोकिला वन उनका वन है। जो व्यक्ति शनिदेव की पूजा और इस वन की परिक्रमा करेगा उसे मेरी और शनिदेव दोनों की ही कृपा प्राप्त होती है। यही कारण है कि कोकिलावन के शनिदेव मंदिर को सिद्ध मंदिर का दर्जा प्राप्त है। कोकिला धाम में श्री शनि देव मंदिर, श्री गोकुलेश्वर महादेव मंदिर, श्री गिरिराज मंदिर, श्री बाबा बनखंडी मंदिर, श्री देव बिहारी मंदिर प्रमुख हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

चाणक्य नीति
Bijendra Singh · 23 h ·
हम सबको इसकी आवाज उठानी चाहिए या नहीं




3.6k · 807 comments · 335 shares
Like · Comment · Send · Share

## X- से

Jitendra pratap singh
@jpsin1

मायावती ने सहारनपुर में एक मेडिकल कॉलेज बनवाया जिसका नाम उन्होंने कांशी राम मेडिकल कॉलेज रखा

फिर जब अखिलेश यादव सत्ता में आए तब उन्होंने कांशीराम मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर शेखुल हिंद मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज रख दिया

अब हर हिंदू का कर्तव्य है कि वह यूपी में कभी अखिलेश यादव को सत्ता में ना आने दे वरना आज अयोध्या के जिस मेडिकल कॉलेज का नाम राजा दशरथ मेडिकल कॉलेज रखा गया है या देवरिया के जिस मेडिकल कॉलेज का नाम महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज रखा गया है इन सभी हिंदू मनीषियों के नाम पर रखे गए मेडिकल कॉलेज का नाम अखिलेश यादव बदलकर किसी विदेशी आतताई मुगलो के नाम पर रख देगा

Translate post




Post your reply

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

## मंत्रिमंडल गठन ने तोड़े सारे भ्रम


ऋतुपर्ण दवे

***मोदी*** मंत्रिमंडल का गठन जरूर हो गया है लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी भरकम मंत्रिमंडल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एक बारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले ही सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश बाबू और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई। हम उम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने के लिए झुकना सबको अब भी हैरान कर रहा है। यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन के सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमंडल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। एक भी मुस्लिम मंत्रिमंडल में नहीं है। आजादी के बाद पहला मौका है जब मुसलमान को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली। भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं। अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से 'मोदी का परिवार' हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं? इसी बीच संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान को देखना होगा जिसमें उन्होंने मणिपुर में शांति बहाली नहीं होने पर चिंता व्यक्त जताई। यह बयान शायद भाजपा प्रमुख नड्डा के उस बयान का जवाब लगता है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा अब अपने पैरो पर खड़ी है। भागवत के बाद संघ के बड़े नेता इंद्रेश कुमार का बयान भी सुर्खियों में रहा जिसमें उन्होंने भी भाजपा की टॉप लीडरशिप पर निशाना साधा। हालांकि इस पर सफाई भी आई। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर हैं। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे भारत देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है। इसीलिए कभी लगता है कि मोदी के नेतृत्व की एनडीए सरकार बेहद मजबूत है तो कभी लगता है कि भाजपा और उसके अपने महत्वपूर्ण आनुषांगिक दल ही क्यों खफा हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## टेक वर्ल्ड

### नया पोर्टेबल एसी, किचन से लेकर कमरा कहीं भी फिट हो जाएगा



अगर आप नया एसी खरीदना चाहते हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। हम आपको बताएंगे कुछ एसी के ऐसे ऑप्शन बताने जा रहे हैं जिन्हें जानकार आप भी हैरान हो जाएंगे। देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में अगर आप एसी लगवाने की सोच रहे है तो हम आपको एक ऐसा नया एसी के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके काफी काम आएगा। अभी तक तो अपने Split या Window AC का नाम सुना होगा। लेकिन, हम जिस एसी के बारे में आज आपको बताने वाले हैं वो काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। क्योंकि इसे आप कहीं भी लगा सकते हैं।

**पोर्टेबल एसी :** टाटा ने पोर्टेबल एसी के नाम से इसे लॉन्च किया गया है। इसे आप टाटा की कंपनी क्रोमा पर भी आप इसे खरीद सकते हैं। 1.5 टन कैपेसिटी के साथ भी इसे खरीदा जा सकता है।

**जाने इसकी कीमत**

इस पोर्टेबल एसी की कीमत की बात करें तो यह क्रोमा का 1.5 टन पोर्टेबल एसी खरीदने के लिए आपको 43,990 रुपए खर्च करने होंगे। इसके साथ आपको कई बैंक डिस्काउंट भी मिल जाएगा।

**पोर्टेबल एसी की खासियत**

सबसे बड़ी इस एसी में खासियत है कि इसे फिट करवाने के लिए आपको दीवार में गड्ढे नही करवाने होते। कॉपर कंडेंसर के साथ आता है। यानी आपको कूलिंग भी काफी अच्छी मिलेगी। वहीं, इस एसी की नीचे पहिए लगे हुए है। यानी आपको इसे एक जगह से दूसरी जगह लेकर जाने में भी कोई परेशानी नहीं होती है। लेकिन दूसरी जगह लेकर जाने से पहले आपको इसके आउटडोर की सेटिंग देखनी होगी।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी सुरक्षा बढ़ाई गई

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मंगलवार को ईमेल से दी गयी। इसके बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। धमकी भरे ईमेल के मिलने की पुष्टि पटना एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने की है। धमकी देने वाले ने मेल के माध्यम से पटना समेत देश के 40 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी है। पटना एयरपोर्ट के निदेशक को दोपहर 01:10 बजे धमकी भरा ईमेल आया। इसके बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई। पटना पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम स्क्वॉड की टीम पटना एयरपोर्ट पर पहुंची और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु एयरपोर्ट परिसर में बरामद नहीं हुआ।

### बीआरएस की महिला नेताओं ने तिहाड़ जेल में की कविता से मुलाकात

**नई दिल्ली।** बीआरएस की नेता और पूर्व मंत्री पी. सबिता इंद्र रेड्डी और सत्यवती राठौड़ ने मंगलवार को दिल्ली की तिहाड़ जेल में बीआरएस एमएलसी के. कविता से मुलाकात की। मिलने वाली सभी नेता महिला हैं। कविता दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को मनी लॉन्ड्रिंग में कथित भूमिका के लिए इसी साल 15 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। आरोप हैं कि वह 'साउथ गैंग' का हिस्सा थीं, जिसने कथित तौर पर दिल्ली सरकार की शराब नीति को अपने बिजनेस के लिए बदल दिया और इसके लिए दिल्ली में आप सरकार को 100 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। शराब घोटाले की जांच कर रही सीबीआई ने उन्हें 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया, जब वह न्यायिक हिरासत में पहले से ही थीं।

# बिहार के अररिया में उद्घाटन के पहले गिरा 12 करोड़ का पुल

## भाजपा विधायक ने कहा, संवेदक और विभागीय लापरवाही का नतीजा

एजेंसी

**अररिया।** बिहार में अररिया जिले के सिकटी अन्तर्गत पड़रिया में बकरा नदी पर कुल 12 करोड़ की लागत से बन रहा पुल मंगलवार को बकरा नदी में समा गया।पुल का तीन से चार पाया नदी में समा गया। पुल के नदी में समाने को लेकर सांसद प्रदीप कुमार सिंह और सिकटी भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल ने इसे संवेदक और विभागीय लापरवाही का नतीजा करार दिया। सांसद और विधायक ने बताया कि पुल की पाइलिंग में गड़बड़ी बरतने के साथ रात में संवेदक के द्वारा गुणवत्ता विहीन काम करने का नतीजा है पुल का गिरना। सांसद ने मामले की जांच उच्च स्तरीय टीम के साथ कराने के साथ जिम्मेवार संवेदक और विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही।



1.पुल के ऊपर खड़े लोग 2. पुल का पिलर नदी में समाया 3.धाराशाही हुआ पुल।

पुल निगम के अधिकारी इस बाबत कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। सिकटी भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल ने संवेदक द्वारा रात के अंधेरे में पुल का निर्माण व पाइलिंग कार्य किये जाने की बात करते हुए कहा कि पुल का अगर पाइलिंग सही होता तो उसका तीन से चार पाया बकरा नदी के गर्भ में नहीं समाता। उन्होंने विभागीय अधिकारी व संवेदक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यहां तक कहा है कि तत्काल संवेदक व विभागीय कार्यपालक अभियंता व विभागीय अधिकारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाय। बकरा नदी पर पडरिया के पास बन रहा यह पुल जिले के सिकटी प्रखंड और कुसाकांटा प्रखंड को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण पुल था। शुरूआती दौर में यह 7 करोड़ 80 लाख की लागत का था,लेकिन बाद में नदी की धारा बदलने और एप्रोच सड़क को लेकर कुल 12 करोड़ की लागत का हो गया था। लेकिन पड़रिया पुल बनने से पहले ही अपने निर्माण के दौरान ही नदी के गर्भ में समा गया। जबकि वर्षों से स्थानीय लोगों की मांग पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह और विधायक विजय कुमार मंडल ने अथक प्रयास से यहां पुल बनना शुरू हुआ था। इतना ही नहीं जब यह पुल बनना शुरू हुआ तो पहली बार नदी का किनारा बाढ़ के कारण दूर हो गया। इसके बाद 12 करोड़ की लागत से नदी को किनारे तक को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण शुरू हुआ। लेकिन विभागीय लापरवाही व संवेदक की लापरवाही के कारण पुल बकरा नदी के गर्भ में समा गया। उल्लेखनीय है कि बकरा नदी व कुसाकांटा के बीच डोमरा बांध पर इस पुल का निर्माण हो रहा था।

## शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर श्रीनगर में होगा इस वर्ष योग दिवस का मुख्य आयोजन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस वर्ष 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य आयोजन शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में किया जाएगा। इस वर्ष की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' है। योग दिवस पिछले 10 वर्षों से लगातार 21 जून को दुनिया भर में मनाया जाता है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रतापराव जाधव ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सर्व सामन्य के साथ योग करेंगे। उन्होंने इस दौरान 'कॉमन योग प्रोटोकॉल 2024' और एक कॉमिक बुक 'प्रोफेसर आयुष्मान योग स्पेशल' का विमोचन किया। आयुष मंत्री ने बताया कि इस बार इसरो की मदद से अनूठी पहल की शुरूआत की जा रही है। इसे 'अंतरिक्ष के लिए योग' कहा गया है। इस पहल के तहत सभी इसरो वैज्ञानिक और अधिकारी व गगनयान परियोजना टीम के साथ सामान्य योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन करेंगे। जाधव ने बताया कि प्रधानमंत्री योग पुरस्कार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के विकास और प्रचार-प्रसार में अनुकरणीय योगदान को मान्यता देते हैं। भारतीय मूल की संस्थाओं को दो राष्ट्रीय पुरस्कार और भारतीय/विदेशी मूल की संस्थाओं को दो अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाएंगे। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की ओर से 'परिवार के साथ योग' वीडियो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।



### बांदीपोरा में ए श्रेणी का आतंकवादी उमर लोन मारा गया

**बांदीपोरा।** सेना ने मंगलवार को कहा कि 16 और 17 जून की मध्य रात्रि को सुरक्षा बलों द्वारा शुरू किए गए संयुक्त अभियान के दौरान बांदीपोरा के अरागाम इलाके में ए श्रेणी के आतंकवादी उमर लोन को मार गिराया है। बांदीपोरा में मंगलवार को मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए सेना कमांडर 3 सेक्टर- राष्ट्रीय राइफल्स विपुल त्यागी ने बताया कि शीर्ष रैंक कमांडर का खात्मा सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि बांदीपोरा जिले के अरागाम इलाके में आतंकवादी गतिविधियों के बारे में एक विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने के बाद भारतीय सेना, जम्मू और कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा संयुक्त रूप से ऑपरेशन चलाया गया था।

## ब्रीफ न्यूज

### रंगापानी रेल दुर्घटना : मौतों का आंकड़ा बढ़कर हुआ 11, घायल बच्ची ने तोड़ा दम



**सिलीगुड़ी।** रंगापानी रेल दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। मंगलवार को एक घायल बच्ची की मौत हो गई है। बच्ची का नाम स्नेहा मंडल है। सोमवार को रंगापानी में कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। घटना में 6 की मौत हो गई थत। जबकि 47 यात्री घायल हो गए थे। घायलों को उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं, सिलीगुड़ी से अपने परिजनों के साथ अपने घर मालदा लौट रही स्नेहा मंडल हादसे में घायल हो गई थी। बच्ची को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। आज सुबह इलाज के दौरान घायल बच्ची की मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संदीप सेनगुप्त ने कहा कि ट्रेन हादसे में कई घायलों को छुट्टी दे दी गई है। हालांकि, जो लोग भर्ती हैं उनकी हालत स्थिर है। वहीं, सुबह घायल एक बच्ची की मौत हो गई है। दुर्घटना में अब तक 11 लोगों की मौत हो गई है।

### आंध्र प्रदेश सरकार ने पवन कल्याण की सुरक्षा बढ़ा कर वाई प्लस की

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश सरकार ने जन सेना प्रमुख पवन कल्याण को डिप्टी सीएम का पदभार संभालने से पहले वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा आवंटित की है। वाई-प्लस सुरक्षा प्रदान करने के अलावा, सरकार ने पवन कल्याण के लिए बुलेटप्रूफ कार भी आवंटित की है। बुधवार को वह पंचायत राज, ग्रामीण विकास, पर्यावरण और वन मंत्री का पदभार ग्रहण करने वाले हैं, उससे पहले उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई। मंगलवार को पवन कल्याण गन्नावरम एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से सचिवालय के लिए रवाना हुए। वो अपने चैंबर का निरीक्षण करेंगे। विजयवाड़ा सिंचाई कैंप ऑफिस पवन कल्याण को उनके इस्तेमाल के लिए आवंटित किया गया है।

## फरीदाबाद में लू के चलते छह की मौत

**फरीदाबाद।** लू इस समय पूरे उत्तर भारत में कहर बरपा रही है। ऐसी स्थिति में अस्पताल में मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। हालात ऐसे हो गए हैं कि सिविल अस्पतालों में बेड की कमी के चलते एक बेड पर दो-दो मरीजों का इलाज किया जा रहा है। सरकारी अस्पताल के इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर मनीष दयाल के अनुसार लू के चलते करीब 6 लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं। इतने मामले सामने आने के बाद आम लोग दहशत में हैं। सिविल अस्पताल में मरने वालों के परिजनों को रोते बिलखते देखा गया। 43 वर्षीय मृतक प्रमोद शंकर के परिवार वालों ने बताया कि वह एक फैक्ट्री में काम करते थे। अचानक गर्मी से उनकी तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश होकर गिर पड़े। उनकी ऐसी हालत देख उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि कोई व्यक्ति बेसुध होकर गिर गया है। मौके पर उसके परिजन भी मौजूद थे।

## ओडिशा विस के नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ



**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने मंगलवार को शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर रणेंद्र प्रताप स्वैन ने सबसे पहले मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को शपथ दिलाई। बाद में दो डिप्टी सीएम - के.वी. सिंह देव और प्रवती परिदा ने शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर ने पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेडी के अध्यक्ष नवीन पटनायक को भी शपथ दिलाई। पटनायक अपने राजनीतिक जीवन में पहली बार विपक्ष की भूमिका निभाने जा रहे हैं। गौरतलब है कि सभी 147 नवनिर्वाचित विधायकों को 18 और 19 जून को शपथ लेनी है। स्पीकर का चुनाव 20 जून को होगा। अटकलें लगाई जा रही हैं कि वरिष्ठ भाजपा नेता सुरमा पाढ़ी को बीजेपी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार बना सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृषभ** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मिथुन** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**सिंह** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**तुला** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृश्चिक** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा।

**धनु** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे।

**मकर** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा।

**कुम्भ** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**मीन** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

## डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बन रहा भारत, एचएएल को मिला नया ऑर्डर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत की डिफेंस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को रक्षा मंत्रालय की ओर से 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर का ऑर्डर मिला है। नया ऑर्डर मिलने के साथ ही एचएएल के शेयर में 5 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखी जा रही है और दोपहर 12 बजे यह 5,470 रुपये पर था। एचएएल द्वारा रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा गया कि कंपनी को रक्षा मंत्रालय की ओर से 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरपीएफ) मिला है। 156 में से 90 हेलीकॉप्टर भारतीय सेना और 66 हेलीकॉप्टर भारतीय वायु सेना के लिए हैं। बता दें, आरपीएफ एक दस्तावेज होता है जिसमें किसी भी सरकार या कंपनी द्वारा अपनी आवश्यकताओं को बताया जाता है। इसमें सामान खरीदने के प्रोसेस, टाइमलाइन, नियम और शर्तों की जानकारी होती है। माना जा रहा है कि ये टेंडर 45,000 से 50,000 करोड़ रुपये का हो सकता है। 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर खरीदने का प्रस्ताव एचएएल को दिया जाना, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बनने की सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। नई सरकार बनने के बाद कार्यभार संभालते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा उद्देश्य देश की सुरक्षा को मजबूत करना है। साथ ही रक्षा जरूरतों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है।

## ओडिशा के बालेश्वर में गोहत्या के संदेह में दो समुदायों में झड़प के बाद भड़की हिंसा

### बेमियादी कर्फ्यू लगाया गया

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालेश्वर में गोहत्या के संदेह में दो समुदायों के बीच हुई झड़प के बाद भड़की हिंसा और आगजनी की घटनाओं के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया। यह फैसला सोमवार दोपहर से देररात तक हुए उपद्रव के बाद बिगड़े हालात के मद्देनजर लिया गया। प्रशासन ने शहर के सभी प्रवेश द्वारों को सील कर दिया है। अगले आदेश तक सभी दुकानें, बाजार, स्कूल और कॉलेज बंद रहने के आदेश दिए गए हैं। एसपी (बालेश्वर) सागरिका नाथ का कहना है कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे शहर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाया गया है। उन्होंने नागरिकों से घरों से बाहर न निकलने की अपील की। एक-दूसरे को मारने-काटने पर आमादा भीड़ ने गोलापोखरी, मोतीगंज और सिनेमा चौक में जमकर हिंसा की है। उपद्रवियों ने कई मोहल्लों में तांडव करते हुए घरों पर पथराव किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पूर्वी रेंज के आईजीपी डॉ. दीपक कुमार और एसपी सागरिका नाथ ने हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद प्रताप चंद्र षडंगी और बालेश्वर सदर विधायक मानस दत्त ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार दोपहर सुनहट मुख्य सड़क के किनारे नालियों का पानी लाल होता देख स्थानीय लोगों ने संदेह जताया कि यह गोवंश का रक्त है। स्थानीय लोगों ने यह देखकर नाराजगी जताई और विरोध किया। इससे दो समुदायों के कुछ लोगों के बीच तकरार के बाद टकराव की स्थिति उत्पन्न हुई।

### कैंसर से पत्नी की मौत, कुछ ही मिनट बाद आईपीएस अफसर ने कर ली आत्महत्या



**असम।** असम सरकार में गृह और राजनीतिक विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी शिलादित्य चेतिया की मंगलवार को कथित तौर पर आत्महत्या से मृत्यु हो गई। राज्य की पुलिस के अनुसार, अस्पताल में अपनी पत्नी की मौत के बारे में सुनते ही उसने यह कदम उठाया। उनकी पत्नी कैंसर से पीड़ित थीं। असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने जनता को अधिकारी की मौत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैंसर के कारण पत्नी की मौत के कुछ मिनट बाद ही उन्होंने आत्महत्या कर ली। डीजीपी सिंह ने कहा कि अधिकारी की दुखद मौत से पूरा असम पुलिस परिवार गहरे शोक में है। उन्होंने कहा कि घटनाओं के एक दुर्भाग्यपूर्ण मोड़ में, शिलादित्य चेतिया आईपीएस 2009 आरआर, सचिव गृह और असम की राजनीतिक सरकार ने आज शाम अपनी जान ले ली, उपस्थित चिकित्सक द्वारा उनकी पत्नी की मृत्यु की घोषणा करने के कुछ मिनट बाद, जो लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं। पूरा असम पुलिस परिवार गहरे शोक में है। 2009 के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी, शिलादित्य चेतिया, संभवतः अपनी पत्नी के कैंसर से संबंधित व्यक्तिगत मुद्दों से निपटने के लिए, पिछले चार महीनों से छुट्टी पर थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। असम सरकार में सचिव बनने से पहले, चेतिया ने राज्य के तिनसुकिया और सोनितपुर जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में कार्य किया था। पुलिस अभी भी उनकी मौत के पीछे की परिस्थितियों की जांच कर रही है

## पहल / आज नालंदा विवि के परिसर का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

# 815 साल का लंबा इंतजार होगा खत्म

एजेंसी




**नालंदा।** बिहार का नालंदा विश्वविद्यालय, प्राचीन शिक्षा का ऐसा केंद्र जिसको आक्रांताओं ने तबाह तो कर दिया था लेकिन, शिक्षा का यह केंद्र एक बार फिर से जनसेवा के लिए, शिक्षा के विश्वव्यापी प्रसार के लिए तैयार खड़ा है। 815 साल बाद नालंदा एक बार फिर से पूरी दुनिया में शिक्षा की अलख जगाने और इतिहास रचने के लिए उठ खड़ा हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजगीर और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय का दौरा होने वाला है।

इसको लेकर एसपीजी ने दोनों स्थलों पर अपनी कमान संभाल ली है। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले यहां की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में एसपीजी द्वारा उच्च अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक भी की गई। बैठक में सुरक्षा के हर पहलू पर विचार-विमर्श किया गया और कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कई आवश्यक निर्देश भी दिए गए। 19 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नालंदा विश्वविद्यालय के नेट जीरो परिसर का शुभारंभ करने वाले हैं, जो 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। साथ ही, प्रधानमंत्री प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष का अवलोकन भी करेंगे और नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण करेंगे।

कुलपति प्रोफेसर अभय कुमार सिंह ने बताया कि भारत को विश्व गुरु बनाने का जो हमारा लक्ष्य है, उसके प्रति यह एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना से नालंदा के गौरवशाली अतीत को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया है। इस परिसर में विगत सत्र में 26 देशों के बच्चे अध्ययन कर रहे थे, जिनमें उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका, दक्षिण एशिया, और मध्य एशिया के देशों के छात्र शामिल हैं। यह पवित्र भूमि है, शांति और ज्ञान की भूमि है।

### ये भी होंगे शामिल

प्रधानमंत्री के साथ भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नालंदा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अरविंद पनगढ़िया भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान नालंदा विश्वविद्यालय के स्थापना में अहम योगदान देने वाले कुल 17 देशों के राजदूत भी शामिल होंगे। नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे कई देशों के छात्र-छात्राएं भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

### पालघर में सड़क पर शख्स ने महिला को रिंच से पीटा, लोगों ने बनाया वीडियो



**पालघर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के वसई शहर की एक मुख्य सड़क पर एक व्यक्ति को रिंच से महिला को पीटते हुए देखा गया। उस दौरान कुछ लोग इसे देखते रहे और घटना का वीडियो बनाते रहे। पुलिस ने मंगलवार को ये जानकारी दी। वसई में गौरईपाड़ा में एक व्यस्त सड़क पर दिनदहाड़े हत्या की घटना मंगलवार सुबह हुई। व्यक्ति महिला के खून से लथपथ शव के पास बैठा रहा और कुछ बुदबुदाता रहा। सूचना मिलने पर वालिव पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंची, व्यक्ति को हिरासत में लिया और महिला के शव को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, शख्स की पहचान रोहित यादव (29) के रूप में हुई है और मृतका आरती जाधव (22) है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, नालासोपारा शहर के पास रहने वाले इस जोड़े के बीच पिछले दो साल से रिश्ता था, लेकिन रोहित को अचानक संदेह हुआ कि वह उसे धोखा दे रही है। फिर उनके बीच बहुत झगड़ा हुआ और रोहित ने चुपचाप उसके खिलाफ रंजिश पाल ली। मंगलवार सुबह (18 जून), वह वसई में एक निजी कंपनी में काम करने के लिए अपने घर से निकली। तभी जहां गुस्साए रोहित ने गौरीपाड़ा में उससे बात की और पूछा कि उसका किसके साथ रिश्ता चल रहा है। जब वह जाने लगी तो रोहित ने अपने हाथ में लिए लोहे के रिंच से उसके सिर पर बार-बार वार किया और उसे खून से लथपथ सड़क पर गिरा दिया। वह कुछ कदम आगे बढ़ा और फिर वापस आकर देखा कि वह जिंदा है या नहीं। जिंदा देख कर उसने पूरी ताकत से उसकी गर्दन पर वार किया और तब तक करता रहा, जब तक कि महिला की मौत नहीं हो गई। इसके बाद, वह सड़क पर उसके पास बैठ गया और कहने लगाः मेरे साथ ऐसा क्यों किया?



## आज के मैच

**यूएसए VS दक्षिण अफ्रीका**

समय : 06:00 बजे | स्थान : एंटीगा

## एक नजर

### वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान को 104 रन से हराया



**ग्रॉस आइसलेट।** निकोलस पूरन की शानदार 98 रनों की पारी और ओबेद मैकॉय के तीन विकेटों की बदौलत वेस्टइंडीज ने मंगलवार को (भारतीय समयानुसार) को डैरन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में अफगानिस्तान पर 104 रनों की शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने अजेय रहते हुए ग्रुप सी में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### चेन्नईयिन एफसी ने युवा फॉरवर्ड गुरकीरत सिंह के साथ किया दो साल का करार

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने आगामी 2024-25 सत्र के लिए अपने आठवें अनुबंध के रूप में प्रतिभाशाली युवा फॉरवर्ड गुरकीरत सिंह के साथ करार किया है। पंजाब के 20 वर्षीय खिलाड़ी को मैदान के बाईं ओर खेलने की क्षमता और हमले में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए जाना जाता है। वह दो साल के सौदे पर मुंबई सिटी एफसी से चेन्नईयिन में शामिल हुए हैं, वह 2026 तक क्लब में बने रहेंगे।

### फ्रांस के कप्तान एमबाप्पे की नाक टूटी

**डसेलडोर्फ।** यूरो 2024 के ग्रुप चरण में जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत करने के बावजूद, डिडिएर डेसचैम्प्स और उनकी फ्रांसीसी टीम चिंता में डूबी हुई है, क्योंकि उनके स्टार खिलाड़ी और कप्तान किलियन एमबाप्पे चोटिल होकर मैच से बाहर चले गए, जिससे संभावित रूप से आगामी खेलों में उनकी भागीदारी प्रभावित हो सकती है।

# दक्षिण अफ्रीका पर अजेय बढ़त बनाने उतरेगी भारतीय महिला टीम



समय : दोपहर 1.30 बजे

**एजेंसी। बेंगलुरु**

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित होगी। भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में हालांकि उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में लगातार खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई।

**143** रन से जीत दर्ज की थी भारत ने अपने पहले मैच में

कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल पा रहा है। पिछले 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही। इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। यह बाएं हाथ की बल्लेबाज अच्छी लय में है।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री, दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्रकार, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पुनिया।

**दक्षिण अफ्रीका :** लॉरा वोल्वाड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मिके डी रिडर, सिनालो जाफ्ता, मारिजाने काप, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज-मारी मार्ज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुकुने, नोंडुमिसो शंगासे, डेलमी टकर।

## रोहित को टीम इंडिया से सुपर 8 में विशेष प्रदर्शन की उम्मीद



**बारबाडोस।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी 20 विश्व कप में सुपर आठ चरण में अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम के सामूहिक प्रयास पर जोर दिया है ताकि भारतीय टीम टूर्नामेंट पर महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ सके। भारत ने ग्रुप चरण में अपराजित रहते हुए सुपर आठ में जगह बनायी है। भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया है जबकि कनाडा के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच बारिश के कारण रद्द रहा था। भारत ग्रुप ए में अपराजित रिकॉर्ड के साथ शीर्ष पर रहा। भारतीय टीम सुपर आठ के शुरूआती मुकाबले से पहले बारबाडोस पहुंची ताकि वह वहां मौसम से अभ्यस्त हो सके और अपनी तैयारियों पर ध्यान केंद्रित कर सके।

## विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा ने जीत के साथ की ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत



**बर्लिन।** विंबलडन चैंपियन माकेर्टा वोंद्रोसोवा ने अपने ग्रास कोर्ट सत्र की शुरूआत बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर रेबेका मसारोवा के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ की। पांचवीं वरीय वोंद्रोसोवा ने रेबेका को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वोंद्रोसोवा ने तीन बार रेबेका की सर्विस तोड़ी और फोरहैंड विनर लगाकर जीत हासिल की। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में भी स्पेन की इस खिलाड़ी को हराया था।

## यह भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक है : पीयूष चावला

**नई दिल्ली।** मौजूदा टी 20 विश्व कप में भारत के आलराउंड प्रदर्शन को चौतरफा सराहना मिल रही है और पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला ने मौजूदा गेंदबाजी आक्रमण को सर्वश्रेष्ठ में से एक बताया है। चावला ने जोर देकर कहा कि भारत का गेंदबाजी आक्रमण हाल के वर्षों में बदला है और विश्व स्तरीय बन गया है। अनुभवी गेंदबाज ने इसे एक महान गेंदबाजी इकाई बनाने के लिए स्पिनरों कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल के साथ-साथ जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या की तेज गेंदबाज चौकड़ी को श्रेय दिया।

## भारत 2025 में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की करेगा मेजबानी

**एफआईएच के अध्यक्ष तैय्यब इकराम:** खेल को अधिक अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है

**हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह:** हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है

**एजेंसी। लुसाने**



अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने अगले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के आयोजन की मेजबानी भारत को दी है। टूर्नामेंट दिसंबर 2025 में खेला जाएगा। यह पहली बार होगा जब हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी।

एफआईएच के अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने कहा, " बड़ी और अधिक विविध संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है। हमने इस साल ओमान में एफआईएच हॉकी5एस विश्व कप में देखा कि कैसे अधिक विविधता हमारे आयोजनों में एक बड़ा अतिरिक्त मूल्य लाती है। इसलिए, मुझे बहुत खुशी है कि हमने एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए भाग लेने वाली टीमों की संख्या में वृद्धि की है और मैं अगले साल इन 24 युवा टीमों को हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं! इस स्तर पर, मैं एक और शानदार कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं!"

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, हमें खुशी है कि एफआईएच ने हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए भारत को चुना। हम एफआईएच को अपना हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करना चाहते हैं। अध्यक्ष दातो तैय्यब इकराम ने हमें इस टूर्नामेंट की जिम्मेदारी सौंपी। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय हॉकी में भारत के बढ़ते महत्व को उजागर करता है और भावी पीढ़ियों के लिए खेल को विकसित करने के प्रति हमारे समर्पण को दशार्ता है।

## सीएसी ने गंभीर का इंटरव्यू लिया, भारतीय टीम के कोच के रूप में जल्द होगी घोषणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए साक्षात्कार लिया। यह साक्षात्कार जूम कॉल' पर हुआ जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। ADVERTISE बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, हां, गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। आज एक दौर की चर्चा हुई। कल एक और दौर होने की उम्मीद है।' माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है। सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं। मंगलवार शाम को शीर्ष परिषद की बैठक है और समझा जाता है कि सचिव जय शाह अंतिम घोषणा से पहले कोच चयन प्रक्रिया के बारे में सदस्यों को अवगत कराएंगे। सीएसी उत्तर क्षेत्र से चयनकर्ता पद के लिए कुछ इच्छुक उम्मीदवारों का साक्षात्कार भी ले रही है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज 42 वर्षीय गंभीर ने हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स को टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में आईपीएल ट्रॉफी दिलाई थी।

## पेरिस 2024 ओलंपिक से हटीं ओन्स जाबेउर

**बर्लिन।** विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और वर्ल्ड रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज ट्यूनीशिया की ओन्स जबेउर आगामी पेरिस ओलंपिक में हिस्सा नहीं लेंगी। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता सबालेंका ने सोमवार को मीडिया डे पर डब्ल्यूटीए के हवाले से कहा कि उन्होंने खुद की देखभाल करने और हार्ड-कोर्ट गर्मियों के लिए तैयारी करने का फैसला किया है।



उन्होंने कहा,खासकर पिछले कुछ महीनों में मैं जिन सभी संघर्षों से जूझ रही हूं, मुझे लगता है कि मुझे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। यह शेड्यूलिंग के लिए बहुत ज्यादा है और मैंने अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने का फैसला किया है। 1992 में बार्सिलोना के बाद पहली बार ओलंपिक टेनिस टूर्नामेंट क्ले पर आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों को उत्तरी अमेरिकी हार्ड कोर्ट पर लौटने से पहले ओलंपिक के लिए विंबलडन में घास से रोलांड गैरोस में क्ले पर जाना होगा। हार्ड कोर्ट गर्मियों में टोरंटो और सिनसिनाटी में लगातार डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट शामिल होंगे, इसके बाद साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम, यूएस ओपन होगा, जहां सबालेंका पिछले साल फाइनल में पहुंची थीं।

# झारखंड के हॉकी कोचों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

▸ **आपलोगों ने जो अनुभव प्राप्त किया, उससे अपने सेंटर में जाकर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करें : भोलानाथ सिंह**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हॉकी इंडिया,हॉकी झारखंड और खेल कूद एवंम युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के सयुक्त तत्वाधान में झारखंड के हॉकी प्रशिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का आज समापन किया गया।

16से 18 जून तक आयोजित इस कार्यशाला में दोरणाचार्य अवार्ड से सम्मान प्राप्त भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य प्रशिक्षक हरेंद्र सिंह ने झारखंड के प्रशिक्षकों सबसे पहले हॉल में प्रोजक्टर के मध्यम से थ्योरी क्लास कराया और बाद में खेल के मैदान में प्रेक्टिकल भी कराया।

उपस्थित सभी 73 कोचों को कई ग्रुप बनाकर सबसे एक दूसरे से चर्चा परिचर्चा भी कराया गया। आज अंतिम दिन हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के भोलानाथ सिंह कार्यशाला में शामिल सभी प्रशिक्षकों से मिले और कहा कि आपलोगों ने जो अनुभव प्राप्त किया उसे अपने-अपने सेंटर में जाकर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करे आने वाले दिनों में और भी आपलोगों के लिए कार्यशाला की जरूरत होगी तो इस तरह का कार्यशाला का आयोजन कराया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यशाला में झारखंड सरकार के आवासीय और डे बोर्डिंग सहित झारखंड के विभिन्न जिला में संचालित हॉकी सेंटरों के कुल 73 कोच शामिल रहे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### अजित कुमार केके धनलक्ष्मी बैंक के सीईओ और एमडी नियुक्त



**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक ने अजित कुमार केके को बैंक का प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वह 20 जून को अपना कार्यभार संभालेंगे। धनलक्ष्मी बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजार को सूचित किया कि उसने अजित कुमार केके को बैंक का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। बैंक ने बताया कि निदेशक मंडल ने आज हुई बैठक में अजित कुमार केके को 20 जून, 2024 से तीन साल के लिए बैंक का एमडी और सीईओ के रूप में नियुक्त करने को अपनी मंजूरी दी है। बैंक ने कहा कि कंपनी अधिनियम, 2013 और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रावधानों के अनुसार इस नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की मंजूरी ली जाएगी। गौरतलब है कि अजित कुमार एक अनुभवी बैंकर हैं, जिन्हें जिन्हें ऋण, मानव संसाधन, व्यवसाय, शाखा बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में फेडरल बैंक के साथ 36 साल से अधिक का अनुभव है। वह फिलहाल फेडरल बैंक में मुख्य मानव संसाधन अधिकारी हैं।

### फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने मार्च में इसके सात फीसदी रहने का अनुमान जताया था। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को जारी अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.2 फीसदी की मजबूत वृद्धि होगी। वहीं, एजेंसी ने वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए विकास दर क्रमशः 6.5 फीसदी और 6.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास दर के अपने अनुमान में संशोधन किया है।

### बिजली मंत्रालय ने गर्मी से बढ़ती मांग के बीच उत्पादन संयंत्रों को किया सतर्क

# बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट के स्तर को छू सकती है : मंत्रालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बिजली मंत्रालय ने मंगलवार को सभी उत्पादन संयंत्रों से बिजली की मांग बढ़ने से उच्च स्तर की मुस्तैदी को बनाए रखने को कहा है। मंत्रालय ने गर्मियों में बढ़ती मांग के दौरान पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कदम भी उठाया है।

बिजली मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि देश के उत्तरी क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण 17 मई, 2024 से बिजली की भारी मांग का सामना करना पड़ रहा है। मंत्रालय ने कहा कि उत्तरी क्षेत्र में 89 गीगावाट की अब तक की सबसे अधिक मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है।



मंत्रालय के मुताबिक उत्तरी क्षेत्र की बिजली जरूरत का 25-30 फीसदी पड़ोसी क्षेत्रों से लेकर पूरा किया गया। मंत्रालय ने अनुमान लगाया है कि इस मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट के स्तर को छू सकती है।

गौरतलब है कि उत्तरी क्षेत्र में भाषण गर्मी के चलते बिजली की मांग बढ़ रही है, जिससे मानसून आने के बाद ही राहत मिलने का अनुमान है।

### मसालों का निर्यात रिकॉर्ड 4.46 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय मसालों और उनके उत्पादों का निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर रिकॉर्ड 4.46 अरब डॉलर पर पहुंच गया। मसाला बोर्ड के हाल में जारी आंकड़ों से पता चला है कि निर्यात किये जाने वाले मसालों की मात्रा और कीमतों, खासकर लाल मिर्च, इलायची और हल्दी, में इस बढ़ोतरी के कारण निर्यात से प्राप्त आय बढ़ी है। इसमें बताया गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में देश से 15,39,692 टन मसालों का निर्यात हुआ था जिनकी कीमत 36,958.80 करोड़ रुपये (4.46 अरब डॉलर) है। लाल मिर्च का निर्यात रिकॉर्ड 1.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया जो वित्त वर्ष 2022-23 के 1.3 अरब डॉलर से 15 प्रतिशत अधिक है। यह देश के कुल मसाला निर्यात का 34 प्रतिशत है। इसकी सबसे ज्यादा मांग चीन और बांग्लादेश से आई। मात्रा के आधार पर भी लाल मिर्च का निर्यात 5.24 लाख टन से 15 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 6.01 लाख टन पर पहुंच गया।

### नेस्ले की मैगी के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना भारत

**नई दिल्ली।** पैकेज्ड फूड कंपनी नेस्ले के इंस्टैंट नूडल्स एवं सूप ब्रांड मैगी के लिए वैश्विक स्तर पर भारत सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि चॉकलेट वेफर ब्रांड किटकैट के लिए यह दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। नेस्ले इंडिया की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। नेस्ले इंडिया की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मैगी की छह अरब से ज्यादा सर्विंग्स बेचीं, जिससे भारत दुनियाभर में मैगी के लिए सबसे बड़ा नेस्ले बाजार बन गया। कंपनी ने किटकैट की 4,20 करोड़ फिंगर्स बेचीं हैं, जिसकी वहज से वह किटकैट के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी है। इसके अलावा भारतीय बाजार नेस्ले के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है। कंपनी के मुताबिक नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत अपनी बिक्री का विस्तार कर रही है। इसके तहत उसने 10 रुपये की किफायती कीमत पर ओट्स नूडल, कोरियन नूडल्स और अलग-अलग मसाले वाली मैगी एवं नूडल्स पेश किए हैं। नेस्ले इंडिया ने 31 मार्च, 2024 तक के पिछले 15 माह में 24,275.5 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की है। नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत लोकप्रिय इंस्टेंट नूडल्स और तैयार व्यंजन आदि बेचती है।



# अर्थव्यवस्था में तेजी का असर, दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत का एनबीएफसी सेक्टर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का नॉन-बैंकिंग फाइनेंसियल (एनबीएफसी) सेक्टर अब दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। फिलहाल यूएस और यूके का एनबीएफसी क्षेत्र क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर है। एसबीआई की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

एनबीएफसी केवल लोगों को लोन देने का कार्य करती है। इनके पास बैंकिंग लाइसेंस नहीं होता है। इस कारण ये जनता से जमा स्वीकार नहीं कर सकते। किसी भी देश के आर्थिक विकास में इनकी अहम भूमिका होती है।

बता दें, वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है, जो कि दुनिया में सबसे तेज है।

फाइनेंसियल सेक्टर के विकास पर एसबीआई की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले एक दशक में भारतीय बैंकिंग सिस्टम में लचीलापन देखने को मिला है। इस दौरान बैंकिंग सिस्टम को कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हालातों का सामना करना पड़ा। एसेट्स क्वालिटी में सुधार और मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण भारत का बैंकिंग सिस्टम अच्छी स्थिति में है।

रिपोर्ट में बताया गया कि भारत सरकार और रेगुलेटरी इकाइयों ने एक लेवल प्लेइंग फील्ड क्रिएट किया है। इसमें विलय के जरिए मजबूत बैंक बनाना, वित्तीय सेवाओं की पहुंच एवं गुणवत्ता बढ़ाना और डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है।

महामारी के दौरान भी सरकार ने पूंजी और लिक्विडिटी बफर के जरिए वित्तीय सेक्टर की स्थिरता को बनाए रखा। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि डिजिटल बैंकिंग की तरफ जोर दिए जाने के कारण सेक्टर की वृद्धि दर में इजाफा हुआ है। डिजिटल प्लेटफॉर्म आने के साथ वित्तीय सेवाओं को पहुंचाने में मदद मिली है।

### सरकार की पहल का असर, वैश्विक स्तर पर गूंज रहा 'मेड-इन-इंडिया' ब्रांड

**नई दिल्ली।** भारत सरकार लगातार घरेलू मैन्युफैक्चरिंग और मेड-इन-इंडिया पर जोर दे रही है। अब स्टील इंडस्ट्री में भी सरकार के इस प्रयासों का असर दिखने लगा है। जानकारी के मुताबिक 80 प्रतिशत से अधिक भारतीय स्टील उत्पादकों की ओर से अपने उत्पादों पर 'मेड-इन-इंडिया' लेवल का उपयोग किया जा रहा है। बाकी के इस महीने के अंत तक इस्तेमाल करना शुरू कर देंगे। पिछले वर्ष नवंबर में स्टील मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से एक इनिशिएटिव शुरू किया था, जिसमें ग्लोबल मार्केट में जाने वाले भारतीय स्टील उत्पादों पर 'मेड-इन-इंडिया' लेवल का उपयोग किया जाना था। इसका उद्देश्य भारतीय स्टील उत्पादों को खरीदारों के लिए आकर्षक बनाने के साथ प्रोडक्ट की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना था। बता दें, इस इनिशिएटिव को पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया था। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) की ओर से इसकी रूपरेखा तैयार की गई। स्टील मंत्रालय द्वारा इसका कार्यान्वयन शुरू किया गया।



### डॉ अनुराग बत्रा बने इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज के सदस्य

**नई दिल्ली।** एक्सचेंज4मीडिया के संस्थापक और बीडब्ल्यू बिजनेस वर्ल्ड के अध्यक्ष डॉ. अनुराग बत्रा को इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज (आईएटीएएस) के सदस्य के रूप में चुना गया है। वह अब आईएटीएएस के 60 से अधिक देशों के 900 से अधिक सदस्यों के समूह में शामिल हो गए हैं। यह आईएटीएएस टीवी और मीडिया उद्योगों के सबसे बड़े नामों का प्रतिनिधित्व करता है। आईएटीएएस एक अमेरिकी एनजीओ है, जिसमें दुनिया भर के तमाम मीडिया और मनोरंजन जगत से जुड़े प्रमुख लोग शामिल हैं। 1969 में स्थापित यह फिल्म संस्था 17 श्रेणियों में अंतर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कार भी प्रदान करती है।



### युवा कैंसर पीड़ितों को भविष्य में बना रहता है सभी प्रकार के कैंसर का खतरा

**नई दिल्ली।** एक शोध से यह बात सामने आई है कि कम उम्र में कैंसर की बीमारी से पीड़ित मरीज को भविष्य में हृदय रोग (सीवीडी) के साथ अन्य तरह के कैंसर का खतरा बना रहता है। द लैंसेट रीजनल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित शोध में 1958 के बाद से स्वीडन में 25 वर्ष से कम आयु के सभी लोगों का सर्वेक्षण किया गया, जो कैंसर के शिकार हुए थे। शोधकताओं ने पाया कि कैंसर से बच गए लोगों में भविष्य में कैंसर होने की संभावना लगभग तीन गुना अधिक थी। लिंकोपिंग विश्वविद्यालय में शोधकर्ता और नॉरकोपिंग में व्रिन्नेवी अस्पताल के कार्डियोलॉजी क्लिनिक में सलाहकार लैला हबर्ट ने कहा, यदि आपको बचपन या किशोरावस्था में कैंसर हुआ है, तो आपको भविष्य में लगभग सभी प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

## एक नजर

### जेंडर सीआरपी ने की समीक्षा बैठक

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीपीएम (जेएसएलपिएस)कार्यालय में बीपीएम दिपक कुमार की अध्यक्षता मे जेन्डर सीआरपी की समीक्षा बैठक की गई। बैठक मे कई महत्वपूर्ण बिषय पर चर्चा की गई, सभी समुह में बदलाव दीदी का चयन करना, ग्राम संगठन समन्वय समिति का गठन करना, बुजुर्ग समिति का गठन एवं बैंक मे उनका खाता खुलवाना, जेन्डर से संबंधित अन्य कई जानकारी. साथ ही घरेलु हिंसा, डायन प्रथा, बाल विवाह, व नशामुक्ति के संबंध मे चौपाल, बैठक, व रैली निकालकर जन-जागरूकता लाने के संबन्ध मे बिशेष चर्चा की गई व कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये. मौके पर नितेश कुमार पंत, अनिल उरांव, जी सीआरपी सीमा देवी, ममता देवी, खुशीलता देवी, रानी तिग्गा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में महिला की हुई मौत

**हरिहरगंज।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य मार्ग (एनएच 139) के सुल्तानी गांव के समीप फ्लाई ओवर पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक महिला कि ?मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। घटना सोमवार रात करीब नौ बजे की है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के पलामू जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। जो आस-पास के क्षेत्र में भटकते रहती थी। जो अज्ञात वाहन की चपेट में आ गयी। उधर पिपरा पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दी है। उधर पुलिस मृतका के पहचान करने का प्रयास कर रही है। मालूम हो कि एनएच 139 पर पिछले दिनों में सड़क हादसे में वृद्धि हुई है। जबकि समय-समय पर सरकार व विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाता है।

### बारात जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**गढ़वा।** मझिआंव थाना अंतर्गत खरसोता उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य पथ के पुलिया के समीप रविवार की देर रात जेसीबी मशीन एवं बाइक में जबरदस्त टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जेसीबी एवं बाइक दुर्घटना में मोरबे पंचायत के करकटा गांव रामजीत राम के पुत्र नन्दन कुमार उम्र 24 वर्ष, सुकुल राम के पुत्र रवि कुमार उम्र 25 वर्ष व बंशी राम के पुत्र गोपाल कुमार उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को निजी वाहन से मझिआंव रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल नंदन को गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# ग्रामीणों ने लगाया सरकारी डैम को अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में प्रचंड गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा कुआं तालाब जल नल योजना समेत कई निर्माण कार्य कराये गये है। ताकि लोगों को पानी की समस्या उत्पन्न ना हो। वही दुसरी और लातेहार सदर प्रखंड के आरागुंडी पंचायत के कोलेहरुवा ग्राम स्थित चेकडैम में सरकारी इंजीनियर की बुरी नजर लग गई है। उनके द्वारा चेक डैम में निजी तालाब और बाउंड्री किया जा रहा है, जिसके कारण डैम का पानी पुरी सुख गया है। आदमी तो आदमी जानवरों को भी पानी पीने के लिए तरसना पड़ रहा है, लेकिन इससे सरकारी बाबूओं को फर्क नहीं पड़ता है। वे सिर्फ जमीन कब्जा करने में लगे हैं। आपको बता दे कि 2 वर्ष पूर्व माइनिंग विभाग के द्वारा लाखों की लागत से डैम का जिन्नौद्धार कराया गया था। सरकारी बाबू देव सहाय उरांव के द्वारा दबंगई के जोर पर वहां से पत्थर हटाकर निजी बाउंड्री में उपयोग किया जा रहा है। उक्त बातें ग्रामीणों के द्वारा कहीं जा रही है। ग्रामीणों को मालूम हुआ कि डैम का अस्तित्व खत्म होने वाला है, तब सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने मौके पर जाकर इसका विरोध किया और निर्माण कार्य में रोक लगा दी।



**क्या कहते हैं मुखिया रवि उरांव**

मुखिया ने कहा कि जिस वक्त माइनिंग विभाग के द्वारा तालाब का जिर्णोद्धार निर्माण कराया जा रहा था उस वक्त क्यो नही रोका। आज सार्वजनिक डैम पर अपना कब्जा करने में लगे हैं। उनको पैसे की भूख और जमीन की भूख ईतनी बढ़ गई है कि वह अब डैम को भी नहीं छोड़ रहे हैं लेकिन हम ग्रामीण इसका विरोध करेंगे किसी भी हाल में अपने सार्वजनिक डैम को छीनने नहीं देंगे। आगे उन्होंने कहा कि इस डैम को हमारे पूर्वजों ने खून पसीना एक कर बनाया है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

ग्रामीणों का कहाना है कि पूर्वजों के द्वारा खून पसीना एक कर तालाब का खुदाई किया गया था। इस तालाब से पांच गांव के लोग जुड़े हुए हैं। कितनी भी गर्मी हो पर यहां का पानी कभी नहीं सूखता था। दुर्भाग्य की बात है कि गांव के ही रहने वाले ग्रामीण विकास विभाग के इंजीनियर देव सहाय उरांव को जमीन में बुरी नजर लग गई है। दबंगई के जोर पर अपना निजी तालाब बनाकर अवैध रूप से कब्जा करने में लगे हुए हैं। जिस डैम में 15 से 20 फीट पानी हुआ करता था। आज पूरी तरह सूख गया है। जिसके कारण आदमी तो आदमी हजारों जानवरो को भी पानी पीने के लिए तरसना पड़ रहा है लेकिन उनको इसे कोई मतलब नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि अगर उनका यही रवैया रहा तो हम लोग आंदोलन करेंगे।

**क्या कहते है ग्रामीण विकास विभाग के एक्जक्यूटिव इंजीनियर**

**इस संबंध में देव सहाय उरांव ने कहा कि यह बात सही है कि मेने चेकडैम में बाउंड्री का निर्माण किया है, लेकिन मेरी मंसा गलत नहीं है। ग्रामीणों को मुझसे बात करनी चाहिए थी, जिससे उनके सामने मैं अपना पक्ष रख सकूं।**

## न्यूज बॉक्स

### भीषण गर्मी में पीने के पानी की समस्या से परेशान हैं भेलवाटांड़ के ग्रामीण

**चंदवा।** इन दिनों प्रखंड क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से आम जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। गर्मी की वजह से नदी नाले तालाब सूखने के कगार पर पहुंच गए हैं कुछ जलस्रोत तो पूरी तरह से सुख भी चुके हैं। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बोदा पंचायत के भेलवाटांड़ के ग्रामीणों के समक्ष भी पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीण पानी के लिए दर दर भटकने को मजबूर है। उक्त टोले में बीस से पच्चीस घर है घरों में जलापूर्ति के लिए जल जीवन मिशन योजना के तहत लगभग आठ



माह पहले सोलर जल मीनार लगाया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि जब से सोलर जल मीनार लगा है उस समय से ही सही से पानी नहीं निकल रहा है। नल से एक बाल्टी पानी भरने में घंटो लग जाता हैं। ग्रामीण बताते हैं जल मीनार से कम पानी निकलने की शिकायत पेयजल आपूर्ति विभाग से कई बार की गई पर कोई सुनवाई नहीं हो पाई है। यहां के ग्रामीण बहुत मुश्किल से पीने की पानी की व्यवस्था कर पा रहे हैं। इस संबंध में जब पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से फोन पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जल्द ही जलमीनार को ठीक करवा दिया जायगा।

### हवन की पूणार्हुति के साथ होटवाग शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**लातेहार।** सदर प्रखंड लातेहार के होटवाग ग्राम में औरंगा नदी के किनारे स्थित शिव मंदिर का 17वां वार्षिकोत्सव पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 24 घंटे के अखंड कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही भंडारे का कार्यक्रम का आयोजित हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया हवन की पूणार्हुति के साथ वार्षिकोत्सव एवं अखंड कीर्तन कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पुलिस ने दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह पुलिस ने हथियार के बल पर डराने धमकाने के दर्ज प्राथमिकी के अनुसार दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है.इस संबंध में कुटमू निवासी पीतांबर सिंह ने बरवाडीह थाना में दिए अपने लिखित आवेदन में दो नामजद अभियुक्त द्वारा उसके घर में घुस कर आपसी रंजिश के कारण उसे जबरन घर से खींच कर हथियार के बल पर डराने धमकाने का आरोप लगाते हुई मामला दर्ज कराया था । मामले में संज्ञान लेते हुए बरवाडीह पुलिस ने कांड संख्या 49/17.6.24 सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तारी हेतु एक टीम गठित कर मामले में संलिप्त दोनों अभियुक्त को पकड़ा गया। जिसमें धीरेंद्र सिंह ग्राम मोरवाई कला एवम रोशन कुमार सिंह कल्याणपुर दोनो बरवाडीह थाना निवासी को गिरफ्तार किया गया।इस संबंध में बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त धीरेंद्र सिंह के निशानदेही पर एक अवैध देसी बंदूक भी बरामद भी किया गया।अवैध बंदूक बरामद होने पर आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 50/2024 भी दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि पूर्व आपसी रंजिश के कारण वह इसके घर में घुस कर डराने धमकाने का काम कर रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि इसी हथियार के बल पर अन्य लोगो को भी डराने धमकाने का काम करता था. दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तारी में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के अलावे राहुल सिन्हा, राजन अधिकारी, श्याम नारायण ओझा सभी पुअनि व बरवाडीह पुलिस के जवान शामिल थे।



# ग्रामीणों की शिकायतों को दूर किया जायेगा : डॉ रामेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड में जैसे जैसे विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, विधायक व मंत्रियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में दौरा शुरू कर दिया है। सूबे के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव भी अपना दौरा शुरू कर दिया है। शनिवार को उन्होंने पेशरार प्रखंड का दौरा किया और ग्रामीणों की शिकायतें सुनी। उन्होंने कहा कि शिकायतों को दूर किया जायेगा। झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनायें गांवों तक पहुंच रही है और उसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। डॉ उरांव ने पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत के मक्का ग्राम के बाजारटांड़ एवं सेंभुवा में सभा की। ग्रामीणों ने डॉ रामेश्वर उरांव के आगमन में उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड से वंचित को हरा राशन कार्ड से जोड़ा गया है। हरा राशन कार्ड बनने से लोगो को स्वास्थ की सुविधा मिलेगी। राशन कार्ड के माध्यम से 10 रुपया में धोती, लूंगी और साड़ी का वितरण किया जा रहा है। पीला कार्ड के माध्यम से चीनी देने का भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना का लाभ गरीबों को प्राथमिकता के साथ दिया जा रहा है। इससे पहले परिषद भवन में जिला एवं खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा को उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि नितिश जायसवाल, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधी पंकज तिवारी ,संजय दुबे, पेशरार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, 20सूत्री अध्यक्ष रविंदर सिंह, सामूल अंसारी, विशाल डुंगडुंग व दिनू महली समेंत कई लोग मौजूद थे।

# उग्रवादियों को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए डीसी ने पुलिस को दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उग्रवादियों के प्रत्यार्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत देय विभिन्न सुविधा की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़े जाने के उद्देश्य से सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए तथा परिवारों के सदस्य को आर्थिक सहायता प्रदान करने, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, एवं दैनिक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन व निराकरण के संबंध में विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तृत समीक्षा किया गया। बैठक में उपायुक्त ने आत्म समर्पण करने वाले उग्रवादियों की पूर्ण जानकारी लेते हुए उन्हें ओपन जेल में रखने को लेकर विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुरूप समिति द्वारा विचार विमर्श कर संबंधित पदाधिकारी को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में समिति के द्वारा प्रत्यार्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 5 आत्म समर्पण करने वाले उग्रवादियों को पुनर्वास पेकेज प्रदान करने का अनुशंसा किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, मंडल कारा अधीक्षक, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा उपस्थित थे।

# पार्टी की मजबूती को लेकर बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने की समीक्षा बैठक

*भाजपा पदाधिकारी ने भरोसा दिलाते हुए सभी को एक मंच पर सम्मान के साथ लाने की बात कही*



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के उंटारीरोड प्रखंड के सिरहा गांव में ऊंटारी रोड के जिला पार्षद अरविंद सिंह सह भाजपा नेता के आवास पर किया गया समीक्षा बैठक जिसका अध्यक्षता अलखनाथ पाण्डेय ने किया भारतीय जनता पार्टी के , प्रखंड, स्तरीय नेता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक की अध्यक्षता अलखनाथ पाण्डेय ने किया वहीं मंच का संचालन भाजपा नेता वेद प्रकाश शर्मा कर रहे थे, इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडे, प्रदेश कार्य समिति सदस्यभाजपा नेता सी एस दुबे विश्रामपुर जिला परिषद विजय रविदास, मुख्य रूप से उपस्थित थे, सभी उपस्थित नेताओं ने बीते लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक जीत बताते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं को शुभकामना दी, वही आने वाला विधानसभा चुनाव को लेकर गहन चिंतन मंथन करते हुए बारी-बारी से कार्यकताओं की समस्या से अवगत होते हुए, अपनी अपनी राय मांगा वही कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी राय देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं की सम्मान को ठेस पहुंचाने की बात कही, और बोला भाजपा कार्यकर्ता को बीते 10 वर्ष में अपेक्षित नजर से देखा गया, जिसे कार्यकर्ता में काफी असंतोष एवं निराशा व्याप्त है, उपस्थित भाजपा पदाधिकारी ने कार्यकर्ता को भरोसा दिलाते हुए सभी को एक मंच पर सम्मान के साथ लाने की बात कही और बोला भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता साधारण कार्यकर्ता नहीं होता हर दायित्व को पूर्ण रूप से निर्वहन करने की क्षमता होती है, साधारण से साधारण कार्यकर्ता पार्टी द्वारा चुने जाने पर विधायक बनने की क्षमता रखती है कार्यक्रम में उपस्थित, सुनील सिंह ,ओमप्रकाश गुप्ता, बिनोद तिवारी, सुनील कुमार पाण्डेय, राजेन्द्र विशकरर्मा उपेंद्र मेहता योगी सिंह, ओमप्रकाश मेहता, ददन सिंह अश्वनी सिंह, रवीन्द्रनाथ उपाध्याय, पुष्प रंजन , भरत दीक्षित, अखिलेश दीक्षित, सतोष पाण्डेय , अखिलेश विश्वकर्मा, बासुदेव मेहता ,पंकज केशरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### रजरप्पा धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित होगा : सीएम

**धार्मिक और पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं:** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों को विश्व के मानचित्र पर लाने के लिए हमें क्या कार्य करने की जरूरत है, इस पर एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए आगे बढ़ना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से कहा कि राज्य में धार्मिक, आध्यात्मिक सहित विभिन्न पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। इन बहुआयामी पर्यटन संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए इनका विकास होना बहुत ही आवश्यक है।

### करोड़ों रुपये खर्च के बाद भी ढंग से क्यों नहीं हुई सफाई

**स्कूलों एवं मंदिरों के आसपास बार-रेस्टोरेंट चलाने की अनुमति न दी जाए : हाई कोर्ट**

डीजे चलाने वाले युवक पर गोलाबारी से मौत की घटना को संज्ञान में लेते हुए रांची उपायुक्त, रांची एसएसपी और उत्पादन आयुक्त को कोर्ट में तलब किया। कोर्ट के आदेश के आलोक में यह तीनों अधिकारी कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। कोर्ट ने इस बात पर कड़ी नाराजगी जताई कि रात 12 के बाद भी रांची शहर के बार एवं रेस्टोरेंट खुले रहते हैं। कोर्ट ने मौखिक कहा कि संबंधित थाना के इंस्पेक्टर यदि इन बार एवं रेस्टोरेंट पर निगरानी रखते, तो बार में गोलीबारी की घटना नहीं होती। पुलिस को रात में बार एवं रेस्टोरेंट में लगातार गश्त लगाने की जरूरत है। इससे आपराधिक घटनाओं पर रोक लगेगी। कोर्ट ने कहा कि आज मोहल्लों के आसपास बार एवं रेस्टोरेंट खुल गए हैं, जिससे महिलाओं का घर से बाहर निकलना भी दूभर हो जाता है। मामले में कोर्ट ने नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो के अधिवक्ता से कहा कि सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से यह पता लगाने कि कोशिश करें कि झारखंड के किन-किन जिलों में अफीम की खेती हो रही है और संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक अफीम की खेती को नष्ट करने की कार्रवाई करें। कोर्ट ने रांची एसएसपी से कहा कि रांची शहर में ड्रग्स यथा अफीम, चरस, गांजा की रोकथाम पर अभियान चलाएं। कोर्ट ने मौखिक कहा कि यदि पुलिस चाहे तो ड्रग सप्लायर को आसानी से पकड़ सकती है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में रांची एसएसपी को ड्रग्स की रोकथाम में विफल रहने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी।

### 0.01 फीसदी भी खामी पाई गई, तो सख्ती से निपटेंगे

कोर्ट ने कहा कि एनटीए को जिम्मेदारी के साथ काम करना होगा, ताकि परीक्षार्थियों का विश्वास हासिल हो सके। दरअसल, नीट परीक्षा की विसंगतियों को लेकर 20 छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर 5 मई को हुई इस परीक्षा की जांच सीबीआई या किसी दूसरी स्वतंत्र एजेंसी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराए जाने की मांग की है। तन्मय शर्मा और अन्य की तरफ से दाखिल की गई याचिका में इस परीक्षा में 620 अंक से ज्यादा पाने वाले छात्रों की अकादमिक और फॉरेंसिक जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी या सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित की गई कमेटी से कराए जाने की मांग की गई है। याचिका में नीट की परीक्षा को दोबारा कराए जाने की मांग करते हुए केंद्र सरकार और इस परीक्षा को आयोजित करने वाली एजेंसियों को परीक्षा के दौरान पारदर्शिता बरतने, पेपर लीक न होने और परीक्षा के दौरान गलत तरीकों का इस्तेमाल भविष्य न हो, इसके लिए उचित कदम उठाए जाने का निर्देश देने की मांग की गई है।

### प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा फेंके जाने से नौडीहा बहेरा में तनाव

**पाकुड़ के गांव पर बंगाल के उपद्रवियों ने किया हमला:** दरअसल, बकरीद के दिन सोमवार को गोपीनाथपुर गांव में एक व्यक्ति ने सड़क के किनारे गोवंशीय पशु की कुर्बानी दी थी। इसका कई लोगों ने विरोध किया, तो दो समुदायों के लोगों के बीच मारपीट हो गई। पड़ोस के राज्य पश्चिम बंगाल के कृष्टोनगर के ग्रामीण भी विवाद में उलझ गए थे और दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ था। दोनों राज्यों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की थी। इसी विवाद को लेकर मंगलवार को दूसरी बार गोपीनाथपुर गांव पर कई बम फेंके गए और फायरिंग की गई। हमले से घबराए गोपीनाथपुर के ग्रामीण घरों को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने उपद्रवियों को काबू करने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद उत्पात नहीं थमा।

एसपी प्रभात कुमार ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश जारी है। पश्चिम बंगाल की पुलिस भी उपद्रवियों को खदेड़ने में जुटी है। पाकुड़ पुलिस का एक जवान घायल हुआ है। कुछ ग्रामीणों के भी घायल होने की बात कही जा रही है। हालांकि, इसकी पुलिस ने पुष्टि नहीं की है। एक घर में आग लगाई गई थी, जिसे बुझा दिया गया।

# पुलिस ने एनएच 98 पर जलाए गए हाईवा को हटाया, जाम से लोगों को दिलाई राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार/ पलामू।** नावाबाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित एनएच 98 मुख्य मार्ग पर पिछले दिनों हुए सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा हाईवा को जला दिया गया था। सड़क पर होने के कारण आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटे बड़े बहनों को आवाज करने में परेशानी होती थी। जिसके कारण हर रोज जाम की स्थिति बन जाती थी। जिसे देखते हुए नावाबाजार पुलिस के द्वारा मंगलवार को जले हुए हाईवे को सड़क से हटकर किनारे कर दिया गया। जले हुए हाईवा हटाने का कार्य नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार की तत्परता से हुई। इसके बाद सड़क पर आवागमन सामान्य हो गया। इस कार्य में खाना प्रभारी किंतु कुमार के साथ विपीन कुमार सहित सशस्त्र पुलिस बल के लोग शामिल थे। विदित हो कि 29 मई की रात एनएच 98 पड़वा-औरंगाबाद मुख्य पथ स्थित नावाबाजार साप्ताहिक बाजार बुधवार की रात लगभग 8 बजे हाईवा व मोटरसाइकिल की टक्कर हुई थी। जिसमें नावाबाजार निवासी 42 वर्षीय एनामुल खान गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे नावाबाजार थाना पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज को ले मेदिनीनगर स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया। घटना के बाद हाईवा चालक को स्थानीय लोगों के द्वारा पिटाई की गई थी। वहीं मौके का फायदा उठाकर चालक भागने में सफल रहा था। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार व अन्य पुलिस पदाधिकारी जमाकर्ता व हंगामा कर रहे लोगों को समझाते हुए आवागमन बहाल करने का हरसंभव प्रयास किया। इधर घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया था। सड़क के दोनों किनारे सैकड़ो गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी। आवागमन पूरी तरह ठप हो गया था। वहीं शरारती तत्वों के द्वारा ठोकर मारने वाली हाईवा गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया। इतना ही नहीं सड़क किनारे खड़ी कई अन्य गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया गया। इस बीच नावा बाजार पुलिस व स्थानीय लोगों के बीच वाद विवाद भी हुए। थाना प्रभारी चिंटू कुमार के द्वारा घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को देते हुए हाईवा में लगाई गई आग बुझाने को दमकल को बुलाया गया।



# पदाधिकारी की लापरवाही से बिजली की समस्या : बिट्टू पाठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू ।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में बिजली विभाग के ऋ्ट को पलामू की बिजली की समस्या को लेकर ज्ञापन सोपा गया। लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार है और झारखंड सरकार की प्राथमिकता है। उत्तम बिजली का व्यवस्था लोगों को मिले मगर पलामू जिला में पदाधिकारी के लापरवाही के कारण लोगों को इस भीष्म गर्मी में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से आम लोग परेशान हैं। जो बहुत दुखद है पदाधिकारी को समझना चाहिए इस भीष्म गर्मी से लोग हैं परेशान और उसे पर बिजली की आंख मिचौली बिजली कटौती आज में घी डालने का काम कर रही है। पलामू जिला में रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। एक दिन में 8 से 10 बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है। इस गर्मी में छोटे-छोटे बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। जीएम साहब को निम्नलिखित 10 मांगों पर ध्यान आकर्षित कर रहा हूं बरसात आने वाला है जल्द से जल्द समस्याओं को समाधान करें।मौके पर प्रदेश सचिव पूर्णिमा पांडे मिथिलेश सिंह गिरजा राम जितेंद्र कमलापुर अजय साहू सच्चिदानंद मिश्रा देवांग शुक्ला सौरव पांडे संतोष गुप्ता अनिल सिंह सुरेंद्र सिंह खुर्शीद आलम इत्यादि लोग उपस्थित थे।






## ब्रीफ न्यूज

### प्रधानमंत्री की 'मन की बात' 30 जून से, जनता से फिर मांगे सुझाव



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर खुशी जाहिर की है कि चुनाव के कारण थोड़े अंतराल के बाद फिर से आकाशवाणी पर ह्यमन की बात कार्यक्रम प्रसारित होने जा रहा है। उन्होंने लोगों से इस एपिसोड के लिए सुझाव मांगे हैं।ह्यमन की बात का 111वां एपिसोड 30 जून को प्रसारित होगा।प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से ह्यमन की बातह्ल के 111वें एपिसोड के लिए अपने विचारों और इनपुट को मायगोव ओपन फोरम, नमो एप पर लिखकर या 1800 11 7800 पर संदेश रिकॉर्ड करके साझा करने का आग्रह किया।

### कृषि व किसान का कल्याण पीएम, भाजपा व एनडीए सरकार की प्राथमिकता : शिवराज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में भाग लेने शहर में आए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई। दरबार में विधिवत दर्शन पूजन के बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी आज पहली बार काशी आ रहे हैं। प्रधानमंत्री करीब 20 हजार करोड़ किसानों के खाते में डालेंगे। कृषि और किसान का कल्याण पीएम, भाजपा और एनडीए सरकार की प्राथमिकता रही है।

### वाड्रा ने कहा- उनसे पहले प्रियंका वाड्रा संसद में हों, इसके बाद वे भी आएंगे

**नई दिल्ली।** वायनाड छोड़कर रायबरेली से सांसद बने रहने के राहुल गांधी के फैसले के बाद रिक्त हुए जगह से प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारने के लिए कांग्रेस की ओर से औपचारिक घोषणा हो चुकी है। ऐसे में अब राबर्ट वाड्रा भी संसद जाने के इच्छुक हैं। राबर्ट वाड्रा ने आज मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि वे चाहते हैं कि उनसे पहले प्रियंका गांधी वाड्रा संसद में हों। इसके बाद वे भी आएंगे। वे सही समय का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे खुशी है कि प्रियंका गांधी वायनाड से लड़ने जा रही हैं।

### राहुल ने वायनाड को धोखा दिया, इसे अपनी संपत्ति बनाना चाहते हैं : भाजपा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने मंगलवार को वायनाड सीट छोड़ने को लेकर राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वहां की जनता को धोखा दिया है। वह वायनाड को अपने परिवार की संपत्ति बनाना चाहते हैं।सोमवार को राहुल गांधी ने घोषणा की कि वह वायनाड सीट छोड़ रहे हैं। कांग्रेस ने उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा को इस सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया है।मुरलीधरन ने कहा, यह वायनाड के मतदाताओं के साथ सरासर धोखा है।

### हिमाचल की एक व प. बंगाल की दो विस सीटों के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने दो राज्यों में विधानसभा के होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।इस संबध में आज मंगलवार को कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की एक और पश्चिम बंगाल की दो विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी।कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश की देहरा सीट से कमलेश ठाकुर को टिकट दिया है। वहीं पश्चिम बंगाल की रायगढ़ सीट से मोहित सेन गुप्ता और बागड़ा से अशोक हालदार को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी इस सूची को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की संतुति के बाद जारी किया गया है।

## प्रधानमंत्री ने देशभर के 9.27 करोड़ किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की

# काशीवासियों के स्नेह से मुझे तीसरी बार देश के प्रधान सेवक बनने का मिला सौभाग्य

एजेंसी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार केन्द्र में सत्तारूढ़ होने पर मंगलवार को काशी की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से काशीवासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला। काशी के लोगों ने मुझे तीसरी बार प्रतिनिधि चुनकर धन्य कर दिया है। मैं आपका ऋणी हूं।

**देशभर के 9.27 करोड़ किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की :** केन्द्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के बाद अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आए प्रधानमंत्री सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के मेहंदीगंज में आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर के 9.27 करोड़ किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त 20 हजार करोड़ रुपये और स्वयंसहायता समूहों की 30 हजार महिलाओं को 'कृषि सखी' प्रमाणपत्र उपहार में दी।

**इस चुनाव में देश के 64 करोड़ लोगों ने वोट दिया:** इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चुनाव भारत के लोकतंत्र के सामर्थ्य को और यहां के विशालता को दिखाता है। इस चुनाव में देश के 64 करोड़ लोगों ने वोट दिया है। इससे बड़ा चुनाव और कहीं नहीं होता है। प्रधानमंत्री ने इटली के अपुलिया में जी-7 शिखर सम्मेलन का खासतौर पर जिक्र कर कहा कि जी-7 के सारे मतदाताओं को मिला दें तो भी भारत के वोटर की संख्या उनसे डेढ़ गुना अधिक है। यूरोप के तमाम देशों को जोड़ दें यूरोपीय यूनियन के सारे मतदाताओं को जोड़ दें तो भी भारत के वोटर की संख्या उनसे ढाई गुना ज्यादा है।

### स्वयंसहायता समूहों की 30 हजार महिलाओं को 'कृषि सखी' प्रमाण-पत्र दिया



**700** करोड़ रुपये जमा हुए वाराणसी जिले के किसानों के खाते में

**3.15** लाख करोड़ जमा हो चुके हैं देश के करोड़ों किसान परिवारों के बैंक खाते में

### नमो ड्रोन दीदी की तरह ही 'कृषि सखी' कार्यक्रम को सराहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'नमो ड्रोन दीदी' की तरह ही 'कृषि सखी' कार्यक्रम ऐसा ही एक प्रयास है। हमने आशा कार्यकताओं के रूप में बहनों का काम देखा है। हमने बैंक सखियों के रूप में डिजिटल इंडिया बनाने में बहनों की भूमिका देखी है। अब हम कृषि सखी के रूप में खेती को नई ताकत मिलती देखेंगे। आज 30 हजार से अधिक सहायता समूहों को कृषि सखी के रूप में प्रमाणपत्र दिए गए हैं। अभी 12 राज्यों में ये योजना शुरू हुई है। आने वाले समय में पूरे देश में हजारों समूहों को इससे जोड़ा जाएगा। ये अभियान 3 करोड़ लखपति दीदीयां बनाने में भी मदद करेगा। इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी का मेहंदीगंज जनसभा स्थल पर शंखनाद व हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच किसानों और भाजपा कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान,प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में तीन किसानों ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किया।

**अब हमें ग्लोबल मार्केट में देश को नई ऊंचाई पर ले जाना है:** उन्होंने कहा कि किसान आत्मनिर्भर बन रहा है और कृषि निर्यात में अग्रणी बना है। वाराणसी का जिक्र कर प्रधानमंत्री ने कहा कि लंगड़ा आम, जौनपुर की मूली, गाजीपुर की भिंडी। ऐसे अनेक उत्पाद आज विदेशी मार्केट में पहुंच रहे हैं। 'वन जिला वन प्रोडक्ट' और जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब बनने से एक्सपर्ट बढ़ रहा है और उत्पादन भी एक्सपोर्ट क्वालिटी का होने लगा। अब हमें ग्लोबल मार्केट में देश को नई ऊंचाई पर ले जाना है।

### देश ने अभूतपूर्व जनादेश देकर बनाया है इतिहास

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने इस बार अभूतपूर्व जनादेश दिया है। इसने एक इतिहास बनाया है। देश के लोकतांत्रिक देशों में कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार तीसरी बार वापसी करे। इस बार भारत की जनता ने यह भी करके दिखाया है। 60 साल पहले भारत में हुआ था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने यह सौभाग्य हमें दिया है। अपने सेवक मोदी को दिया है। अगर दस साल बाद देश की जनता किसी को जनादेश देती है तो यह बहुत बड़ा विश्वास है। यहीं विश्वास मेरी पूंजी है।

## आंध्र में एमएलसी की दो सीटों के लिए उपचुनाव 12 जुलाई को

एजेंसी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश विधान परिषद की दो सीटों के लिए उपचुनाव 12 जुलाई को होंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। सी. रामचंद्रैया की अयोग्यता और शेख मोहम्मद इकबाल के इस्तीफे के कारण खाली सीटों को भरने के लिए उपचुनाव होगा। 2021 में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के टिकट पर एमएलसी चुने गए रामचंद्रैया को इस साल मार्च में तब अयोग्य घोषित कर दिया गया, जब वे तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) में शामिल हो गए। इकबाल ने एमएलसी के पद से इस्तीफा दे दिया था और अप्रैल में वाईएसआरसीपी छोड़ टीडीपी में शामिल हो गए थे।

दोनों का कार्यकाल 29 मार्च 2027 तक था। चुनाव आयोग 25 जून को उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी करेगा। नामांकन 2 जुलाई तक किए जा सकेंगे, जबकि नामांकन की जांच 3 जुलाई को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 5 जुलाई है। मतदान 12 जुलाई को होगा और उसी दिन मतगणना होगी। 175 सदस्यीय विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की संख्या को देखते हुए, दोनों सीटों पर उसका जीतना तय है। हाल के विधानसभा चुनावों में एनडीए को 164 सीटें मिली थीं। अकेले टीडीपी ने 135 सीटें जीती थीं।




*नामांकन 2 जुलाई तक किए जा सकेंगे, जबकि नामांकन की जांच 3 जुलाई को होगी*

## पीएम मोदी की श्रीनगर यात्रा को ले कड़ी सुरक्षा

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 20 जून को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में होने वाली यात्रा के लिए उच्चतम स्तर की सुरक्षा तैयारियां और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री 20 जून की शाम को श्रीनगर पहुंचेंगे और अगले दिन श्रीनगर में डल झील के किनारे शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में 18वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेंगे। उनके साथ 6,000 से ज्यादा अन्य प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। तीसरे कार्यकाल के लिए देश के प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी की जम्मू-कश्मीर की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए तैनात एसपीजी की टीमें पांच दिन पहले ही यहां पहुंच गई थीं, ताकि जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा कर्मचारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था का समन्वय किया जा सके।

## इटली के पास जहाज डूबने से 11 की मौत, 60 से ज्यादा लापता

एजेंसी

**रोम।** इटली के पास समुद्र में दो जहाज डूब गए, जिसमें कम से कम 11 प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि 66 अन्य लापता हैं। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवासी नावों में कुछ खराबी आने के कुछ घंटों बाद सोमवार देर रात तक भूमध्य सागर में इटली के कोस्ट गार्ड ने खोज और बचाव अभियान जारी रखा। दक्षिणी इटली में कैलाब्रिया के तट से लगभग 120 मील (193 किमी) दूर संकट में फंसी नाव को देखकर एक मर्चेंट शिप ने सबसे पहले एसओएस कॉल किया, जिसके बाद बचाव अभियान चलाया गया। मर्चेंट शिप ने 12 लोगों को बचाया और इटली के कोस्ट गार्ड जहाज के आने तक उनकी सहायता की। कोस्ट गार्ड के अनुसार, एक महिला की जहाज से उतरने के तुरंत बाद मौत हो गई, वो बहुत बीमार थी। कोस्ट गार्ड ने एक बयान में कहा, तनाव के डूबने के बाद बचे लोगों की तलाश जारी है। कोस्ट गार्ड ने बताया कि दो इतालवी गश्ती नौकाएं और एक एटीआर42 विमान खोज में शामिल हैं और जल्द ही मेडिकल टीमों के साथ एक और गश्ती जहाज खोज अभियान में शामिल हो जाएगा। सोमवार देर शाम तक कोई और जीवित नहीं मिला। स्थानीय मीडिया के अनुसार, जिन 66 लोगों के मरने की आशंका है, उनमें 26 नाबालिग हैं।

जीवित बचे लोगों के बयान के अनुसार, यह नाव पिछले सप्ताह तुर्की से रवाना हुई थी, जिसमें इराक, सीरिया, ईरान और अफगानिस्तान से प्रवासी और शरणार्थी सवार थे। इतालवी अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। नाव भूमध्य सागर के रास्ते यूरोप पहुंचने की कोशिश कर रही थी। इससे पहले एक घटना में, जर्मन सहायता समूह रेस्कशिप के साथ एक बचाव जहाज ने 10 प्रवासियों को मृत पाया था और इटली के सबसे दक्षिणी द्वीप लैम्पेडुसा से दूर माल्टा के पास संकट में फंसी एक नाव पर सवार 51 अन्य लोगों को बचाने में कामयाब रहा।



*कोस्ट गार्ड ने बताया कि दो इतालवी गश्ती नौकाएं और एक एटीआर42 विमान खोज में शामिल हैं*

## विरोध / नीट एग्जाम में गड़बड़ी को लेकर देशभर में प्रदर्शन किया जा रहा है

# नीट पेपर लीक मामले को लेकर जंतर मंतर पर 'आप' का प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीट एग्जाम में पेपर लीक मामले को लेकर देशभर के अलग-अलग राज्यों में मंगलवार को प्रदर्शन किया जा रहा है। दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी ने जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट के पेपर लीक का मुद्दा लगातार गमार्ता जा रहा है। देशभर के छात्र इसके खिलाफ सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी की मांग है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नीट एग्जाम को कैंसिल कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग भी जोर पकड़ रही है। इसको लेकर एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में भी दायर की गई है। इस बीच दिल्ली सहित पूरे देश में आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि यह देश के भविष्य के खिलाफ बड़ा षड्यंत्र है। केंद्र सरकार की एनटीए ने देश के बच्चों के साथ धोखा किया है। बच्चों के सपने और भविष्य के साथ धोखा किया गया है।




### लोगों ने कहा, अपराधियों को मिले उम्रकैद की सजा

नीट पेपर लीक मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के बैनर तले मंगलवार को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी आप नेताओं ने पेपर लीक करने में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब तक इस मामले में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बीते दिनों इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बयान जारी कर सुधारात्मक कदम उठाने पर बल दिया था। आरोप है कि पेपर लीक कराने से पहले अभ्यर्थियों से 30 से 40 लाख रुपए लिए गए।

### नीट में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ : राहुल

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सवाल उठाए हैं। मंगलवार को राहुल गांधी ने कहा कि बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं। नीट में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं।

## सातवां ऑस्ट्रेलिया-चीन सीईओ गोलमेज सम्मेलन आयोजित

एजेंसी

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने मंगलवार की सुबह ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ सातवें ऑस्ट्रेलिया-चीन सीईओ गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया और भाषण दिया। दोनों देशों के व्यापारिक प्रतिनिधियों के भाषण सुनने के बाद ली छ्यांग ने कहा कि चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच कूटनीतिक संबंधों की स्थापना के बाद पिछले 52 सालों के इतिहास को देखते हुए अगर दोनों पक्ष एक-दूसरे की राष्ट्रीय स्थिति, व्यवस्था और मूल हितों का सम्मान करें, तो आपसी विश्वास का आधार मजबूत होगा। अगर खुलकर बातचीत करें, एक-दूसरे के प्रति सहनशीलता रखें और समझें, तो अंतर्विरोधों और मतभेदों का उचित निपटारा किया जा सकता है। अगर खुलेपन और सहयोग कायम रहें, तो आपसी लाभ और समान जीत वाली ज्यादा उपलब्धियां मिलेंगी। हमें चीन-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की जरूरत है। ली छ्यांग ने यह भी कहा कि चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक व व्यापारिक सहयोग को द्विपक्षीय चतुमुर्खी रणनीतिक साझेदारी में रखकर देखना होगा।

